नई दिल्ली
शुक्रवार 9 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 267
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 16
न्यून. 06

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## बिटकॉइन 2% से ज्यादा गिरी
## क्रिप्टो मार्केट क्रैश... 24 घंटे में 6.30 लाख करोड़ स्वाह हो गए

वेनेजुएला इफेक्ट भी क्रिप्टो मार्केट पर पड़ा

**नई दिल्ली।** गुरुवार का दिन निवेशकों के लिए बड़ी मुसीबत लेकर आया। शेयर मार्केट से लेकर क्रिप्टो मार्केट तक क्रैश हो गए। क्रिप्टोकरेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 24 घंटे में दो फीसदी से ज्यादा गिरकर 3.09 ट्रिलियन डॉलर रह गया। बिटकॉइन शेष पेज 5 पर






मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड

# एआई मॉडल पर पीएम मोदी ने दिया एआई स्टार्टअप्स को गुरुमंत्र, अगले महीने है समिट

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर भारतीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप्स के साथ एक अहम राउंडटेबल बैठक की। यह बैठक अगले महीने भारत में आयोजित होने जा रहे इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 से पहले हुई, जिसमें समिट के फाउंडेशन मॉडल पिलर के तहत चयनित 12 भारतीय एआई स्टार्टअप्स ने भाग लिया और अपनी अपनी क्रिएटिविटी का प्रेजेंटेशन दिया।

बैठक में शामिल स्टार्टअप्स भारतीय भाषाओं पर आधारित फाउंडेशन मॉडल, मल्टी-लिंगुअल लार्ज लैंग्वेज मॉडल, स्पीच-टू-टेक्स्ट, टेक्स्ट-टू-ऑडियो और टेक्स्ट-टू-वीडियो तकनीक, ई-कॉमर्स व मार्केटिंग के लिए जनरेटिव एआई आधारित 3-डी कंटेंट, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, मटीरियल रिसर्च, उन्नत डेटा एनालिटिक्स, हेल्थकेयर डायग्नोस्टिक्स और मेडिकल रिसर्च जैसे विविध क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं।

एआई स्टार्टअप्स के प्रतिनिधियों ने भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने एआई सेक्टर की तेज़ी से हो रही वृद्धि और इसके उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई नवाचार और इसके अनुप्रयोगों का वैश्विक केंद्र अब भारत की ओर स्थानांतरित होता दिख रहा है। स्टार्ट-अप नेताओं ने कहा कि भारत आज एआई विकास के लिए एक सक्षम और अनुकूल वातावरण प्रदान कर रहा है, जिससे देश वैश्विक एआई मानचित्र पर मजबूती से उभर रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक के दौरान समाज में परिवर्तन लाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अहम भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अगले महीने होने वाला समिट तकनीकी क्षेत्र में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को और मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत एआई के माध्यम से परिवर्तन लाने और इसके प्रभावी उपयोग के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप्स और एआई उद्यमियों को भारत के भविष्य का सह-शिल्पकार बताते हुए कहा कि देश में नवाचार के साथ-साथ बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन की अपार क्षमता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को दुनिया के सामने एक ऐसा विशिष्ट एआई मॉडल प्रस्तुत करना चाहिए, जो "मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड" की भावना को प्रतिबिंबित करे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया का भारत पर भरोसा ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि भारतीय एआई मॉडल नैतिक, निष्पक्ष, पारदर्शी और डेटा गोपनीयता के सिद्धांतों पर आधारित हों। उन्होंने स्टार्टअप्स से वैश्विक नेतृत्व की दिशा में काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत सस्ती, समावेशी और फ्रूगल इनोवेशन आधारित एआई को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दे सकता है। शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जस्टिस वर्मा केस में सुनवाई पूरी



**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम कदम उठाते हुए संसदीय जांच समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### एयर इंडिया के बेड़े में शामिल हुआ ड्रीमलाइनर



**नई दिल्ली।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने पहली बार 'लाइन फिट' बोइंग 787-9 विमान की आपूर्ति हासिल की है। यह आठ साल से अधिक समय में विमानन कंपनी के बेड़े में शामिल होने वाला पहला 'ड्रीमलाइनर' है।

*रिपब्लिकन सांसद लिंडसे ग्राहम के साथ हुई बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दी 'द्विदलीय रूस प्रतिबंध विधेयक-2025' को हरी झंडी।*

# अब भारत पर '50' से सीधे '500' फीसदी टैरिफ लगाने पर आमादा डोनाल्ड ट्रंप!

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पहले से 50 फीसदी टैरिफ की मार झेल रहे भारत के लिए आने वाला समय और अधिक मुश्किलों से भरा हो सकता है। क्योंकि अब अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ते दाम पर तेल खरीदने वाले भारत समेत दुनिया के अन्य देशों को बेहद कड़े अंदाज में सजा देने के लिए सीधे '500 फीसदी' तक टैरिफ लगाने का मन बना लिया है। बीते बुधवार को उन्होंने अपनी रिपब्लिकन पार्टी के सांसद लिंडसे ग्राहम के साथ हुई एक बैठक में टैरिफ को 500 फीसदी तक करने से जुड़े 'द्विदलीय रूस प्रतिबंध विधेयक-2025' को हरी झंडी प्रदान कर दी है। अगले सप्ताह अमेरिकी संसद में विधेयक पर मतदान हो सकता है। दरअसल, लिंडसे ग्राहम ही वो अमेरिकी नेता हैं, जिन्होंने इस विधेयक को सांसद ब्लूमेंथल और कई अन्य लोगों के साथ महीनों की मेहनत के साथ तैयार किया है। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई अपनी बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह जानकारी दी है।

**नए साल पर ट्रंप ने दे दिया था संकेत :** गौरतलब है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए साल-2026 के मौके पर शेष पेज 5 पर



### भारत पर पिछले साल लगाया 50% टैरिफ

अमेरिका ने रूस से चल रही तेल खरीद पर नाराज होकर पिछले साल 2025 में पहले भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया था। लेकिन बाद में इसमें तेल खरीदने को लेकर लगाई गई 25 फीसदी दंडात्मक राशि को भी शामिल कर लिया गया। जिसके साथ वाशिंगटन डीसी द्वारा नई दिल्ली पर लगाया गया कुल टैरिफ 50 फीसदी पर पहुंच गया। जो दुनियाभर में अमेरिका की शेष पेज 5 पर

### यूक्रेन में रुकेगा पुतिन का रक्तपात: ग्राहम

लिंडसे ग्राहम ने कहा कि 7 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ हुई एक उत्पादक बैठक में उन्होंने इस द्विदलीय रूस प्रतिबंध विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिस पर मैं, सांसद ब्लूमेंथल और कई अन्य लोगों के साथ महीनों से काम कर रहा था। अमेरिकी सांसद ने इसे लेकर एक्स पर एक पोस्ट भी की है। जिसमें उन्होंने कहा कि ये सही समय पर उठाया गया सही सही कदम होगा। क्योंकि यूक्रेन शांति के लिए रियायतें दे रहा है। जबकि इसके उलट पुतिन केवल अपनी बातों के साथ निर्दोष लोगों को मारना जारी रखे हुए हैं। यह विधेयक उन देशों को सजा देने की अनुमति देगा। जो पुतिन की युद्ध की मशीन को वित्तीय मदद देने यानी ईंधन प्रदान कर सस्ते में उससे तेल की खरीद कर रहे हैं। ग्राहम के मुताबिक, ये विधेयक राष्ट्रपति ट्रंप को भारत, ब्राजील और चीन जैसे देशों के विरुद्ध शेष पेज 5 पर

### पूरी होंगी घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरतें

वहीं, अमेरिका के टैरिफ पर नाखुशी जताते हुए भारत पहले ही इसे अनुचित और अविवेकपूर्ण बता चुका है। विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा था कि भारत का तेल खरीद का निर्णय पूरी तरह से घरेलू उपभोक्ताओं की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति पर आधारित है। जिसमें नई दिल्ली खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य और वैश्विक बाजारों की स्थिति का आकलन भी करती है। इसके अलावा अमेरिका को आईना दिखाते हुए मंत्रालय ने बयान में ये भी कहा था कि एक ऐसे समय में जब खुद अमेरिका, रूस के साथ अपना व्यापार जारी रखे हुए है। तो उसे भारत द्वारा ऐसा किए जाने में परेशानी क्यों है? विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर भी ये साफ कर चुके हैं कि एशिया में भारत नहीं बल्कि चीन वो देश है जो मौजूदा दौर में रूस से सबसे ज्यादा तेल की खरीद कर रहा है। लेकिन अमेरिका ने उस पर 30 और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। बीते वक्त में भारत की रूस से तेल खरीद में कमी देखने को मिली है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, 2024-25 भारत ने रूस से 50 बिलियन डॉलर का तेल खरीद था। जिसमें वर्तमान वित्त वर्ष में 10 फीसदी की कमी की गई है।

ऑफिस व घर पर मनी लांड्रिंग मामले में ईडी का छापा, सीएम ममता ने कार्रवाई पर उठाए सवाल

# छापेमारी के दौरान ममता उठा ले गईं फाइल, ईडी कोर्ट पहुंचा

आई-पीएसी के मालिक प्रतीक जैन तृणमूल कांग्रेस के आईटी विभाग के हेड

एजेंसी ⏭ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कोलकाता और विधाननगर में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में सॉल्ट लेक स्थित पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पीएसी का कार्यालय, लाउडन स्ट्रीट स्थित डायरेक्टर प्रतीक जैन का आवास और बुर्राबाजार के पोस्टा में एक बिजनेसमैन का कार्यालय शामिल है। यह छापेमारी मनी लांड्रिंग मामले के सिलसिले में की गई। छापेमारी के दौरान केंद्रीय एजेंसी ने प्रतीक जैन से पूछताछ भी की है। इधर, सूचना मिलते ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी प्रतीक जैन के घर पहुंच गई। छापेमारी के दौरान वह सीधे प्रतीक जैन के घर में घुस गईं और हाथ में एक हरे रंग की फाइल लेकर बाहर आईं।


प्रतीक जैन


सीएम ममता फाइल के साथ मीडिया से बात करते हुए

### टीएमसी का आंतरिक डेटा जब्त करने की कोशिश की

ममता ने हाथ में एक फाइल लिए बाहर आते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि ईडी ने हमारे आईटी और उसके प्रमुख के घर और कार्यालय पर छापा मारा। मैंने प्रतीक को फोन किया, वे मेरी पार्टी के प्रभारी हैं। ममता का आरोप है कि ईडी ने आई-पीएसी प्रमुख के घर पर छापेमारी के दौरान टीएमसी का आंतरिक डेटा जब्त करने की कोशिश की। फाइल के बारे में बात करते हुए कहा कि इसमें उनके पार्टी की हार्ड डिस्क, रणनीति और योजनाओं की जानकारी है।

# *भारत के खिलाफ लगाई गई वीजा पाबंदियों को बांग्लादेश ने किया और अधिक सख्त*

*बिजनेस और रोजगार वीजा को छोड़कर रद्द की गई सभी वीजा सेवाएं*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कट्टरपंथी उस्मान हादी की मौत के बाद तेजी से बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ अपनी वीजा पाबंदियों को और अधिक कड़ा कर दिया है। जिसके तहत अब उसके द्वारा बिजनेस और रोजगार वीजा को छोड़कर भारतीयों को दी जाने वाली सभी वीजा सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में मुंबई, गुवाहाटी और चेन्नई स्थित बांग्लादेश के वाणिज्य दूतावासों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। गुरुवार को इसका प्रत्यक्ष प्रभाव इन तमाम जगहों पर देखने को मिला। जिसके तहत दूतावासों में कामकाज तो हुआ। लेकिन उन्होंने इसके साथ ही भारतीयों के लिए अपनी सामान्य वीजा सेवाएं बंद रखीं। पड़ोसी देश के मीडिया में जारी खबरों के माध्यम से यह जानकारी मिली है। जिनके मुताबिक, नए प्रतिबंधों के तहत कोलकाता में बांग्लादेश ने अपने उप-उच्चायोग में काउंसलर और वीजा सेवाओं पर पूरी तरह शेष पेज 5 पर

### 22 दिसंबर को लगी थी पहले दौर की पाबंदी

बताते चलें कि बांग्लादेश द्वारा वीजा के संबंध में की गई यह सख्ती उसके द्वारा पिछले साल 22 दिसंबर 2025 को लागू किए गए प्रतिबंधों के पहले दौर के बाद लागू की गई है। तब बांग्लादेश ने नई दिल्ली में अपने उच्चायोग, त्रिपुरा में उप-उच्चायोग और सिलीगुड़ी के वीजा केंद्र में वीजा और काउंसलर सेवाएं बंद कर दी थीं। इसके साथ ही असम के गुवाहाटी में बांग्लादेश के मिशन में भी इस प्रकार की समान रोक प्रभावी कर दी गई थी। जबकि नई पाबंदियों में अब भारतीयों के लिए बांग्लादेश का वीजा केवल कुछ चुनिदा श्रेणियों तक ही सिमट कर रह गया है।

गुवाहाटी में वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सीएम डॉ. यादव ने कहा

# टैक्सटाइल सेक्टर में मप्र सरकार ने 25 हजार करोड़ से अधिक 'निवेश' कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



देश का अगला राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन उज्जैन में आयोजित होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इसी साल जुलाई में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन में मप्र सरकार पार्टनर बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि उज्जैन वस्त्र उद्योग का केंद्र रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वस्त्र मंत्री को अगला सम्मेलन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मप्र ऑर्गेनिक कॉटन, मेनमेड फाइबर, टेक्निकल टैक्सटाइल सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में डेढ़ दशक से चल रही टैक्सटाइल शेष पेज 5 पर

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा दो दिन के पश्चिम बंगाल दौरे पर, पार्टी पदाधिकारियों के साथ की बैठक



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बृहस्पतिवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल पहुंचें। राज्य में इस साल विधानसभा चुनाव होना है लिहाजा भाजपा अध्यक्ष पार्टी संगठन के साथ बैठक करने और चुनावी रणनीति से जुड़े मुद्दों पर संवाद करने पश्चिम बंगाल पहुंचें हैं। दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचने पर नड्डा का कोलकाता एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं शेष पेज 5 पर

## बच्चे, वयस्क सभी को काटा जा रहा है, लोग मर रहे हैं

**आवारा कुत्तों का मामला:** वकील की दलील दिल्ली में चूहों की आबादी बढ़ रही कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं...कोर्ट ने कहा-तो क्या हमें बिल्लियों को बढ़ावा देना चाहिए

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा - अस्पताल के गलियारों और मरीजों के आसपास कितने कुत्तों को घूमने की अनुमति दी जानी चाहिए?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर गुरुवार को फिर से सुनवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा जानवरों से होने वाले खतरों और उन्हें नियंत्रित करने में नागरिक अधिकारियों की कथित कमियों को उजागर करने वाली याचिकाओं पर ध्यान केंद्रित किया।

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने दलील देते हुए कहा कि दिल्ली में चूहे और बंदरों का भी खतरा है। कुत्तों को अचानक हटाने से क्या होता है? चूहों की आबादी बढ़ जाती है। कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं। उनकी इस दलील पर न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने टिप्पणी की कि क्या इसका आपस में कोई संबंध है? हमें बिल्लियों को बढ़ावा देना चाहिए, क्योंकि वे चूहों की दुश्मन हैं। संवेदनशील स्थानों में सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पीठ ने पूछा कि अस्पताल के शेष पेज 5 पर



### सड़क से हर कुत्ते को हटाने का नहीं दिया निर्देश

आवारा कुत्तों के मामले पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की पीठ में सुनवाई शुक्रवार के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच पीठ ने अपने पहले के निर्देशों को स्पष्ट करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सड़कों से हर आवारा कुत्ते को हटाने का आदेश नहीं दिया गया था। नियमों के तहत उन्हें केवल संस्थागत इलाकों से हटाए जाने के निर्देश दिए गए थे।

### सिब्बल ने कहा था- सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा था कि सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती है। सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को शेल्टर में रखना संभव नहीं है। आर्थिक रूप से भी व्यवहार्य नहीं है। इसे वैज्ञानिक तरीके से करना होगा। समस्या यह है कि कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है।

## 50 गोलियां बरसाकर की थी दो भाइयों की हत्या

# जाफराबाद दोहरे हत्याकांड में शामिल शूटर मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद में पिछले महीने दो भाइयों की हत्या के मामले में वांछित दो शूटरों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों का संबंध यमुनापार के हाशिम बाबा गिरोह के बताया गया है। गुरुवार को एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दोनों को पकड़ा गया। इनके नाम असद अमीन (22), जो पीड़ितों का रिश्ते का भाई है और मोहम्मद दानिश (34) बताये गये हैं। दोनों मुठभेड़ में घायल हुये हैं।

पुलिस के अनुसार पिछले महीने की 16 दिसंबर को नदीम और फजील की 50 गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। जांचकर्ताओं ने बताया कि हमलावरों ने लगभग आधे घंटे तक घात लगाकर पहले इंतजार किया था और जैसे ही दोनों भाई मौके पर पहुंचे उन पर गोलियां बरसा दी गई थी। प्रारंभिक जांच में हाशिम बाबा गिरोह के सदस्यों की संलिप्तता सामने आई थी और पुलिस ने इन हत्याओं को अवैध हथियारों के कारोबार से जुड़ा प्रतिशोधात्मक कृत्य बताया था। अगस्त में हुई एक अलग जांच के दौरान एक हथियार तस्कर ने कथित तौर पर नदीम का नाम उजागर किया था, जिसके बाद नदीम ने दानिश का नाम लिया था। पुलिस का मानना है कि गिरोह को हथियार आपूर्ति करने वाले दानिश ने इसी खुलासे का बदला लेने के लिए हमले की साजिश रची। आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखने और उनके ठिकानों की पहचान के लिए पुलिस ने लगातार खुफिया सूचनाओं और तकनीकी निगरानी का सहारा लिया। गुरुवार को विशेष सूचना के आधार पर पुलिस ने गाजीपुर पेपर मार्केट इलाके में जाल बिछाया और मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों को पैर में गोली लगी और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इनके कब्जे से विभिन्न बोर की तीन पिस्तौल, जिनमें एक 9 एमएम पिस्टल भी शामिल है, कारतूस, खोखे और कथित तौर पर वारदात में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी भी बरामद की है। स्कूटी जाफराबाद थाने में दर्ज एक मामले से जुड़ी पाई गई। पुलिस ने बताया कि असद हाशिम बाबा गिरोह का अहम सदस्य है और 2024 में जीटीबी अस्पताल में हुई गोलीबारी की एक घटना में भी उसका नाम सामने आया था, जबकि दानिश इस दोहरे हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता है। अन्य सहयोगियों और बरामद हथियारों के स्रोत का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

### कापसहेड़ा में कबाड़ गोदाम और झुग्गियों में लगी आग

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के कापसहेड़ा में गुरुवार तड़के प्लास्टिक के ढेर और कुछ झुग्गियों में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग ने जानकारी देते हुये बताया कि आग लगने की सूचना तड़के चार बजकर 11 मिनट पर मिली थी। इसके बाद दमकल की 24 गाड़ियां मौके पर भेजी गयी। सुबह सात बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस का कहना है कि कापसहेड़ा एक्सटेंशन इलाके में स्थित एमसीडी टोल टैक्स के पास कबाड़ के गोदामों और झुग्गियों में आग लगी थी। कुछ ही देर में आग ने पास की झुग्गियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयंकर थी कि लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की दो दर्जन से अधिक गाड़ियां पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना मिली है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# रिंग रोड पर पेड़ की छंटाई के दौरान हादसा, राहगीर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नारायणा इलाके में रिंग रोड पर एक प्राइवेट बैंक के बाहर पेड़ों की छंटाई के दौरान हादसा हो गया। दरअसल सड़क से जा रहे व्यक्ति के ऊपर पेड़ का टहना गिर गया। घायल को आरएमएल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लापरवाही से मौत और अन्य धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को पेड़ काटने के दौरान एक राहगीर के घायल होने के बारे में एक जानकारी मिली थी। बताया गया कि रिंग रोड एचडीएफसी बैंक के सामने एक व्यक्ति जा रहा था, उसके ऊपर पेड़ गिर गया। उसे चोट लगी है और आरएमएल अस्पताल ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही नारायणा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ और जांच के दौरान पता चला कि ए-26, नारायणा विहार के सामने पीडब्ल्यूडी द्वारा पीपल के पेड़ की छंटाई की जा रही थी, उसी समय नारायणा गांव का ही रहने वाला मुकेश (45) नाम का व्यक्ति सड़क से गुजर रहा था। पेड़ की कटी हुई डाल उसके ऊपर गिर गई। घायल को एक आम आदमी अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**एलसी गेट निरीक्षण पद्धति का प्रावधान**

ई-निविदा सूचना संख्या. RN-ST-34- 2025-26 तारीखः 05-01-2026। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. RN-ST-34- 2025-26। कार्य का नामः** रंगिया मंडल के नन इंटरलॉक्ड मैकनिकल लिफ्टिंग बैरियरों पर एलसी गेट निरीक्षण पद्धति का प्रावधान कराना। **निविदा राशिः** ₹1,64,95,052.71/-। **धरोहर राशिः** ₹2,32,500/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 06-02-2026 तारीख के 15.00 बजे में **एवं खुलेगीः** 15.30 बजे में वरिष्ठ डीएसटीई/रंगिया जंक्शन कार्यालय में। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

डीएसटीई, रंगिया

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

# तुर्कमान गेट हिंसा : छह और लोग गिरफ्तार, अब तक कुल 11 चढ़े हत्थे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### इलाके में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम

एक दिन पहले बुधवार तड़के मध्य दिल्ली के तुर्कमान गेट में झड़पें और पथराव की घटना के मद्देनजर पूरे इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था गुरुवार को भी रही। पुलिस ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह प्रबंध किये गये हैं। पुलिस ने दावा किया कि इलाके में फिलहाल शांति है। गौरतलब है कि रामलीला मैदान इलाके में मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात को फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा भड़क गई थी। कई लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंके, जिससे इलाके के थाना प्रभारी सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हुये थे। दरअसल हालात उस समय बिगड़ गए जब सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया गया कि तुर्कमान गेट के सामने स्थित मस्जिद को ध्वस्त किया जा रहा है। इसके बाद लोग वहां इकट्ठा होने लगे। पुलिस और दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकने में 150 से 200 लोग शामिल थे। एमसीडी ने लगभग 36,000 वर्ग फुट अतिक्रमित जमीन को खाली कराया गया है। मस्जिद को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया।

तुर्कमान गेट इलाके में अदालत के आदेश पर चलाए गए अतिक्रमण-रोधी अभियान के दौरान बुधवार को हुई हिंसा और पत्थरबाजी के सिलसिले में छह और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इस मामले में अब तक कुल 11 लोगों को हिरासत में ले चुकी है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पहले पकड़े गये पांच आरोपियों की तीस हजारी अदालत ने न्यायिक हिरासत 13 जनवरी तक बढ़ा दी है।

इस हिंसा के सिलसिले में गुरुवार को गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अफान, आदिल, शाहनवाज, हमजा, अथर और उबेद के रूप में हुई है। ये सभी तुर्कमान गेट इलाके के रहने वाले हैं। मध्य जिले के एडिशनल सीपी निधिन वलसन ने बताया कि अब तक एक नाबालिग समेत कुल 11 लोगों को पकड़ा जा चुका है। इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है। वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

# दिल्ली पुलिस ने अवैध कपड़ा कारखाने का किया भंडाफोड़



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली में बड़े पैमाने पर नकली 'ब्रांडेड' कपड़ों का उत्पादन करने वाली एक अवैध कपड़ा निर्माण और भंडारण इकाई का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई केल्विन क्लेन, जारा, टॉमी हिलफिगर, लेवी स्ट्रॉस एंड कंपनी और यूएसपीए सहित कई वैश्विक ब्रांडों के अधिकृत प्रतिनिधियों की शिकायत के बाद की गई। इन कंपनियों ने आरोप लगाया था कि पश्चिमी दिल्ली में उनके ब्रांड के नकली कपड़ों का बड़े पैमाने पर निर्माण और बिक्री की जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में सात जनवरी को टोडापुर इलाके में एक इमारत की ऊपरी मंजिल पर पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में इस अवैध इकाई का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान रोहिणी के सेक्टर-3 के निवासी राजीव नागपाल (50) के रूप में हुई है।

उसने बताया कि नागपाल द्वारा संचालित इकाई की तलाशी के दौरान, पुलिस ने कुल 1,919 नकली कपड़े बरामद किए जिनमें उक्त ब्रांड के बनाए गए कपड़े शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में इंद्रपुरी पुलिस थाने में ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999 और कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुभम पुत्र संजय निवासी म. नं. सी–375, बलबीर विहार, किराड़ी, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 506/2023 अन्तर्गत धारा 25/54/59 एआरएमएस एक्ट, थाना अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभम** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभम** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 506/2023 अन्तर्गत धारा 25/54/59 एआरएमएस एक्ट, थाना अमन विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुभम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.02.2026** को **सुबह 10:00 बजे**:या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**शगुन**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
कमरा नं. 109, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/17687/RD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कैस सिद्दीकी** पुत्र श्री रहमतुल्लाह, निवासी मकान नं. सी–66, पंचशील विहार, मालवीय नगर, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 245/2017 धारा 279/338 भा.द.स., थाना हिजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कैस सिद्दीकी** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कैस सिद्दीकी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 245/2017 धारा 279/338 भा.द.स., थाना हिजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कैस सिद्दीकी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **11.02.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री मनुज कौशल,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03, (दक्षिण–पूर्व)**
**कमरा नं. 512,**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/370/SE/2026

# निजी स्कूलों को शुल्क विनियमन समिति बनाने का निर्देश देने वाले आदेश पर रोक लगाने से अदालत का इनकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के निजी स्कूलों को शुल्क विनियमन समिति बनाने का निर्देश देने वाली अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, लेकिन ऐसी समितियों के गठन के लिए समय बढ़ा दिया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय एवं न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम 2025, और उसके बाद के नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय और उपराज्यपाल को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब दाखिल करने को कहा। याचिकाओं में शिक्षा निदेशालय की 24 दिसंबर 2025 की अधिसूचना को भी चुनौती दी गई थी। कानून और उसके नियमों के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्कूल-स्तरीय शुल्क विनियमन समिति (एसएलएफआरसी) के गठन और कामकाज के संबंध में अधिसूचना जारी की गई थी। अदालत ने कमेटी गठित करने की अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और इसके गठन के लिए समय 10 जनवरी से बढ़ाकर 20 जनवरी कर दिया। पीठ ने यह भी कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा कमेटियों को प्रस्तावित फीस जमा करने की अंतिम तिथि भी 25 जनवरी से बढ़ाकर 5 फरवरी कर दी जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि इस बीच, एक अंतरिम उपाय के रूप में, हम यह निर्देश देते हैं कि दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी 24 दिसंबर, 2025 की उक्त अधिसूचना के संदर्भ में किया गया कोई भी काम इन याचिकाओं में पारित आगे के आदेशों के अधीन होगा।" नए ढांचे के तहत, प्रत्येक निजी स्कूल को एक एसएलएफआरसी का गठन करना होगा। इस समिति में स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य, तीन शिक्षक, पांच अभिभावक और शिक्षा विभाग से एक नामित प्रतिनिधि शामिल होंगे। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में लॉटरी प्रणाली के माध्यम से सदस्यों का चयन किया जाएगा।

### अतिवादी विचारों वाला गुट जेएनयू को परिभाषित नहीं करताः कुलपति शांतिश्री पंडित



**एजेंसी, नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धुलिपुडी पंडित ने बृहस्पतिवार को कहा कि अतिवादी विचारों वाला गुट जेएनयू को परिभाषित नहीं करता है। उनका यह बयान प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ छात्रों के एक वर्ग द्वारा नारेबाजी किये जाने के दो दिन बाद आया है। पंडित ने कहा कि दो दिन पहले कुछ नारे लगाए गए थे, लेकिन विश्वविद्यालय "24 घंटे के भीतर ही संभल गया। उन्होंने परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर विश्वविद्यालय में कुछ सिरफिरे होते हैं, और यह इस विश्वविद्यालय की विशेषता नहीं है। उन्होंने कहा कि जेएनयू देश का सर्वाधिक राष्ट्रवादी विश्वविद्यालय है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में स्थिति सामान्य और शांतिपूर्ण" है और जेएनयू विभिन्न विमर्शों को आगे बढ़ाता है। कुलपति ने कहा, "जेएनयू एक ब्रांड है। हम सिर्फ भारत तक सीमित नहीं हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | हॉट ट्रांसफॉर्मर के तौर पर 220 केवी सब स्टेशन, चोरमार में अतिरिक्त 100 एमवीए 220/33 केवी ट्रांसफॉर्मर का प्रावधान। ट्रांसफॉर्मर को 220 केवी साइड से ऊर्जाकृत रखा जाना है और सब स्टेशन के 33 केवी बस सहित इसकी कनेक्टिवटी के लिए प्रावधान रखना होगा (टो वॉल, पीसीसी का बकाया कार्य, ग्रेवल की आपूर्ति व बिछाना) (हिसार) | 06.01.2026 19.01.2026 | रु. 10,01,103/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | कम्पोजिट पॉलीमर रबर इंसुलेटर स्ट्रिंग्स सहित 220 केवी सिरसा–मताना लाइन के सामान्य पोर्सलेन डिस्क इंसुलेटर्स को बदलना। | 06.01.2026 15.01.2026 | रु.16,01,120/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | स्कोप (एचएसआर) के अनुरूप 66 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, औद्योगिक क्षेत्र अम्बाला कैंट में आवासीय भवन क्षेत्र के निकट इंटरलॉकिंग टाइल्स का प्रावधान व बिछाना। | 07.01.2026 15.01.2026 | रु. 4,12,757/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | हिसार में एकीकृत उड्डयन हब के विकास की वजह से संशोधित रूट में 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन की शिफ्टिंग / रि-अलाइनमेंट। | 07.01.2026 02.02.2026 | ईएमडी रु.195.12 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/41871/I/88/7 दि. 08.01.26

# बवाना में मुठभेड़ के बाद राजेश बवानिया गैंग का बदमाश दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल की साउथ वेस्टर्न रेंज ने कुख्यात अपराधी अंकित मान को दरियापुर पुलिया, मुनक नहर रोड, बवाना के पास संक्षिप्त गोलीबारी के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से एक ऑटोमैटिक पिस्टल और तीन कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। यह बदमाश हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, जबरन वसूली और आर्म्स एक्ट व आबकारी अधिनियम के नौ मामलों में शामिल था। राजेश बवानिया गिरोह से इसका संबंध बताया गया है। डीसीपी कृष्ण कुमार के अनुसार 8 जनवरी को इंस्पेक्टर मनेंद्र कुमार, संदीप यादव और नीरज कुमार के नेतृत्व वाली टीम द्वारा दरियापुर पुलिया, मुनक नहर रोड, बवाना के पास सुबह लगभग साढ़े पांच बजे एक जाल बिछाया गया था। एक व्यक्ति स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर घोंघा गांव से दरियापुर गांव की ओर आता हुआ देखा गया। जब उसे रुकने का इशारा किया गया, तो संदिग्ध भागने की कोशिश करने लगा और भागने के दौरान उसने एक ऑटोमैटिक पिस्टल से पुलिस टीम पर चार राउंड फायरिंग की। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने तीन राउंड फायरिंग की, जिसमें से एक गोली आरोपी के दाहिने घुटने में लगी। बदमाश द्वारा चलाई गई दो गोलियां हेड कांस्टेबल अमित कुमार की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगीं, जिससे वह बाल-बाल बच गए। आरोपी को काबू कर लिया गया और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अंकित मान (28) पुत्र वीरेंद्र सिंह, निवासी मकान नंबर 15/6, गांव बाजितपुर ठकरान, थाना बवाना का रहने वाला है। 1998 में जन्मे मान ने 10वीं कक्षा तक ब्रह्म शक्ति स्कूल, गांव बडाथना, जिला खरखौदा, सोनीपत में पढ़ाई की। बाद में वह बुरी संगत में पड़ गया और संगठित अपराध की दुनिया में शामिल हो गया। वह राजेश बवाना गैंग का एक सक्रिय शूटर और करीबी सहयोगी बन गया। दिल्ली-एनसीआर में डकैती, हत्या, जबरन वसूली और हथियारों से जुड़े अपराधों में शामिल था। अंकित राजेश बवाना का दामाद है। वर्तमान में, राजेश बवाना तिहाड़ जेल में बंद है और उसकी अनुपस्थिति में आरोपी गैंग की गतिविधियों को मैनेज कर रहा था। उसने पूथ खुर्द गांव के अजय डबास की भी हत्या की थी, जो हिमांशु भाऊ के सहयोगी विक्की उर्फ हुड्डल का भाई था। विक्की विदेश से हिमांशु भाऊ गैंग की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। सितंबर 2025 में अंतरिम जमानत पर बाहर आने के बाद अंकित मान फरार हो गया और राजेश बवाना गैंग को फिर से स्थापित करने के लिए अपने आपराधिक सहयोगियों को इकट्ठा कर रहा था। उसने शराब तस्करों और व्यापारियों से जबरन वसूली के लिए कॉल करना शुरू कर दिया था। वह नीरज बवाना-नवीन बाली और हिमांशु भाऊ गैंग के सदस्यों की हत्या की योजना बना रहा था। वह दिल्ली-एनसीआर में गंभीर अपराधों को अंजाम देने और उसके बाद भारत के बाहर से अपने गैंग को चलाने के लिए विदेश भागने की योजना बना रहा था। इसकी गिरफ्तारी से दिल्ली-एनसीआर में नियोजित कई गंभीर आपराधिक गतिविधियों को रोका गया है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में हरनोल खेड़ी लखा सिंह रोड से अकबरपुर (आईडी 639) कि.मी. 0.00 से 0.20 तक मौजूदा रोड की शिफ्टिंग। | 07.01.2026 14.01.2026 | 8.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में लघु सचिवालय फतेहाबाद और रिकॉर्ड रूम की मेन एलटी केबल्स को बदलना (एलटी पैनल और सम्बद्ध कार्य का प्रावधान)। | 06.01.2026 12.01.2026 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | जीन्द जिले में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स, जीन्द में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं (15 पैसेंजर लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 07.01.2026 14.01.2026 | 22.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | व्यायामशाला बालरोड को पूरा करना। | 01.01.2026 15.01.2026 | 21.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव नोरंगाबास राजपूतान में अकोदा-कादमा मेन रोड से भागीरथ सरपंच की ढाणी तक गली का निर्माण, एचआरडीएफ। | 01.01.2026 15.01.2026 | 66.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बिगोवा (निकट केदारा) में आईपीबी सहित फिरनी की पेवमेंट, एचआरडीएफ + 4 कार्य। | 01.01.2026 15.01.2026 | 203.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज नारनौल | बेघपुर ब्लॉक अटेली नांगल - जी.आई. पेयजल पाइप लाइन का प्रावधान व बिछाना + 2 कार्य। | 05.01.2026 12.01.2026 | 101.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 8 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, रोहतक | श्रम ढुलाई और परिवहन। | 08.01.2026 13.01.2026 | | https://haryanafood.gov.in | 9467511722 dfscroh@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | झोरांवाली :- गांव झोरांवाली जिला सिरसा में ढाणी जम्मू में जलापूर्ति पाइप लाइन का प्रावधान व बिछाना, स्लुइस वॉल्व हौदियां, फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 06.01.2026 20.01.2026 | 85.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 10 | वन विभाग चरखी दादरी | वानिकी कार्य न्यूज प्लांटेशन कादमा ब्लॉक + 3 अन्य कार्य। | 06.01.2026 12.01.2026 | 56.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901296600 dfodadri@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/200/41870/I/88/7 दि. 08.01.26

## सत्तापक्ष के सदस्यों ने सदन में किया प्रदर्शन

# विधानसभा सत्र का चौथा दिन भी चढ़ा हंगामे की भेंट, एक दिन और बढ़ा सत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही भी हंगामे की भेंट चढ़ गई। आतिशी के खिलाफ हंगामे के कारण गुरुवार को भी विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन की कार्यवाही को शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

चौथे दिन गुरुवार को जैसे ही 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई सत्तापक्ष के सदस्य सदन में खड़े होकर आतिशी द्वारा कहे गए गुरु तेग बहादुर के संबंध में शब्दों पर माफी और उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग करने लगे। सत्ता पक्ष के सदस्य हंगामा करते-करते विधानसभा अध्यक्ष के आसन तक पहुंच गए। इसके बाद हंगामा बढ़ता देख अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 11 बजकर 8 मिनट पर सदन की कार्यवाही को आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया। सदन की कार्यवाही जब दोबारा 11 बजकर 36 मिनट पर जैसे ही शुरू हुई तो एक बार फिर सत्तापक्ष के सदस्य विधानसभा अध्यक्ष के आसन के पास आकर नेता विपक्ष आतिशी पर कार्यवाही की मांग करने लगे और अध्यक्ष के आसन पर आकर नारे लगाने लगे। गुरुओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। माफी नहीं सजा दो, केजरीवाल और आम आदमी पार्टी हाय-हाय के नारे लगे। सत्तापक्ष के सदस्यों को अध्यक्ष ने शांत रहने को कहा लेकिन वह शांत नहीं हुए। इस पर अध्यक्ष ने सत्तापक्ष की ओर संसदीय मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और चीफ व्हीप अभय वर्मा वहीं विपक्ष की ओर से उप नेता विपक्ष मुकेश अहलावत और पूर्व कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन को चर्चा के लिए अपने कक्ष में आने का आदेश दिया। इसके बाद अध्यक्ष ने 11 बजकर 41 मिनट पर सदन की कार्यवाही को आधा घंटे के लिए स्थगित कर दिया। जब तीसरी बार करीब 12 बजकर 12 मिनट पर सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पक्ष और विपक्ष के प्रतिनिधियों की सहमति से नेता विपक्ष आतिशी द्वारा सदन में की गई टिप्पणी की वीडियो की जांच फॉरेंसिक लैब से कराई जाएगी।



■ नेता विपक्ष की टिप्पणी से संबंधित वीडियो रिकॉर्डिंग को भेजा गया जांच के लिए फॉरेंसिक लैब

इस दौरान सदन में संसदीय कार्य मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सदन में कहा कि विपक्ष द्वारा दो दिनों से कार्यवाही बाधित किए जाने के कारण सरकार का महत्वपूर्ण कार्य लंबित है। उन्होंने एलजी के अभिभाषण के प्रस्ताव पारित करने और प्रदूषण पर चर्चा कराने का उल्लेख करते हुए सदन की अवधि एक दिन बढ़ाने का अनुरोध किया। साथ ही, उन्होंने संबंधित प्रकरण को विशेषाधिकार समिति को भेजकर निर्धारित समय-सीमा में जांच कराने का अनुरोध किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह जरूरी है कि सदन में कथित रूप से सिख गुरुओं के प्रति की गई टिप्पणी से संबंधित मामले की गंभीरता और सदन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए, मैं पूरा मामला विशेषाधिकार समिति को जांच करने और रिपोर्ट देने के लिए सौंपता हूं। साथ ही, नेता विपक्ष की इस टिप्पणी से संबंधित वीडियो रिकॉर्डिंग को भी जांच के लिए फॉरेंसिक लैब में भेजा गया है। इसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### सदन के अधिकारिक वीडियो को झूठा बताना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण : आशीष सूद

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने सदन में कहा कि नेता विपक्ष आतिशी को सदन की संपत्ति यानी आधिकारिक वीडियो को झूठा बताना यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने के बजाय आतिशी को सदन में आकर यह स्पष्ट करना चाहिए था कि जब पक्ष और विपक्ष, दोनों ही गुरुओं के सम्मान की बात कर रहे थे, तब उन्होंने ऐसा क्या कहा जिस पर यह विवाद खड़ा हुआ। हमारे समाज में कहा जाता है अगर गलती हो जाए और माफी मांग ली जाए तो व्यक्ति बड़ा हो जाता है। यदि उनसे कोई भूल हुई थी और वे माफी मांग लेतीं तो पूरा देश उन्हें माफ कर देता।

### संतों के लिए अपमानजनक शब्द बोलने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : इंद्राज

यह देश संतों की भूमि है और संतों के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने वालों को न तो छोड़ा जाएगा और न ही माफ किया जाएगा। दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने यह बात गुरुवार को विधानसभा परिसर में कही। इंद्राज ने कहा कि संतों ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। ऐसे में उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी निंदनीय है और इसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इंद्राज ने स्पष्ट किया कि सरकार भारतीय संस्कृति, परंपरा और सनातन मूल्यों के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### भाजपा कर रही है गंदी राजनीति : संजीव झा



नई दिल्ली। सिख गुरुओं के अपमान को लेकर सत्तापक्ष के खिलाफ विपक्ष के सदस्यों ने गुरुवार को भी विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्षी दल आम आदमी पार्टी (आप) विधायक दल के चीफ व्हिप संजीव झा ने कहा कि भाजपा गंदी राजनीति कर रही है। भाजपा के लोग इतने घटिया और नीच हैं कि इन्होंने अपनी गंदी राजनीति में गुरुओं का नाम भी शामिल कर लिया है। इन्होंने फर्जी वीडियो बनाया, उसे चलाया और उस फर्जी वीडियो में गुरु साहब का नाम लेकर उनका अपमान किया। आज हमने विधानसभा अध्यक्ष को भी चिट्ठी दी और सदन में कहा कि भाजपा के नेता माफी मांगें। गुरुओं का यह अपमान और फर्जी वीडियो चलाना हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। संजीव झा ने आगे कहा कि भाजपा के लोग राजनीति में बहुत गिर गए हैं और नीच हो गए हैं। इनकी नीचता और बनाए गए फर्जी वीडियो के खिलाफ हमने आज अध्यक्ष से कहा कि वे इनसे माफी मंगवाएं। लेकिन ये घटिया लोग हैं और माफी नहीं मांग रहे हैं, फिर भी आम आदमी पार्टी अपना विरोध जारी रखेगी।

### आम आदमी पार्टी और भाजपा लोगों की खून पसीने की कमाई को बहा रही है पानी में : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद यादव ने कहा कि दिल्ली विधानसभा की लगातर चौथे दिन भी कार्यवाही भाजपा व आम आमदी पार्टी की मिलीभगत की भेंट चढ़ गई। भाजपा आप पार्टी को इस बात की कतई चिंता नहीं है कि दिल्ली लोगों की खून पसीने की कमाई एक तरह से पानी में बहाई जा रही है। यादव ने कहा कि विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी को सदन छोड़ दिल्ली से बाहर जाना ही नहीं चाहिए था। अगर आम आदमी पार्टी वास्तव में प्रदूषण पर चर्चा करना चाहती है, तो दिल्ली के गंभीर प्रदूषण के खतरे से डर कर आतिशी गोवा क्यों चली गई। वहीं गोपाल राय भी दिल्ली छोड़ गुजरात में अपना राजनीति हित साध रहे है। उन्होंने कहा कि जहां आम आदमी पार्टी अपने खत्म हो रहे अस्तित्व को बचाने की कोशिश में दिल्ली विधानसभा के सत्र में हंगामा कर रहे है।

# दिल्ली देहात के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व महापौर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में गुरुवार को दिल्ली देहात के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल पालम 360 गांव के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह से मिला और उनको एक ज्ञापन गांवों में लाल डोरा क्षेत्र में हाउस टैक्स माफ करने के संबंध में सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से चौधरी नरेश लाडो सराय, सुरेश शौकीन नांगलोई, आजाद शौकीन, सुनील, रामकुमार राणा, राजीव बेनिवाल आदि शामिल रहे। सचदेवा को प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि दिल्ली देहात के लाल डोरा क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक पारंपरिक रूप से ग्रामीण जीवन से जुड़े हैं और उन पर हाउस टैक्स लगाया जाना न केवल अव्यावहारिक है बल्कि आर्थिक रूप से भी अनुचित बोझ है।

■ वीरेन्द्र सचदेवा ने महापौर को निगम स्तर पर स्पष्ट राहत नीति बनाकर जनता को राहत देने का दिया निर्देश

उन्होंने मांग की कि लाल डोरा क्षेत्र को हाउस टैक्स से पूर्ण रूप से मुक्त किया जाए अथवा तत्काल प्रभाव से स्थायी छूट प्रदान की जाए। सचदेवा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि भाजपा हमेशा से दिल्ली देहात और लाल डोरा क्षेत्रों के हितों की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि लाल डोरा क्षेत्र दिल्ली की मूल पहचान है और यहां रहने वाले लोगों को किसी भी प्रकार से परेशान नहीं किया जाएगा। सचदेवा ने महापौर से इस विषय में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह करते हुए कहा कि नगर निगम स्तर पर स्पष्ट राहत नीति बनाकर जनता को राहत दी जानी चाहिए, ताकि वर्षों से चला आ रहा भ्रम और असंतोष समाप्त हो सके।

महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने भी प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि लाल डोरा क्षेत्रों से जुड़े हाउस टैक्स के विषय पर निगम स्तर पर उचित कार्रवाई की जाएगी और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लिया जाएगा।

### गुरुद्वारा कमेटी ने सीएम से मिल की आतिशी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलकर नेता विपक्ष आतिशी के खिलाफ सख्त कार्रवाई व विधानसभा सदस्यता रद्द करने की करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस बारे में कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने बताया कि जब पूरी दुनिया गुरु साहिब के आगे शीश झुका रही है, उस समय आतिशी ने गुरु साहिब के प्रति ऐसी घटिया, अत्यंत निंदनीय और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया है, जिससे पूरी दुनिया में बसे सिख समुदाय की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को एक लिखित ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि विपक्ष की नेता आतिशी मार्लेना द्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब के खिलाफ प्रयोग की गई अक्षम्य भाषा के लिए उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। कमेटी व सिख समाज मांग करता है कि आतिशी की विधानसभा सदस्यता भी रद्द की जाए। उन्होंने कहा कि आतिशी की इस घटिया भाषा से यह स्पष्ट हो गया है कि आम आदमी पार्टी सिख समुदाय और सिख गुरुओं के प्रति बेहद निम्न सोच रखती है। उन्होंने कहा कि इस अपराध को किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा कमेटी की ओर से इस मामले में आतिशी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# भारत की स्टार्टअप राजधानी बनने की दिशा में दिल्ली अग्रसर : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत की स्टार्टअप राजधानी बनने की दिशा में दिल्ली अग्रसर है। इसी के मद्देनजर दिल्ली सरकार का प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय (डीटीटीई) आज शुक्रवार को नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारका में दिल्ली स्टार्टअप युवा महोत्सव का आयोजन कर रहा है।

इस बात की जानकारी दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को दी है। उन्होंने कहा कि यह एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य छात्र-नेतृत्व वाले और प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप्स को सशक्त बनाना तथा दिल्ली के कैंपस-टू-मार्केट स्टार्टअप इकोसिस्टम को और मजबूत करना है। शिक्षा मंत्री सूद ने बताया कि यह पहल शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता को एकीकृत करने की सरकार की सोच को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 75 हजार से अधिक छात्र और युवा नवोन्मेषक डीटीटीई द्वारा समर्थित उद्यमिता और नवाचार कार्यक्रमों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं, जिनकी भागीदारी प्रतिवर्ष 25–30 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। सरकारी संस्थानों में 470 से अधिक स्टार्टअप का इनक्यूबेशन किया जा रहा है, जो प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, सतत विकास, शिक्षा, विनिर्माण और रचनात्मक उद्योगों जैसे विविध क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

■ नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारका में दिल्ली स्टार्टअप युवा महोत्सव का शुभारंभ आज

# भारतीय सशस्त्र सेनाओं को समर्पित होगा 53वां विश्व पुस्तक मेला, निशुल्क मिलेगा प्रवेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्व का सबसे बड़ा पुस्तक मेला इस बार भारतीय सशस्त्र सेनाओं को समर्पित रहेगा जिसका आयोजन दस से 18 जनवरी तक यहां भारत मंडपम में किया जा रहा है। विश्व पुस्तक मेले में इस बार प्रवेश निशुल्क रहेगा जिससे पाठकों के भारी संख्या में मेले में आने की संभावना है।

इस बात की जानकारी राष्ट्रीय पुस्तक न्यास(एनबीटी) ने गुरुवार को दी है। मेले का उद्घाटन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान करेंगे। उनके साथ कतर और स्पेन के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमडंल भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। नौ दिनों तक चलने वाले 53वें नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में 35 से अधिक देशों के 1000 से अधिक प्रकाशकों के 3000 से ज्यादा स्टॉल शामिल होंगे। यहां 600 से अधिक आयोजनों में 1000 से ज्यादा वक्ता संवाद करेंगे और 20 लाख से अधिक लोगों के इसमें शामिल होने की सभांवना है। पहली बार पुस्तक मेले में प्रवेश निशुल्क रखा गया है, जो राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के पुस्तकों और ज्ञान को सभी के लिए सुलभ बनाने के सिद्धांत को सुदृढ़ करता है। पुस्तक मेले का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) के तत्वाधान में किया जाता है। भारत व्यापार सवंर्द्धन सगंठन इसका सह-आयोजक है। प्रैसवार्ता में एनबीटी के अध्यक्ष मिलिंद सुधाकर मराठे ने बताया कि स्वतंत्रता के बाद से भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के साहस, बलिदान और राष्ट्र-निर्माण में उनकी भूमिका को सम्मानित करते हुए 1 हजार वर्ग मीटर का एक खास मडंप तैयार किया गया है।

■ कल से 18 जनवरी तक भारत मंडपम में आयोजित होगा मेला

### दिल्ली सरकार बिजली की कटौती से निपटने के लिए एसओपी करेगी तैयार

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार भविष्य में बिजली के किसी भी बड़े संकट से निपटने और आपूर्ति की त्वरित बहाली सुनिश्चित करने के मकसद से एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर काम कर रही है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पिछले साल अगस्त में उत्तरी दिल्ली में हुए एक बड़े बिजली संकट के मद्देनजर यह पहल की गई है। उस समय बिजली संकट ने सिविल लाइंस, रोहिणी, शालीमार बाग और कश्मीरी गेट सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग आठ लाख उपभोक्ताओं को घंटों तक प्रभावित किया था। यह बिजली संकट 220 केवी ग्रिड से आने वाली बिजली आपूर्ति में अचानक 550 मेगावाट की गिरावट के कारण आया था। उत्तर प्रदेश के मंडोला में जून 2024 में एक बिजली ग्रिड सबस्टेशन में आग लगने के कारण हुए व्यवधान के चलते पूर्वोत्तर, पूर्वी, मध्य, दक्षिणी और उत्तरी दिल्ली के कई इलाकों में बिजली कटौती हुई थी।

## न्यूनतम पारा 4.8 डिग्री दर्ज

# कड़ाके की ठंड से ठिठुर रही राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी इन दिनों कड़ाके की ठंड से ठिठुर रही है, हालात यह है कि गुरुवार को पालम में न्यूनतम पारा लुढ़ककर 4.8 डिग्री दर्ज हुआ। दिन रात पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर कर रखा है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को दिल्ली के पालम में न्यूनतम पारा सबसे कम 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

आईएमडी ने बताया कि जबकि औसत दिल्ली का न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य तापमान से 1.1 डिग्री सेल्सियस नीचे है। दिल्ली में शीतलहर जैसे हालात बने हुए है, खासकर देर शाम से सुबह तक चलने वाली ठंडी हवाएं गलन पैदा करती महसूस हो रही है। आईएमडी के अनुसार अगले कई दिनों तक ऐसे ही सर्दी परेशान करती रह सकती है। बल्कि अनुमान है कि न्यूनतम तापमान और गिरकर नीचे जा सकता है। आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि शुक्रवार को कई क्षेत्रों में बहुत सघन कोहरा छाया रह सकता है जबकि कुछ जगह हल्का कोहरा रहेगा। आसमान लगभग साफ रहेगा और दिन के मध्यांतर में सूरज हल्की तपिश से लोगों को राहत देते दिखाई देंगे। तेज हवाएं चलने की पूरी पूरी संभावना है।



### वायु प्रदूषण कर रहा परेशान

नई दिल्ली। राजधानी में अब भी वायु प्रदूषण खराब से बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हो रहा है, जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पर्यावरण विभाग का अनुमान है की अभी प्रदूषण से दिल्ली को पूरी तरह राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। हालांकि आंकड़ा कुछ कम ज्यादा हो सकता है, लेकिन राहत अभी दूर दूर तक नजर नहीं आ रही है। दिल्ली में सुबह के समय वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में दर्ज हुआ। विभिन्न मॉनिटरिंग स्टेशनों पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार, आईटीओ में एक्यूआई 270, श्रीनिवासपुरी में 205, आया नगर में 189, सिरीफोर्ट में 182, चांदनी चौक में 180, आर के पुरम में 178 और द्वारका सेक्टर-8 में 177 दर्ज किया गया। वहीं शाम के समय एक्यूआई कई जगह गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। इनमें सबसे ज्यादा श्रीनिवास पुरी 613, आनंद विहार में 535, पूसा 470, जहांगीरपुरी 407, ओखला 402, विवेक विहार 379, बवाना 25, बुराड़ी 234, रोहिणी 264, पूसा 271, आईटीओ 255 सहित अन्य जगह शामिल है।

# गंदे पानी की आपूर्ति से फूल बाग की जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली के कई क्षेत्रों में गंदे पानी की आपूर्ति की खबर सामने आती रहती है। कड़ाके की सर्दी के दौरान भी राजधानी वालों को साफ सुथरा पीने का पानी नहीं मिलने से दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है। बुराड़ी विधानसभा अंतर्गत फूल बाग पैलेस कॉलोनी में रहने वाले हजारों लोगों को गंदे पानी की आपूर्ति लगभग एक नियति बन चुकी है।

फूल बाग कॉलोनी के लोगों का कहना है कि लगभग तीन चार महीनों से यहां गंदे व बदबूदार पानी की आपूर्ति जारी है, लेकिन न विधायक सुनने को तैयार है, न ही डीजेबी में कोई सुनने वाला। यहां के लोगों का कहना है कि ऐसा लगता है कि मध्य प्रदेश के इंदौर जैसी किसी अनहोनी का इंतजार दिल्ली सरकार को भी है। लोगों का कहना है कि डीजेबी जिस प्रकार शिकायतों की अनदेखी करता है वह दिन दूर नहीं जब दिल्ली में भी लोग जहरीला पानी पीकर मरते नजर आएगें। लोगों का कहना है कि गंदे पानी की वजह से त्वचा व पेट संबंधी रोगों से बेहाल हो चुके है। बुराड़ी की तरह ही नजफगढ़, गायला डेयरी, दिचाऊ गांव व कालोनियां, सीलमपुर, नंदनगरी, औखला, सीमापुरी आदि जगहों पर भी गंदे पानी की आपूर्ति से लोग परेशान है। गौरतलब है कि लंबे समय से डीजेबी द्वारा आपूर्ति किए जा रहे पानी के नमूने जांच में फैल हो रहे है। बावजूद इसके डीजेबी को कोई फर्क पड़ता नजर नहीं आ रहा है।

## खबर संक्षेप

### 17 वर्षीय नेशनल लेवल शूटर के साथ दुष्कर्म

**फरीदाबाद।** 17 साल की एक नेशनल स्तर की महिला शूटर के साथ दुष्कर्म का मामला सामने



आया है। आरोप है कि उसके कोच ने परफॉर्मेंस की समीक्षा के बहाने उसे होटल के कमरे में बुलाया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। कोच ने घटना के बारे में किसी को बताने पर उसका करियर खत्म करने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी। वह करीब 21 दिन तक सदमे में रही।

### विवाहिता ने फंदा लगाकर की ख़ुदकुशी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-56 थाना के घाटा गांव में एक विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना



मिलने पर पुलिस मौके पहुंची और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉर्चरी पहुंचाया। जानकारी अनुसार, बांदा (उत्तर प्रदेश) निवासी खुशबू (19) अपने पति के साथ गुरुग्राम के घाटा गांव में किराये पर रहती थी।

### खाली जमीन पर पड़ा मिला व्यक्ति का शव

**गुरुग्राम।** शहर के सेक्टर-37 में शनि मंदिर के पास एक व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई।



यह लाश देखने में कई दिन पुरानी लग रही है, जिसके कारण उसकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पहचान करना मुश्किल हो रहा है। राहगीरों ने लाश देखकर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और जांच शुरू कर दी। पेट्रोल पंप के पीछे सेक्टर 37 में सुनसान जगह में शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। एक राहगीर उधर गया तो उसने शव पड़ा देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी।

# व्यक्ति निर्माण एवं देशहित, समाज को समर्पित रही संघ शताब्दी वर्ष की संघर्ष यात्रा: डॉ. डीपी भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में विद्या भारती प्रांत अध्यक्ष डॉ.देव प्रसाद भारद्वाज मुख्य वक्ता के रूप में और भारत प्रकाशन महाप्रबंधक अरुण ने अपने-अपने उद्बोधन में संघ इतिहास, संघर्ष का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय चेतना जागृत रखने का कार्य किया। उन्होंने सामाजिक समरसता, स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और पारिवारिक मूल्यों पर जोर देते हुए पंच परिवर्तन के संकल्प को भी दोहराया। छायंसा स्थित अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी में डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में संघ का इतिहास एवं संघर्ष विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए संघ की स्थापना की थी।

संघ के शताब्दी वर्ष के संघर्ष यात्रा का उल्लेख करते हुए इसे व्यक्ति निर्माण एवं देशहित-समाजहित को समर्पित बताया। उन्होंने देश में राष्ट्रीय आपातकाल में स्वयंसेवकों की देश भक्ति वाले प्रसंग सुना कर संघ के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कांग्रेस शासन काल के अंतर्गत चीन युद्ध के समय और गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक को आमंत्रित वाला प्रसंग भी बताया।




### संघ की असली शक्ति उनके स्वयंसेवकों के चरित्र पर: डॉ. भारद्वाज

संघ ने समय-समय पर समाज को संगठित करने और सेवा कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि संघ की असली शक्ति उनके स्वयंसेवकों के चरित्र, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा में निहित है। भारत प्रकाशन महाप्रबंधक अरुण ने अपने उद्बोधन में संघ के पंच परिवर्तन के संकल्प को लागू करने पर जोर दिया, जिसका उद्देश्य समाज में परिवर्तन लाना है। जिस प्रकार संघ समाज में कार्य कर रहा है उसी तरह समाज के हर व्यक्ति का कर्तव्य भी देश के प्रति उतना ही है। संघ सब कुछ नहीं करता लेकिन समाज में संघ विचार के द्वारा हर व्यक्ति के मन में देश भक्ति की भावना जागृत करने का काम करता है। हम समाज में सकारात्मक कार्य से व्यक्ति निर्माण का कार्य करते हैं।

### कार्यक्रम में टोली के सदस्यों का विशेष योगदान रहा

अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज के निर्देशक बृजमोहन वशिष्ठ, देवेंद्र अटल मेडिकल सुपरिटेंडेंट, सरदार परमजीत, डॉक्टर प्रियंका ने संघ के सेवा कार्यों एवं अन्य समाज हित गतिविधियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में विभाग सह संघचालक जयकिशन, गौरीदत्त विभाग सह सेवा प्रमुख, जिला संघचालक डा.चंद्रशेखर, मोहना खंड संघचालक टेकपाल, जिले के कार्यकर्ता विजयपाल, संजय, लक्ष्मण, विजय सहित मोहना खंड टोली के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## राष्ट्रीय फुटसल चैम्पियनशिप 2026 में मंत्री गोयल की सहभागिता

# कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल बोले खेल समान अवसर और सामाजिक परिवर्तन का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मानव रचना शैक्षिक संस्थान के सुंदर एवं सुव्यवस्थित परिसर में आयोजित राष्ट्रीय फुटसल चैम्पियनशिप 2026 में सहभागिता कर यह स्पष्ट हुआ कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि समान अवसर आत्मसम्मान और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि समावेशी खेल सशक्त भारत और सशक्त युवाओं के निर्माण की आधारशिला हैं।



इस मौके पर मानव रचना शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला व उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला विशेष रूप मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने स्पेशल ओलिंपिक्स भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और समावेशी खेलों के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में स्पेशल ओलिंपिक्स भारत आज एक ऐसा राष्ट्रीय मंच बन चुका है, जो दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मान आत्मविश्वास और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहा है। भारत की परंपरा एकता और समानता के मूल्यों पर आधारित रही है। आज आवश्यकता है कि इन मूल्यों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और खेल सहित हर क्षेत्र में व्यवहारिक रूप से लागू किया जाए, ताकि हर व्यक्ति को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का समान अवसर मिले। खेलों को केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित मानना उचित नहीं है। हर प्रकार की क्षमता रखने वाले खिलाड़ियों को खेलों में भागीदारी और सम्मान पाने का बराबर अधिकार है और इस अधिकार को सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस राष्ट्रीय फुटसल चैम्पियनशिप में 19 राज्यों से आए 227 खिलाड़ी और प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं जो इस आयोजन की व्यापकता और विश्वसनीयता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन केवल प्रतियोगिताएं नहीं बल्कि खिलाड़ियों के लिए गरिमा अवसर और उत्कृष्टता के राष्ट्रीय मंच होते हैं। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने आयोजन के दौरान खिलाड़ियो के स्वास्थ्य परीक्षण और युवा नेतृत्व विकास से जुड़े प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने मानव रचना शैक्षिक संस्थान और अमित भल्ला के सहयोग और उत्कृष्ट आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों और खेल संगठनों के बीच ऐसे सहयोग राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। अपने संबोधन के अंत में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, स्वयंसेवकों और आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि समावेशन भारतीय खेल संस्कृति का स्थायी स्वरूप बने।

## इस वर्ष में हुई पहली नीलामी

# 11 प्रापर्टी की नीलामी से भरी जीडीए की तिजोरी, हुई 193.82 करोड़ की आय



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जीडीए द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर,में विभिन्न योजनाओं के रिक्त आवासीय एवं व्यवसायिक भूखण्डों की नीलामी आयोजित की गई। जीडीए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल के निर्देशन में आयोजित की गई नीलामी में बोलीदाताओं ने उत्साह के साथ भूखंडों की बोली लगाई। नीलामी के माध्यम से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को 194 करोड़ रुपए की आय होने का अनुमान है। इस वर्ष की पहली ही नीलामी से प्राधिकरण को अच्छा रेस्पांस मिला है।

जीडीए को अपेक्षा से कहीं अधिक राजस्व प्राप्त होगा। अपर सचिव पीके सिंह ने बताया कि मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में पाकेट ए में रिक्त पड़े ग्रुप हाउसिंग के आठ भूखंडों की नीलामी हुई। प्राधिकरण का जोर भी सबसे अधिक मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में रिक्त पड़े भूखंड/ फ्लैटों की बिक्री पर है। गुरुवार को लोहियानगर स्थित हिन्दी भवन के सभागार में हुई नीलामी में बोलीदाताओं ने खुले दिल से बोली लगाई। एक-एक भूखंड पर कई-कई बोलीदाता दिखाई पड़े। जीडीए की प्रापर्टी को हर कोई अपने नाम करना चाह रहा था लेकिन मिली उन्हें ही जिन्होंने सर्वाधिक बोली लगाई। जीडीए की ओर से बोली लगाने के लिए नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने बोलीदाताओं को योजना में रिक्त पड़े भूखंडों की खासियत भी विस्तार से बताई जिसके कारण उन भूखंडों की बोली अच्छी लगी। मधुबन-बापूधाम के पाकेट ए में ग्रुप हाउसिंग के 2382.30 स्क्वायर मीटर वाले तीन भूखंडों का रिजर्व प्राइज 52500 रुपए प्रति स्क्वायर मीटर था। ये तीनों ही भूखंड अपने निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक क्रमशः 66500, 67100, 67300, प्रति स्क्वायर मीटर की दर से 47.86 करोड़ में बिके। इसी योजना में ग्रुप हाउसिंग का 8875 वर्ग मीटर के भूखंड का रिजर्व प्राइज 52500 रुपए प्रति वर्गमीटर था जिसे नीलामी में बोलीदाता ने 53200 रुपए प्रतिवर्ग मीटर की बोली लगाकर 47.21 करोड़ में व 8355 वर्ग मीटर के भूखंड को रिजर्व प्राइज 52500 रुपए से बढ़ाकर 53000 रुपए प्रतिवर्ग मीटर की बोली लगाकर 44.24 करोड़ में जीडीए से खरीद लिया गया। शापिंग भूखंड की नीलाम भी रिजर्व प्राइज से तीन सौ रुपए अधिक की बोली पर 71.43 लाख में, 1365 वर्गमीटर का व्यवसायिक भूखंड रिजर्व प्राइज 70000 रुपए प्रतिवर्ग मीटर की बोली से 79000 प्रतिवर्ग मीटर की अधिकतम बोली पर 10.78 करोड़ पर बेचा गया।

# चालू वित्त वर्ष में नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स के वसूले 295 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स के माध्यम से राजस्व बढ़ाने को लेकर किए जा रहे सख्त प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। निगम की टैक्स ब्रांच द्वारा डिफॉल्टर प्रॉपर्टी मालिकों के विरुद्ध चलाए जा रहे व्यापक अभियान के चलते चालू वित्त वर्ष में अब तक 295 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी टैक्स राशि निगम के खजाने में जमा हो चुकी है। यह निगमायुक्त प्रदीप दहिया के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है।

नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 410 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। वहीं, नोटिस के बावजूद टैक्स का भुगतान न करने वाली 55 प्रॉपर्टीज को सील किया गया है। इन नोटिसों और सीलिंग की कार्रवाई के परिणामस्वरूप लगभग 30 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी टैक्स राशि की वसूली संभव हुई है। निगम अधिकारियों के अनुसार, राजस्व वसूली को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। प्रॉपर्टी टैक्स संग्रह को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए हाल ही में जोनल टैक्सेशन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए पांच प्रमुख बिंदुओं पर विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। इन बिंदुओं में सर्वम कॉल डेटा के माध्यम से प्राप्त लीड्स को भुगतान में परिवर्तित करना, डीएलएफ क्षेत्रों में टीसीपी द्वारा रिपोर्ट किए गए उल्लंघनों पर कार्रवाई, हाउसिंग डॉट कॉम एवं मैजिकब्रिक्स से प्राप्त पीजी से संबंधित डेटा का विश्लेषण, साल्ट स्टेज व हाउजर जैसे ऑनलाइन पीजी प्लेटफॉर्म की लिस्टिंग तथा निगम की विज्ञापन शाखा द्वारा साझा किए गए पीजी से जुड़े अवैध विज्ञापनों का डेटा शामिल है। इन सभी स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर नगर निगम गुरुग्राम ने अब पीजी प्रॉपर्टीज के माध्यम से की जा रही टैक्स चोरी पर कड़ा शिकंजा कसने का निर्णय लिया है।

## प्रशासन की टीम ने बाल विवाह को रुकवाने में सफलता हासिल की

# डीसी बोले, बाल विवाह की रोकथाम के लिए लगातार जारी रहेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गांव राठीवास में बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन की टीम ने गुरुवार को एक बाल विवाह को रुकवाने में सफलता हासिल की। बाल विवाह पर रोकथाम के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गांव में 3 जनवरी को एक बाल विवाह की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर जाकर जांच की। पता चला कि जिस लड़की की शादी तय की गई है उसकी उम्र 17 साल है। यह पुष्टिं होने के बाद इस विवाह को रुकवा दिया गया है। विवाह अधिनियम के अनुसार शादी के लिए लड़की की आयु कम से कम 18 साल होनी आवश्यक है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी मधु जैन की संयुक्त विभागीय टीम ने बाल विवाह रूकवाने में सफलता हासिल की।



डीसी अजय कुमार ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत कानूनी अपराध है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है।

# *अज्ञात वाहन की टक्कर से डिलीवरी बॉय की मौत*

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना एरिया में वाहन की टक्कर से बाइक सवार डिलीवरी बॉ की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया। जानकारी अनुसार, फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) निवासी नीलेश कुमार (27) पिछले दो वर्षों से ऑनलाइन खाना उपलब्ध कराने वाली कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता था। वह सेक्टर-36ए में दोस्त के साथ किराये के कमरे में रहता था। नीलेश कुमार बुधवार की रात 10.45 बजे पर बाइक पर सवार होकर खाना डिलीवरी करके वापस आ रहा था तो अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि टक्कर लगने के बाद बाइक वाहन में फंस गई थी और करीब 100 मीटर पर उक्त अज्ञात वाहन बाइक को घसीटते हुए ले गया। जिसके निशान घटनास्थल पर मिले हैं।

## आरोपियों के पास से 5 मोबाइल और चाकू जब्त

# चाकू की नोक पर मोबाइल फोन लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद


थाना सिहानी गेट पुलिस ने गुरुवार को हथियार के बल पर लूट करने वाले 03 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 5 मोबाइल व घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद हुए हैं।

एसीपी प्रियांशी पाल ने बताया कि दिनांक 07 जनवरी को को राजू वर्मा निवासी ग्राम काऊसती जिला नोलपुर, सुनौली बार्डर नेपाल ने सूचना दी कि मेरा भतीजा सुनील उडुपी नवयुग मार्किट से काम करके वापिस आ रहा था। तभी जीडीए गेट के पीछे मोटरसाइकिल सवार 2 अज्ञात लड़कों ने चाकू से हमला कर उसका मोबाइल लूट लिया है। घायल को उपचार हेतु तत्काल संतोष हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों के अनुसार घायल खतरे से बाहर है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा, लोकल इनपुट व मुखबिर की सूचना के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले 03 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार बदमाशों में वीर उर्फ कल्लू उर्फ बल्लू, सोनू व अमन है। जिन्हें चैकिंग के दौरान बस अड्डे के पास रैन बसेरे के पीछे खाली जगह से मय 5 मोबाइल सहित मय घटना में प्रयुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारनौल**

अभियोग संख्या 246 दिनांक 09-10-2025 धारा 127 (6) BNS
थाना सदर नारनौल



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- राकेश कुमार
**पिता का नाम**- राजबीर
**पता**-चिन्डालिया, थाना सदर नारनौल
**कद**- 5 फुट 9 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुँआ, गोल चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर, आसमानी रंग की टीशर्ट और नीली जींस व पैरों में जूते पहने हुए, उम्र 35 साल

दिनांक 25-09-2025 को राकेश कुमार पुत्र राजबीर निवासी चिन्डालिया, थाना सदर नारनौल, घर से ड्यूटी पर जाने के लिए गया था, लेकिन वह अपनी यूनिट और ड्यूटी पर नहीं पहुंचा, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबंधक थाना सदर नारनौल 7056606013**
2. **पुलिस कंट्रोल रूम नारनौल - 7056606002**
3. **प्रभारी गहली चौकी- 7056606024**

पीआरडीएच-1084/11/4330/2026/41859/88/7 दि. 08.01.26

## राष्ट्रपति के नाम सीटीएम अंकित कुमार को ज्ञापन सौंपा

# सीपीआई और सीपीएम के कार्यकर्ताओं ने अमेरिकी तानाशाही के खिलाफ प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सीपीआई और सीपीएम के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को अमेरिका की तानाशाही के खिलाफ लघु सचिवालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के फौरन बाद देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम सीटीएम अंकित कुमार को ज्ञापन सौंपा।



कड़ाके की ठंड होने के बावजूद भी दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता आज सवेरे राजस्थान भवन के सामने सेक्टर 12 में एकत्रित हुए यहां पर एक विरोध सभा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सीपीआई के कामरेड बेचू गिरी ने की, संचालन सीपीएम के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। उन्होंने बताया कि सभी अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को ताक पर रखकर अमेरिका ने 3 जनवरी को वेनेजुएला पर हमला किया। इसके बाद वहां के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को नाजायज तौर पर जबरन गिरफ्तार करके न्यूयॉर्क ले गए। वहां पर उनके खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी का झूठा मुकदमा बनाकर उन्हें जेल में डाल रखा है। सभा को सीपीआई के जिला सचिव कामरेड आर एन सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल भंडारों और खनिज पदार्थों पर कब्जा करने के लिए वहां की चुनी हुई। सरकार को बेदखल कर रहा है। जो किसी भी तरह से उचित नहीं है। सभा को सीपीएम के नेता शिवप्रसाद और नवल सिंह और सीपीआई के नेता रामप्रसाद ने संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका का यह कदम निर्वाचित सरकार की संप्रभुता को चोट पहुंचाना है। सभा के तुरंत बाद प्रदर्शनकारी लघु सचिवालय पर पहुंचे। यहां पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका गया। सभा का समापन करते हुए कामरेड बेचू गिरी ने बताया कि अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा रखा है। हमारे देश की सरकार को अमेरिका पर दबाव डालना चाहिए कि वह वेनेजुएला के गिरफ्तार राष्ट्रपति को अविलंब रिहा करें।

गुरुवार को हुए प्रदर्शन के मौके पर कामरेड निरंतर पराशर, विजय झा, वीरेंद्र पाल, बैजू सिंह, मिथिलेश कुमार, धर्मवीर वैष्णव, केपी सिंह, अनिल कुमार, कामेश्वर ठाकुर, राम तीरथ, विनोद कुमार, दयाल, चंद्र प्रकाश, रामजीत चौधरी, सुरेश यादव, हरिश्चंद्र, कामरेड शुभ नारायण, शीला देवी, अरुण कुमार, सुरेश मंडल, आकाश, दीपक, शीशपाल, राजेश आदि उपस्थित रहे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) मनोज (2) मनीष, पुत्र** जगदीश प्रसाद, **निवासी** मकान नं0 230/20, सी-1, गली नं0-6, मंडावली, दिल्ली, ने **FIR No. 492/2015, पुलिस स्टेशन मंडावली, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) मनोज (2) मनीष** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) मनोज (2) मनीष** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 492/2015, पुलिस स्टेशन मंडावली, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) मनोज (2) मनीष** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.03.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सचिन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03, पूर्व जिला,**
**कमरा नं0 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/347/ED/2026**
**(Court Matter)**

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे, के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, दिल्ली मंडल के आनन्द विहार रेलवे स्टेशन पर पार्सल स्कैनर के लिए **(i)** एंट्री ऑफ पार्सल शेड PF No. 1- एनडीएलएस End **(ii)** पार्सल गोडाउन के पास- laundary के सामने **(iii)** वॉशिंग लाइन-गाजियाबाद स्टेशन End तथा **(iv)** कैपिटल स्टोर के पास- (वॉशिंग लाइन-एनडीएलएस End) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा 05 (पांच) वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:

| ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है। |
|---|---|
| 23.01.2026 को 13:00 बजे | पार्सल स्कैनर आनंद विहार रेलवे स्टेशन के लिए **(i)** एंट्री ऑफ पार्सल शेड PF No. 1- एनडीएलएस End **(ii)** पार्सल गोडाउन के पास-laundary के सामने **(iii)** वॉशिंग लाइन-गाजियाबाद स्टेशन End तथा **(iv)** कैपिटल स्टोर के पास- (वॉशिंग लाइन-एनडीएलएस End) के प्रबंधन और संचालन हेतु 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचना:** 1. ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। **96/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## खबर संक्षेप

### रांची के सभी स्कूल 10 जनवरी तक बंद

**रांची।** झारखंड में लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए एक बार फिर रांची जिले के सभी



स्कूलों को दस जनवरी तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग, रांची द्वारा जारी विशेष बुलेटिन में अगले कुछ दिनों तक भीषण ठंड और शीतलहर की चेतावनी दी गई है, जिसके मद्देनजर जिला प्रशासन ने एहतियातन यह फैसला लिया है।

### सपा विधायक व विजय सिंह गोंड का निधन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और दुद्धी विधायक विजय सिंह गोंड का लखनऊ के



एसजीपीजीआई में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि विधानसभा अध्यक्ष अवधनारायण यादव ने की। लंबे समय से बीमार चल रहे विजय सिंह गोंड की दोनों किडनी खराब हो गई थी, उन्हें एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। आदिवासी राजनीति के 'पितामह' कहे जाने वाले गोंड के निधन से पूरे सोनभद्र और आस-पास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई।

### यूपी में चार आईएएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ।** यूपी में राज्य सरकार ने गुरुवार को चार आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया।




महानिदेशक पर्यटन राजेश कुमार द्वितीय को राज्य मानवाधिकार आयोग के सचिव के पद पर भेजा गया है। डॉ. वेदपति मिश्रा को महानिदेशक पर्यटन बनाया गया है। प्रतीक्षारत चल रहे प्रशांत कुमार को राज्य सूचना आयोग का सचिव बनाया गया है। प्रांजल यादव से सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रभार से अवमुक्त कर दिया गया है।

# मुख्यमंत्री योगी से मिले अयोध्या महापौर, विकास कार्यों को लेकर रखीं अहम मांगें

## शहरी विकास से जुड़े मुद्दों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी के विकास को नई रफ्तार देने के लिए अयोध्या की महापौर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। लखनऊ स्थित 5, कालिदास मार्ग मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस भेंट के दौरान महापौर ने मुख्यमंत्री को हनुमानगढ़ी का प्रसाद भेंट किया और आंग्ल नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दीं।

अयोध्या के शहरी विकास से जुड़े मुद्दों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इसके साथ ही रामनगरी के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

महापौर ने मुख्यमंत्री के समक्ष अयोध्या के नए और विस्तारित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की कार्य योजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि शहर का दायरा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन कई इलाकों में अभी भी सड़क और प्रकाश व्यवस्था कमजोर है। इसे देखते हुए महापौर ने प्रस्ताव रखा कि विस्तारित क्षेत्रों की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाए, जिससे रात के समय सुरक्षा बढ़े और लोगों को आने-जाने में सहूलियत मिले।

**खास बातें**

- महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने सीएम को नए साल की बधाई दी
- सीएम को विकास मुद्दों से अवगत कराया



### क्षेत्र की खूबसूरती बढ़ेगी

इसके साथ ही महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कैंट क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर आधुनिक पेंसिल स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग भी रखी। उनका कहना था कि कैंट क्षेत्र संवेदनशील और महत्वपूर्ण इलाका है, जहां सौंदर्य के साथ-साथ बेहतर रोशनी की जरूरत है। पेंसिल स्ट्रीट लाइट से न सिर्फ कम बिजली खर्च होगी, बल्कि क्षेत्र की खूबसूरती भी बढ़ेगी। महापौर ने कहा कि अयोध्या धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से तेजी से उभर रहा है। हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक रामनगरी पहुंच रहे हैं। ऐसे में मजबूत बुनियादी ढांचा शहर की छवि को और बेहतर बनाएगा।

### सीएम ने मांगों को गंभीरता से सुना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महापौर की मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को प्रस्तावों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि अयोध्या के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

## 5 से 20 फरवरी तक आधार कार्ड के अंतिम चार अंकों से इनकी जांच की जाएगी

# यूपी के रायबरेली पंचायत चुनाव की लिस्ट में 9.93 लाख वोटर डुप्लीकेट, अब आधार कार्ड से ऐसे होगी जांच

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन हो गया है। इस सूची में लगभग 9 लाख 93 हजार चार सौ 82 संभावित डुप्लीकेट मतदाता हैं, उनके नाम कई स्थानों पर सूची में शामिल हैं। इसको लेकर 5 से 20 फरवरी तक सभी मतदाताओं की जांच की जाएगी। आधार कार्ड के आखिरी चार अंकों से मतदाता का मिलान होगा। इसके बाद अतिरिक्त मतदाताओं का नाम सूची से हटाया जाएगा। गांवों में चौपाल के साथ ही संभावित उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। गांव के गलियारों में पंचायत चुनाव की चर्चा है। निर्वाचन विभाग भी अपनी तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा है। प्रत्याशियों की जमानत राशि से लेकर प्रचार में व्यय होने वाली धनराशि की घोषणा भी की जा चुकी है।

*निर्वाचन अधिकारी तैयारी में जुटे, गांव के गलियारों में पंचायत चुनाव की चर्चा शुरू*



### इनका कहना है

अंतिम सूची में मिले डुप्लीकेट मतदाताओं की जांच कराई जाएगी। पांच से 20 फरवरी तक जांच कर डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम सूची से हटाया जाएगा। आधार कार्ड के आखिरी चार डिजिट से इनका सत्यापन किया जाएगा। सभी खंड विकास अधिकारी इसके नोडल बनाए गए हैं।


**- विनायक शुक्ला, सहायक निर्वाचन अधिकारी, रायबरेली**

### प्रकाशन के बाद सूची में लाखों मतदाता हुई डुप्लीकेट

मतपेटियां आ गई हैं। मतदाता प्रपत्र छपने के साथ ही मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन हो गया है। प्रकाशन के बाद सूची में लाखों मतदाता डुप्लीकेट पाए गए है। ऐसे में करीब 15 दिनों तक अभियान चलाकर सूची के डुप्लीकेट नामों की जांच की जाएगी। सभी नामों की जांच आधार कार्ड के आखिरी चार अंक से होगी, इससे साफ हो सकेगा कि एक मतदाता का नाम कितने बूथों में दर्ज है। इस काम के लिए 18 ब्लाकों के खंड विकास अधिकारियों को नोडल बनाया गया है। सभी डुप्लीकेट मतदाताओं की जांच कर सूची से नाम हटाया जाएगा।

## उद्देश्य भूमि डेटा को सटीक और विश्वसनीय बनाना

# बिहार एग्री स्टेक योजनाः जमाबंदी वेरिफिकेशन के लिए 15 अधिकारियों को मिला जिलों का प्रभार



एजेंसी ▶▶ पटना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने एग्री स्टैक योजना के तहत किसानों की जमाबंदी सत्यापन की जिम्मेवारी विभाग के 15 वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दी है। इसे अभियान का दर्जा दिया गया है। सभी नामित पदाधिकारी 10 जनवरी तक अपने लिए आवंटित जिला मुख्यालय में शिविरों के माध्यम से जमाबंदी दावों के सत्यापन की निगरानी करेंगे।

विभाग का मानना है कि इस अभियान से एग्री स्टैक के अंतर्गत किसानों का भूमि डेटा अधिक सटीक, अद्यतन और भरोसेमंद होगा। किसानों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

चकबंदी निदेशक राकेश कुमार को मधेपुरा, सुपौल और सहरसा, विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह को रोहतास, कैमूर और बक्सर, निदेशक, भू-अर्जन कमलेश कुमार सिंह को पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अपर सचिव डॉ. महेन्द्र पाल को पूर्णिया, किशनगंज, अररिया और कटिहार, सहायक निदेशक आजीव वत्सराज को दरभंगा और समस्तीपुर जिलों का दायित्व सौंपा गया है।

विशेष कार्य पदाधिकारी मणिभूषण किशोर बेगूसराय और खगड़िया जिलों में पर्यवेक्षण करेंगे। विशेष कार्य पदाधिकारी सुधा रानी को सारण और गया जिलों की जिम्मेदारी दी गई है।

## प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश भेजे

# 24 पार वाले शपथ पत्र पर बन सकेंगे मतदाता, सभी शिक्षण संस्थाओं में रजिस्ट्रेशन के लिए बनेगी हेल्पडेस्क

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद कच्ची मतदाता सूची जारी कर दी है। अब निर्वाचन आयोग का जोर वंचित युवा मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में शामिल करने पर रहेगा। 24 वर्ष से अधिक उम्र के वंचित मतदाताओं को अपना नाम शामिल कराने के लिए अन्य जरूरी दस्तावेजों के साथ इस आशय का शपथ पत्र भी देना होगा कि उसका नाम किसी दूसरे विधानसभा क्षेत्र में नहीं है। नए और युवा मतदाताओं के पंजीकरण को प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत रणनीति जारी की गई है। इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश भेजे गए हैं। अभियान का उद्देश्य 18 वर्ष पूरे कर चुके पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं के नाम अधिकतम संख्या में मतदाता सूची में शामिल करना है।



### एक नजर ऑनलाइन पंजीकरण पर

- सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी कॉलेजों/ विश्वविद्यालयों में मतदाता पंजीकरण के लिए कोऑर्डिनेटर और हेल्पडेस्क स्थापित की जाएंगी।
- एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) का सहयोग लेकर एनएसएस कोऑर्डिनेटर को पंजीकरण कोऑर्डिनेटर नामित किया जाएगा।
- हर कॉलेज में एक कक्ष को वोटर रजिस्ट्रेशन रूम बनाया जाएगा, जहां कंप्यूटर व इंटरनेट से ऑनलाइन पंजीकरण होगा।
- युवाओं को ध्यान में रखते हुए ईसीनेट मोबाइल ऐप और **voters.eci.gov.in** पोर्टल का व्यापक प्रचार किया जाएगा।
- आठ जनवरी को बड़े कॉलेजों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता पंजीकरण अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।
- सरकारी विभागों, बैंकों, पोस्ट ऑफिस, औद्योगिक व व्यावसायिक संस्थानों में भी व्यापक प्रचार-प्रसार होगा।
- कार्यक्रमों का फोटो-वीडियो कवरेज कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### क्रिप्टो मार्केट क्रैश...

में भी दो फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। रिपल भी 7 फीसदी से ज्यादा लुढ़क गई। 24 घंटे पहले बुधवार शाम 4:30 बजे क्रिप्टो का ग्लोबल मार्केट कैप 3.16 ट्रिलियन डॉलर था। गुरुवार शाम 4:30 बजे यह करीब 2.36 फीसदी की गिरावट के साथ 3.09 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया। ऐसे में क्रिप्टो निवेशकों के 24 घंटे में करीब 6.30 लाख करोड़ रुपए डूब गए। क्रिप्टो मार्केट में गिरावट के कारण बिटकॉइन की कीमत फिर से 90 हजार डॉलर से नीचे आ गई है। हाल में इसमें कई दिनों बाद 90 हजार डॉलर का आंकड़ा पार किया था। क्रिप्टो मार्केट में गिरावट का सबसे बड़ा कारण मुनाफावसूली को माना जा रहा है। वहीं वेनेजुएला इफेक्ट भी क्रिप्टो मार्केट पर पड़ा है।

### एआई मॉडल पर..

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भारतीय एआई मॉडल स्थानीय और स्वदेशी कंटेंट के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं को भी प्रोत्साहित करें। इस राउंडटेबल बैठक में अवतार, भारत जेन, फ्रेक्टल, गण, जेनलूप, ज्ञानी सहित कई प्रमुख भारतीय एआई स्टार्टअप्स के सीईओ, प्रमुख और प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भूपेंद्र अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी उपस्थित रहे।

### अब भारत पर '50 ...

फ्लोरिडा से एयरफोर्स वन विमान में लौटते वक्त पत्रकारों से बातचीत में भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ में जल्द ही एक बार फिर से भारी बढ़ोतरी करने का चेतावनी के साथ संकेत दे दिया था। जिसे अब वो इस विधेयक के जरिए जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाने जा रहे हैं। अपने बयान में उस वक्त अमेरिकी राष्ट्रपति ने हालांकि इस मामले पर विस्तार से तो कुछ नहीं कहा था। लेकिन इतना जरूर बताया था कि भारत पर अगर आगामी वक्त में टैरिफ को और अधिक बढ़ाया जाता है। तो उसके पीछे नई दिल्ली द्वारा यूक्रेन युद्ध के बीच लगातार रूस से की जा रही तेल की खरीद ही सबसे बड़ा कारण है। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी एक बहुत अच्छे व्यक्ति और इंसान हैं। लेकिन वो जानते हैं कि मैं खुश नहीं हूं और यह महत्वपूर्ण है कि मैं खुश रहूं। भारत, रूस के साथ व्यापार कर रहा है और हम बहुत जल्द ही उस पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को बढ़ाने जा रहे हैं।

**500% टैरिफ वाले विधेयक के मुख्य बिंदु**

-विधेयक में उन 4 प्रतिबंध शर्तों का उल्लेख किया गया है। जिसके तहत किसी व्यक्ति या देश पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। इनमें-

1.यूक्रेन के साथ शांति वार्ता में भागीदारी करने से इंकार पर।

2.वार्ता के साथ हुए शांति समझौते का उल्लंघन करने पर।

3.यूक्रेन पर एक और बार आक्रमण की शुरुआत करने पर।

4.यूक्रेन की सरकार को गिराने, हटाने या तख्तापलट की कोशिश पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। अगर कोई देश इनमें से किसी का भी दोषी पाया गया तो ये विधेयक अमेरिका के राष्ट्रपति को यह अधिकार देता है कि वो संबंधित देश या व्यक्ति पर प्रतिबंध लगा सकते हैं। जिसमें वीजा प्रतिबंध से लेकर टैरिफ को बढ़ाकर 500 फीसदी तक किया जा सकता है। साथ ही विधेयक से अमेरिका का वित्त विभाग प्रतिबंधों के रूप में संपत्ति को जब्त कर सकता है। जबकि वाणिज्य विभाग निर्यात, पुनः निर्यात और अमेरिका द्वारा उत्पादित ऊर्जा उत्पाद के रूस जाने पर रोक लगा सकता है।

### भारत पर पिछले साल ...

तरफ से किसी देश पर लगाया गया सर्वाधिक टैरिफ है। राष्ट्रपति ट्रंप खुद टैरिफ के मामले में ब्रिक्स देशों पर अत्यधिक टैरिफ लगाने के पक्ष में हैं। वर्तमान में समूह के देशों में भारत के अलावा ब्राजील पर भी अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इसके अलावा चीन पर 30 फीसदी अमेरिकी टैरिफ लागू है। जबकि रूस यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका द्वारा लगाए गए व्यापक प्रतिबंधों का सामना कर रहा है।

### यूक्रेन में रुकेगा ...

जबरदस्त दबाव बनाने की शक्ति प्रदान करेगा। जिससे उन्हें सस्ते रूसी तेल की खरीद बंद करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा, जो यूक्रेन के खिलाफ पुतिन के रक्तपात के लिए वित्तपोषण प्रदान करता है। मुझे उम्मीद है कि अगले सप्ताह के शुरू में ही एक मजबूत द्विदलीय मतदान होगा।

### भारत के खिलाफ ...

से रोक लगा दी है। जबकि चेन्नई और मुंबई में पर्यटक सहित बाकी वीजा सेवाएं रोकी गई हैं।

**सुरक्षा कारणों को बताया निर्णय का आधार :** बीते बुधवार को बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत को लेकर वीजा सेवाओं पर जो रोक लगाई है। जिसके पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है। फैसले के दिन ही यानी 7 जनवरी को बांग्लादेश ने भारत में मौजूद अपने तमाम राजनयिक परिसरों को इस बाबत सूचित भी कर दिया था।

**भारत ने भी बंद किए वीजा केंद्र :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा के बढ़ते मामलों के बीच भारत ने बीते दिनों पड़ोसी देश में बने हुए चिंताजनक सुरक्षा हालात के मद्देनजर खुलना और राजशाही में अपने दो वीजा आवेदन केंद्र बंद किए थे। जिसके जवाब में बांग्लादेश ने भी भारत में अपनी वीजा सेवाएं रोकने का ऐलान किया था। भारत पहले ही यह साफ कर चुका है कि वो अपने निकट पड़ोसी देश और वहां की आम जनता के साथ सकारात्मक रूप से संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के पक्ष में है। इसके अलावा अगले फरवरी महीने में बांग्लादेश में होने वाले आम चुनाव को लेकर भारत ने स्वतंत्र, पारदर्शी और सभी पक्षों की भागीदारी के साथ समावेशी चुनाव कराने पर जोर दिया है। वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बीते दिनों बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों (दीपू चंद्र दास का मुख्य रूप से जिक्र किया) की हत्या के मामलों की कड़ी निंदा करते हुए देश के नागरिकों की सुरक्षा करना अंतरिम सरकार का प्रमुख दायित्व बताया है।

### टैक्सटाइल सेक्टर....

सेक्टर की वैल्यू चेन में राज्य सरकार ने 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश कराया है। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को गुवाहाटी में आयोजित वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। सम्मेलन को केंद्रीय वस्त्र राज्यमंत्री पवित्रा मार्गरिटा, वस्त्र मंत्रालय की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव तथा वस्त्र मंत्रालय के अपर सचिव रोहित कंसल ने भी संबोधित किया। वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के टैक्सटाइल और उद्योग मंत्री तथा अधिकारी शामिल हुए।

### भाजपा अध्यक्ष ...

व कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान राज्य भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य और नेता मौजूद थे। एयरपोर्ट से नड्डा सीधे होटल पहुंचे, जहां दोपहर में उन्होंने प्रदेश भाजपा की नई कार्यसमिति के सदस्यों के साथ संगठनात्मक बैठक की। इसके बाद शाम में उन्होंने कोलकाता के स्प्रिंग क्लब में डाक्टरों के साथ संवाद किया। ज्ञात हो कि नड्डा के दौरे से एक दिन पहले बुधवार को ही प्रदेश भाजपा ने 34 सदस्यीय अपनी नई कार्यसमिति की घोषणा की थी। सांगठनिक बैठकों में नड्डा चुनावी तैयारियों का जायजा लेंगे। पश्चिम बंगाल में कुछ माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के एक हफ्ते बाद भाजपा नेता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा गुरुवार को कोलकाता की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे।

### सुप्रीम कोर्ट....

गलियारों और मरीजों के आसपास कितने कुत्तों को घूमने की अनुमति दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि बच्चे, वयस्क, सभी को काटा जा रहा है। लोग मर रहे हैं।

**निविदा सूचना संख्याः CON/2025/DEC/09, दिनांकः 19-12-2025 के लिए शुद्धिपत्र - 2**

निविदा संख्याः CE/CON/KK/MIS/2025/08 के विपरीत निविदा सूचना संख्याः CON/2025/DEC/09 के लिए शुद्धिपत्र - 2 जारी किया गया है। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

मुख्य अभियंता/कॉन/केआईआर
डीएल प्रोजेक्ट/मालीगाँव
पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा पंजीकृत क्रेता/फर्म, जो यूज्ड ऑयल/अनयूज्ड ऑयल के लिये रिसाईकिलर्स/रिप्रोसेसर्स के रूप में पंजीकृत है। सामान्य भण्डार डिपो/उ0रे0/शकूरबस्ती में दिनांक 19.01.2026 (10.00 बजे) से होने वाली ई-नीलामी में बोली के द्वारा खरीदारी हेतु निम्न लॉट आमंत्रित किये जाते हैं:-

| क्रम सं. | लॉट सं. | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | DSL-TKD-30 | रिफयूज्ड ऑयल, 200 किलोग्राम क्षमता वाले ड्रम के साथ में जैसा है जहाँ है के आधार पर, अगर डिलीवरी के समय खरीदार को पानी मिला तो उसे अलग करने की अनुमति है। खरीददार द्वारा लोडिंग। लोकेशनः- ओ.आर.पी. प्लांट, डीजल शेड, तुगलकाबाद में। | 80000 किलोग्राम (400 ड्रम के साथ में) |

रेलवे उपरोक्त दिनांक को यूज्ड ऑयल के ई-नीलामी को बिना बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिना बिके हुए सामग्री यूज्ड ऑयल यदि शेष हो तो आगे होने वाली ई-नीलामी में रखा जायेगा। पूर्ण विवरण के लिये वेबसाइट www.ireps.gov.in पर नीलामी सूची दिनांक 19.01.2026 पर देखें।

पत्र सं0-स्क्रैप यूज्ड ऑयल/ई-नीलामी/शकूरबस्ती/2025-26 दिनांकः 07.01.2026 82/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत एसएसई/डब्ल्यू/कुरुक्षेत्र के खंड में DUK पर LHS 94, 96 और NK खंड पर LHS 24 की जल निकासी व्यवस्था में सुधार।<br>2. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत एसएसई/डब्ल्यू/कुरुक्षेत्र के खंड में कैथल स्टेशन (केएलई) पर प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 को रेल स्तर से उच्च स्तर तक ऊंचा करना और विस्तारित करना।<br>3. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के अंतर्गत NRW-KKDE सेक्शन में CTR(S) पैसेंजर रनिंग लूप लाइन्स 5.314 TKM KLE और PHWR यार्ड में। |
| अनुमानित लागत | 1. रु.1,03,09,177.62/- 2. रु.2,37,23,942.14/- 3. रु.2,33,19,397.75/- |
| धरोहर राशि | 1. रु.2,01,600/- 2. रु.2,68,600/- 3. रु.2,66,600/- बयाना राशि केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के रूप में होनी चाहिए।<br>नोटः एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधी | 1. 06 महीने 2. 12 महीने 3. 12 महीने |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 30.01.2026 को 15.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 30.01.2026 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| सामान प्रकार के कार्य | 1 एंड 2 ट्रैक काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य।<br>3. सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग, ट्रैक की परेशानी, टैम्पिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन जैसी ट्रैक रखरखाव मशीन के लिए पूर्व और बाद के काम और टी-28 द्वारा टीआरआर शामिल है। |

नोटः शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

पत्र संख्या : 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/25-26/डब्लू-I (NIT-39-40 & 41)
दिनांकः 07.01.2026 83/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी**
गुरूग्राम (हरियाणा)
E-mail : deeogurugram@gmail.com

**नीलामी सूचना**

दिए गए कार्यक्रम अनुसार जो जहां है-जैसा है के आधार पर जर्जर भवन / कमरों को तोडने, सल्वेजड मैटीरियल को अधिकार में लाने सहित मौजूदा ढांचे की डिसमंटलिंग सामग्री की स्थल से सफाई के उदेश्य हेतु खण्ड गुरुग्राम जिला गुरुग्राम में रा० प्रा० वि चन्द्र के पुरानी व असुरक्षित ईमारतों / कमरों की नीलामी :-

| क्रमांक | ईमारत का नाम | कमरों की संख्या | अनुमानित लागत | लोकेशन | नीलामी की तिथि, समय, स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा० प्रा० वि चन्द्र | 02 | 63851/- | रा० प्रा० वि चंदू | स्थानः खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गुरुग्राम दिनांकः 21.01.2026 समयः 11:00 बजे प्रातः |

1. प्रत्येक बोलीदाता को अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बैंकड़ाफ्ट के रुप में 25000 रु की राशि बोली के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए जमा करवानी होगी जो सफल बोलीदाता को छोड़कर नीलामी की समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
2. सफल बोलीदाता को बोली राशि 100 प्रतिशत हथौड़ा गिरते ही जमा करवानी होगी। असफल रहने पर जमा करवाई गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. सफल बोलीदाता को कुल बोली का 10 प्रतिशत जमानत के तौर पर अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में ड्राफ्ट के रुप में जमा करवानी होगी जो कार्य समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
4. इमारत अनुमोदन जारी के एक माह में इमारत तोड़ी जानी चाहिए तथा स्थल मलबा रहित होना चाहिए जिसके असफल रहने पर शेष साल्वेज्ड पर सरकार द्वारा कब्जा ले लिया जाएगा।
5. पार्टियों के मध्य किसी भी विवाद की स्थिती में न्यायिक क्षेत्राधिकार गुरुग्राम रहेगा।
6. अगर अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण डिसमेंटलिंग के लिए ईमारत का कब्जा समय में नहीं दिया है तो ठेकेदार को काई राहत नहीं दी जाएगी। केवल समय बढ़ाया जाएगा।

**नोटः- बोलीदाता बोली व नीलामी होने से पहले स्थल (विद्यालयों की असुरक्षित इमारतों/कमरों) को देख सकते हैं।**

हस्ता/- जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी
गुरुग्राम।

पीआरडीएच-1132/11/100/2026/41875/88/7 दि. 08.01.26

**जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी**
गुरूग्राम (हरियाणा)
E-mail : deeogurugram@gmail.com

**नीलामी सूचना**

दिए गए कार्यक्रम अनुसार जो जहां है-जैसा है जिला स्तर पर मिड डे मील स्कीम के अंतर्गत Gunny Bags (बारदाना) का Disposal Auction द्वारा किया जाना है -

| क्रमांक | न्यूनतम बोरियों की संख्या जूट / प्लास्टिक बैग | लोकेशन | नीलामी की तिथि, समय |
|---|---|---|---|
| 1. | चावल-13586 गेहू-6804 | ANNAMRITA/ ISKCON FOUNDATION Plot No- 534 Sector-37 Gurugram | दिनांक :- 19.01.2026 समय : प्रातः 11:00 बजे |

1. प्रत्येक बोलीदाता को अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट/चेक के रुप में 50000 रु. की राशि बोली के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए जमा करवानी होगी जो सफल बोलीदाता को छोड़कर नीलामी की समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
2. नीलामी होने के बाद बोली द्वारा सम्पूर्ण राशि का भुगतान बोरी उठाने के बाद (दिनांक 22.01.2025) डी.डी. के माध्यम से DEEO GURUGRAM के FAVOUR में की जानी है। सिक्यूरिटी बैंक ड्राफ्ट/चेक आपको वापिस कर दिया जाएगा।
3. नीलामी पश्चात बोलीदाता बारदाने को तीन दिनों के अंदर उठाना सुनिश्चित करे अन्यथा 500/-रुपए प्रतिदिन जुर्माना वसूला जाएगा।
4. पार्टियों के मध्य किसी भी विवाद / विपरीत परस्थितियो में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम का निर्णय अंतिम होगा।

हस्ता/- जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी
पीआरडीएच-1132/11/99/2026/41846/88/7 दि. 08.01.26 गुरुग्राम।

# गुड़-तिल-मूंगफली टेस्टी भी-हेल्दी भी

बच्चो, जाड़े के मौसम में बहुत सी हेल्दी चीजें खाने को मिल जाती हैं। जनवरी माह में मकर संक्रांति पर्व भी आता है, इस अवसर पर तिल-मूंगफली से बने व्यंजनों के खाने का एक अलग ही मजा है, जो हमारी हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। सर्दियों में और कौन-कौन सी हेल्दी-टेस्टी चीजें खाई जा सकती हैं, जो हमें फिजिकली-मेंटली फिट रखती हैं, जानो।



सीजनल डाइट
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, हेल्दी डाइट से ही हमारा शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहता है। स्वस्थ आहार में बहुत-सी चीजें शामिल होती हैं, जैसे- सब्जियां, अनाज, फल, ड्राई फ्रूट्स और दूध-दही। बहुत से फूड आइटम्स भी हमारी हेल्दी डाइट का हिस्सा होते हैं। हमारे देश में तो मौसम के हिसाब से भी खान-पान तय किया गया है। तुमने देखा होगा कि घर में मौसम के बदलते ही खाने-पीने की चीजें भी बदल जाती हैं। इन दिनों जाड़े में मूंगफली, तिल और गुड़ की बनी चीजें खूब दिख रही हैं। ये ट्रेडिशनल फूड आइटम्स सर्दियों के लिए एनर्जी बूस्टर हैं। इनसे मिलने वाले पोषक तत्व, साल भर हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं।

## स्वास्थ्य के रक्षक

सर्दी के मौसम में खाए जाने वाले तिल-मूंगफली के पकवान बहुत न्यूट्रीशस होते हैं। ये हर एज ग्रुप के लोगों को पसंद आते हैं। इनकी तासीर यानी हमारे शरीर पर पड़ने वाला असर, गर्म होती है। जिसके चलते इनसे बनी सभी चीजें शरीर को ठंड से बचाती हैं। तिल की बने लड्डू हों या मूंगफली की चिक्की, सर्दियों में सबके साथ धूप में बैठकर या अलाव तापते हुए इन्हें खाने का मजा ही कुछ और है! ठंड से बचाव करने और सेहत बनाने वाले ये क्रंची स्नैक्स, अपनों



के साथ समय बिताने का भी अवसर देते हैं। तिल और मूंगफली में न केवल प्रोटीन बल्कि कई विटामिन और ओमेगा 6 जैसे न्यूट्रिएंट्स भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इन दोनों में ही कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं। इसीलिए तिल के लड्डू खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं। ये हमारी डाइजेस्टिव हेल्थ को बेहतर रखते हैं। वहीं पीनट्स यानी मूंगफली भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। पीनट्स खाने से ब्रेन फंक्शनिंग भी सुधरती है। बच्चो, नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी में सामने आया है कि तिल और मूंगफली में हेल्दी फैट होता है। इसीलिए ठंड के मौसम में इन चीजों को जरूर खाना चाहिए। ये ठिठुराती सर्दी में खेलने-कूदने और एक्टिव रहने का एनर्जी बूस्टर डोज हैं।

## मिठास का सेहतमंद साथ

बच्चो, तिल, मूंगफली को जब गुड़ का साथ मिलता है, तो ये स्वादिष्ट ही नहीं और अधिक गुणकारी भी बन जाते हैं। तिल, गुड़ और मूंगफली, ये तीनों चीजें ठंड के मौसम के लिए सुपरफूड हैं। इनसे बनी चीजें खाने में बहुत टेस्टी लगती हैं। इन्हें स्कूल के टिफिन में ले जाना भी बहुत आसान है। तिल और मूंगफली तो पौष्टिक हैं ही, गुड़ में भी आयरन, मैग्नीशियम और कैल्शियम जैसे कई मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को एनर्जी और गर्माहट देने का काम करते हैं। गुड़ में विटामिन ए, सी और ई भी होते हैं। असल में गुड़ में मौजूद शुगर, सुक्रोज और फ्रक्टोज के रूप में होती है, इसलिए इसका स्वाद मीठा और तुरंत एनर्जी देने वाला होता है। यही कारण है कि गुड़ खाने से मानसिक और शारीरिक स्ट्रेस भी कम होता है। गुड़ में मिठास ही नहीं जिंक, सेलेनियम और एंटीऑक्सिडेंट्स भी होते हैं। ये ना सिर्फ हमारे शरीर को इंफेक्शन से बचाते हैं बल्कि इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं। तिल और मूंगफली के लड्डू, गजक, बर्फी, तिलपट्टी, तिलकुट या चिक्की बनाने के लिए गुड़ का ही इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में इन चीजों को खाना इम्यूनिटी, मूड और अपनेपन का मिठास भरा बूस्टर डोज बन जाता है।

## ट्रेडिशनल टेस्ट का कमाल

बच्चो, तिल, मूंगफली और गुड़ जैसी चीजों की न्यूट्रिशनल वैल्यू को हमारे बड़े-बुजुर्ग हमेशा से समझते आए हैं। सर्दियों में आने वाले त्योहार, जैसे मकर संक्रांति और लोहड़ी पर तो खासतौर पर इन चीजों को खाया जाता है। सर्दियों में हमारे घरों में इन चीजों से पारंपरिक और पौष्टिक मिठाई बनाने का ट्रेंड रहा है। आज भी विंटर सीजन में दादी-नानी तिल के लड्डू बनाकर भी अपना प्यार जताती हैं। बच्चो, समझना जरूरी है कि तिल, मूंगफली से बनी मिठाई,



स्नैक्स का बहुत हेल्दी ऑप्शन हैं। अगर सही पोर्शन में खाया जाए तो शरीर को इनसे कोई नुकसान नहीं होता। हमारा ट्रेडिशनल खान-पान शरीर, मन और मौसम के मुताबिक बने हुए हैं। बीमारियों से बचाने और इम्यूनिटी मजबूत करने वाले देसी नुस्खों में दादी, नानी और मम्मी का स्नेह भी भरा होता है। इसीलिए सर्दियों में इन सुपर फूड्स को खूब मन से खाओ। अच्छी सेहत बनाओ। इस कमाल के ट्रेडिशनल टेस्ट के लिए दादी-नानी का मन से आभार भी जताओ। *

# कैसे हुई पतंग की शुरुआत


हमारे देश में कुछ खास पर्व और अवसरों पर पतंग उड़ाने की परंपरा है। बच्चे तो पतंगबाजी को खूब एंज्वॉय करते हैं। पतंग के आविष्कार और देश-विदेश में इसके प्रचलन का किस्सा बड़ा रोचक है। जानो, पतंग और पतंगबाजी से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

जानकारी
शिवानी छाया

बच्चो, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की परंपरा है। इस पर्व के अलावा हमारे देश में वसंत पंचमी, स्वतंत्रता दिवस पर भी पतंगें उड़ाई जाती हैं। गुजरात, राजस्थान, पंजाब और तेलंगाना जैसे कई राज्यों में तो पतंगोत्सव यानी काइट फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से आए लोग भाग लेते हैं। पतंगबाजी में बच्चे-बड़े सभी भाग लेते हैं, खूब एंज्वॉय करते हैं। बच्चो, तुम यह जानना चाहोगे कि पतंग उड़ाने की शुरुआत कब और कैसे हुई, जानो-

**चीन में हुई थी शुरुआत:** माना जाता है कि पतंग बनाने और उड़ाने की शुरुआत लगभग 2800 वर्ष पहले चीन के शानदोंग शहर में हुई थी। इस शुरुआत के पीछे एक रोचक किस्सा है- खेत में काम करने के दौरान एक चीनी किसान की टोपी बार-बार हवा में उड़कर इधर-उधर चली जाती थी। इससे परेशान होकर वह अपनी टोपी एक डोरी से बांधकर रखने लगा। इससे उसकी टोपी हवा में उड़ती तो थी लेकिन इधर-उधर नहीं जाती थी। बस यहीं से पतंग बनाने के आइडिया ने जन्म लिया। विभिन्न स्रोतों के अनुसार दुनिया की शुरुआती पतंगें चीन के हुआंग थेंग, मोजी और लुबान ने बनाई थीं। ये पतंगें कागज की नहीं, लकड़ी और रेशम से बनी होती थीं, जिसे 'वुडन बर्ड' यानी 'लकड़ी की चिड़िया' कहा जाता था। बाद में रेशम के कपड़े, बांस आदि की सहायता से पतंगें बनाई जाने लगीं। चीन में पतंग के आविष्कार की एक वजह यह भी थी कि उस दौर में पतंग बनाने का उपयुक्त सामान, जैसे- रेशम का कपड़ा, पतंग उड़ाने के लिए मजबूत रेशम का धागा और पतंग के शेप को सहारा देने के लिए हल्का और मजबूत बांस चीन में आसानी से उपलब्ध था।





चीन में बनी शुरुआती दौर की पतंग

**मनोरंजन नहीं था उद्देश्य:** आज हम पतंगबाजी को एक खेल के रूप में देखते हैं, इसे मनोरंजन के लिए उड़ाते हैं। लेकिन शुरुआत में पतंग उड़ाना मनोरंजन नहीं था। पतंग का प्रयोग संदेश भेजने, हवा की गति और दिशा का पता लगाने, जासूसी जैसे उद्देश्यों के लिए किया जाता था। धीरे-धीरे उच्च और सामान्य वर्ग के लोगों की रुचि इसमे बढ़ती गई और पतंगबाजी शौक और मनोरंजन का साधन बन गई।

**भारत में पतंग का प्रसार:** पतंग बनाने की कला और इसे उड़ाने का शौक चीन, जापान, कोरिया, थाइलैंड जैसे देशों से होकर भारत पहुंचा। इसमें विदेशी यात्री, व्यापारी और बौद्ध भिक्षुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। देखते ही देखते पतंगबाजी भारत में काफी लोकप्रिय हो गई, यहां के पर्व-उत्सवों एवं संस्कृति का हिस्सा बन गई। आज बच्चे-बड़े सभी खुले आसमान में पतंग उड़ाते हैं, पतंग से जुड़े फेस्टिवल्स एंज्वॉय करते हैं। *

### पौराणिक ग्रंथों और इतिहास में पतंग

**बच्चो, मकर** संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने को लेकर एक पौराणिक मान्यता भी है। तमिल ग्रंथ 'तंदनान रामायण' के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पहली बार भगवान श्रीराम ने पतंग उड़ाई थी, जो इंद्रलोक तक चली गई थी। तभी से मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा चली आ रही है। आधुनिक भारत के इतिहास की बात करें तो 1928 में साइमन कमीशन के विरोध में 'साइमन गो बैक' लिखे काली पतंगें उड़ाकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। देश की आजादी के बाद उसी घटना की याद में स्वतंत्रता दिवस पर पतंग उड़ाने की परंपरा शुरू हुई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गोलू-दादू की दोस्ती

बच्चो, तुमको अपने दादाजी-नानाजी से बात करने, उनके संग खेलने में भी फ्रेंड वाली फीलिंग आती होगी। हाल में छपकर आई किताब 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम एक प्यारे बच्चे गोलू और उसके दादू की दोस्ती से जुड़ी मजेदार कहानियां पढ़ सकते हो। इन नौ कहानियों में तुमको गोलू का नटखट स्वभाव, भोलापन और समझदारी देखने को मिलेगी। किसी कहानी में तुम पढ़ोगे कि गोलू के दादू, उसे बड़े प्यार से जीवन से जुड़ी उपयोगी सीख भी दे देते हैं। संग्रह की पहली कहानी 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे दादू को गांव से अपने पास बुलाकर प्यारा सा सरप्राइज देता है! 'गोलू मेरा नाम' कहानी में जब तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे अपना नाम अभिनव के बजाय गोलू पुकारे जाने पर मुंह फुला लेता है और फिर दादू उसे उसकी गलती कुछ ऐसे समझाते हैं कि तुम हंसे बिना नहीं रहोगे। कामचोर का मतलब क्या होता है, इसका अर्थ समझने के लिए तुमको 'गोलू मस्त मोलू' कहानी पढ़नी होगी। किताब की अन्य कहानियां भी तुमको जरूर पसंद आएंगी। *



**किताब :** गोलू मेरा दोस्त (बाल कहानी संग्रह), **लेखक :** गोविंद शर्मा
**मूल्य :** 150 रुपए, **प्रकाशक :** पंचशील प्रकाशन, जयपुर

## हंसगुल्ले



**चिक्की :** मिक्की, कल रात को सपने में मेरे पैर में कांटा चुभ गया था।
**मिक्की :** तुम चप्पल पहन कर सोया करो तब कांटा नहीं चुभेगा।
**-खुशी, रायपुर**

**मिंकी (अपनी मम्मी से) :** मम्मी, क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**मम्मी :** नहीं तो! क्यों?
**मिंकी :** तो फिर रिंकी मुझसे क्यों कहती रहती है कि तेरी जुबान बहुत चलती है?
**-काम्या, भोपाल**

**चिंटू :** बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मिंटू :** क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
**-सुरेंद्र, रोहतक**

## जीके क्विज-187

1. वूमेंस टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी कौन बनी हैं?
2. भारत किस देश को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है?
3. हाल में दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला का क्या नाम है?
4. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
5. भारत के अंतिम गवर्नर जनरल कौन थे?
6. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
8. भारत में पहली रेल किन दो स्थानों के बीच चली थी?
9. इलेक्ट्रिक आयरन को गर्म करने के लिए किस धातु का प्रयोग किया जाता है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य की नृत्य शैली है?



**बच्चों, जीके क्विज-187 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-186 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2. 366 दिन, 3. 10 जनवरी, 4.मिजोरम, 5.मंगोलिया, 6.हाइड्रोजन, 7.माइटोकॉण्ड्रिया, 8.न्यूमिस्मेटिक्स, 9.गंगा डॉल्फिन, 10.विनय कुमार सक्सेना

**जीके क्विज-186 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आपु-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-रायगढ़, गुंजा-रायपुर, रक्षित-बिलासपुर, अनन्या-दुर्ग, केशव-बिलासपुर, नमन-रोहतक, हर्ष-भोपाल, शिवांश-महासमुंद

कहानी
सरस्वती रमेश

राजू को तो यही पता था, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाकर त्योहार की खुशियां मनाई जाती हैं, लेकिन दादी ने बताया इस दिन दान दिया जाता है, जिसका एक अलग महत्व होता है। राजू को यह बात वास्तव में कितनी समझ में आई, क्या उसने मकर संक्रांति के दिन कोई दान किया?

# मकर संक्रांति का दान



राजू के घर आज सुबह-सुबह पूरे परिवार ने स्नान किया। फिर सबने मकर संक्रांति की पूजा की। तिल के लड्डू खाए। खाने में राजू की मम्मी ने आज स्वादिष्ट खिचड़ी बनाई थी। दोपहर में सभी लोगों ने छत पर गुनगुनी धूप में बैठकर खिचड़ी खाई। मम्मी-पापा, दादा-दादी राजू और छोटी बहन पीहू ने खिचड़ी खाई। दादी ने राजू और पीहू से पूछा, 'जानते हो बच्चो, मकर संक्रांति के दिन क्या करते हैं?'

'हां.. हां.. जानता हूं। आज के दिन मजे से पतंग उड़ाते हैं।' राजू तपाक से बोला। 'हां पतंग तो उड़ाते हैं, लेकिन इस दिन को बहुत शुभ माना जाता है। गरीब लोगों को दान भी करते हैं। आज के दिन दान करने से उसका पुण्य कई गुना बढ़ जाता है।' दादी ने बताया।

'दान क्या होता है दादी?' पीहू ने भोलेपन से पूछा।

'दान मतलब किसी गरीब को कुछ देना। कोई खाने की चीज या वस्त्र आदि।' दादी बोलीं।

'फिर तो भैया आप मुझे अपनी बड़ी वाली पतंग दान कर दो न प्लीज।' पीहू ने मचलते हुए कहा तो सब हंस पड़े।

कुछ देर बाद राजू अपने पापा और बहन के साथ घर के पास ही ग्राउंड में पतंग उड़ाने गया। आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ रही थीं। बच्चे, बड़े सब पतंगें उड़ा रहे थे। तभी वहां एक बच्चा दिखाई दिया। वह पेड़ के पीछे खड़ा होकर सबको पतंगें उड़ाता हुआ देख रहा था। ठंड काफी थी, लेकिन उस बच्चे ने सिर्फ एक हाफ शर्ट और नेकर पहन रखी थी। राजू के पापा की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम यहां क्यों छिपे हुए हो?' 'सबको पतंगें उड़ता देख रहा हूं।' वह बच्चा बोला।

'तुम्हारी पतंग कहां है?' राजू ने उससे पूछा।

'मेरे पास नहीं है।' बच्चा उदास स्वर में बोला।

'और इतनी ठंड में तुमने स्वेटर क्यों नहीं पहन रखा है? तुम्हें ठंड नहीं लग रही क्या?' पापा को अचरज हो रहा था।

'लग रही है। स्वेटर गंदा हो गया था तो मां ने धोकर सूखने के लिए डाल रखा है।' बच्चे ने सकुचाते हुए बताया।

'तो दूसरा पहन लेते।' पास खड़ी पीहू बोली।

'दूसरा नहीं है।' लड़का धीमी आवाज में बोला।

'अच्छा तुम्हारा नाम क्या है?' पापा ने पूछा।

'मोनू।' लड़के ने बताया।

'तुम रहते कहां हो?' पापा ने जानना चाहा।

'वो सामने बस्ती में।' बच्चे ने अंगुली के इशारे से बताया।

'क्या तुम मेरे बेटे का पुराना स्वेटर ले लोगे।' पापा ने पूछा।

'मां से पूछकर बताऊंगा।' इतना कहकर वह जाने लगा तो राजू ने उसे रोक लिया।

'यह लो मेरी पतंग और मांझा, ठीक से उड़ाना।' राजू ने अपनी पतंग-मांझा उसके हाथों में पकड़ा दिया।

पतंग पाकर बच्चा खुश हो गया और दौड़ते हुए घर की ओर चला गया। राजू पापा के साथ घर लौट आया। पापा ने घर में बच्चे की बात सभी को बताई। यह भी बताया कि राजू ने उसे अपनी पतंग दे दी।

'लेकिन शाम को तो सर्दी और बढ़ जाएगी। हमें उसे गर्म कपड़े भी देने चाहिए।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'यदि उसने पुराने कपड़े न लिए तो?' पापा बोले।

'हम उसके लिए नए कपड़े देंगे।' राजू ने कहा।

'लेकिन इतनी जल्दी नए कपड़े आएंगे कहां से?' मम्मी बोलीं।

'आपने जो मेरे लिए नया स्वेटर खरीदा है, वही उसे दे दीजिए।' राजू तुरंत बोला।

'लेकिन वो तो तुम्हारे लिए है और महंगा भी बहुत है।' दादी बोलीं।

'दादी, सुबह आपने कहा था न कि आज गरीब को दान करना चाहिए। वह गरीब बच्चा है। उसे स्वेटर देंगे आज।' राजू ने दादी को सुबह वाली बात याद दिलाई। 'जरूर बेटा, तुमने तो संक्रांति की परंपरा को ठीक से समझ लिया है। ले आओ, अपना नया वाला स्वेटर। चलो अभी चलते हैं मोनू के घर।' पापा बोले।

राजू भाग कर अपने कमरे से स्वेटर ले आया और खुशी-खुशी पापा के साथ मोनू के घर की ओर चल पड़ा। घर में दादी, मम्मी और पीहू भी यह देखकर बहुत प्रभावित और खुश थे कि दयालु राजू के कारण एक गरीब का भला होगा। *

कविता
अखिलेश श्रीवास्तव चमन



## एक पर्व के इतने नाम!

छोटे से मिस्टर अयान
सोच-सोच कर हैं हैरान
तिथि एक है, पर्व एक है
लेकिन इसके इतने नाम!
दक्षिण भारत में है पोंगल
उत्तर में कहलाता खिचड़ी
असम राज्य में बिहू कहते
पंजाबी कहते हैं लोहड़ी।
मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा
में होता है मकर संक्रांति
पर पश्चिम बंगाल के अंदर
कहलाता है पौष संक्रांति।
इस दिन सूरज दिशा बदल
उत्तरी गोलार्ध में आ जाता है
रातें छोटी होने लगतीं
दिन लंबाई पा जाता है।
भुनी मूंगफली, गुड़ की पट्टी
तिल की गजक, रेवड़ी खाकर
पूरा देश मनाया करता
है यह पर्व, पतंग उड़ाकर।



## रंग भरो-193

**रंग भरो-193** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






रुजुला, रोहतक



आशना, जांजगीर



पयोनिधि, अंबिकापुर



आन्या, दुर्ग



लालिमा, गरियाबंद



रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

देव्यांश-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सुमन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सौम्या-करनाल, रोहन-बिलासपुर, दिव्या-कोरबा, साकेत-बालोद

## रंग भरो 194



बच्चो, यहां पतंग उड़ा रहे एक बच्चे का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## अगले साल सरकार का राजस्व बढ़ाने को लेकर प्लानिंग होगी पेश

# योजनाओं में कितना पैसा बांटा, बताएगी सरकार, वित्त विभाग ने विभागों से मांगे बजट भाषण के प्रस्ताव, शहर झुग्गीमुक्त करने का अफसर देंगे ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में अलग-अलग योजनाओं में कितना पैसा एक साल में बांटा है और कितने लोगों को रोजगार देने का काम किया गया है, इसकी जानकारी देने के लिए विभागों से कहा गया है। शहरों को झुग्गीमुक्त बनाने के लिए हुई कार्रवाई की जानकारी भी मोहन सरकार नागरिकों को मार्च में पेश होने वाले बजट में देगी। विभाग यह भी बताएंगे कि अगले साल सरकार का राजस्व बढ़ाने को लेकर उनकी क्या प्लानिंग है।

इन बिन्दुओं के साथ वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट की तैयारी में जुटे वित्त विभाग ने सभी विभागों से बजट भाषण में शामिल किए जाने वाले प्रस्तावों की जानकारी 15 जनवरी तक भेजने को कहा है। इसमें सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अफसरों से कहा गया है कि नई योजनाओं की जानकारी भी इसमें शामिल किया जाना है। इसलिए विभागवार नई योजनाओं की डिटेल भी भेजना है।


फाइल फोटो

### 15 जनवरी से पहले भेजनी है जानकारी

विभागों से कहा गया है कि बजट भाषण के लिए गो-वंश संवर्धन एवं संरक्षण, गो-चर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं, इसकी जानकारी दी जाए। साथ ही शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए की गई कार्रवाई और कितनी भूमि तथा कितने मूल्य की भूमि अतिक्रमण से मुक्त हुई है, इसका ब्यौरा भी देना होगा। यह जानकारी 15 जनवरी से पहले भेजनी है।

### यह जानकारी देंगे हर विभाग

वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक विभाग के कुल बजट में से कितनी राशि खर्च हुई। विभाग में संचालित योजनाओं के लक्ष्य व उपलब्धि की क्या स्थित रही।

### सुगम ग्रामीण परिवहन, नागरिक सुविधाओं के लिए विज्ञान एवं तकनीक के उपयोग की कार्रवाई बताना होगा

वित्त विभाग ने निर्देश दिए हैं कि झुग्गीमुक्त मध्यप्रदेश के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है, इसकी जानकारी दी जाए। इसके साथ ही सुगम ग्रामीण परिवहन, ई-परिवहन, नागरिक सुविधाओं के लिए विज्ञान एवं तकनीक के उपयोग तथा शासकीय कर्मचारियों के कल्याण के लिए की गई कार्रवाई का विवरण भी देना होगा। छोटे और मंझोले उद्यमों के विकास के लिए किए गए कार्य, विशेष उपलब्धियां, नवाचार और राजस्व वृद्धि से जुड़े प्रयासों की जानकारी भी मांगी गई है। आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभागों द्वारा किए गए प्रयासों का ब्यौरा भी देना होगा।

### विभागों से यह जानकारी भी मांगी गई

- मध्यप्रदेश में केन्द्र प्रवर्तित योजना एवं केन्द्रीय क्षेत्रीय योजनाओं की स्थिति व प्रगति कैसी है।
- विभाग में कौन सी नई योजनाएं शुरू की जानी है, उसका तथ्यात्मक ब्यौरा देना होगा।
- विभागों द्वारा पर्यावरण, वन, भूमि एवं जल स्रोतों का बेहतर प्रबंधन व संरक्षण के लिए किए गए काम बताने हैं।
- नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा की क्या प्रगति है, इसकी जानकारी देना है।
- जन-स्वास्थ्य, कुटीर व ग्रामोद्योगों के विकास व संरक्षण के लिए क्या कार्रवाई की गई।
- औद्योगिक नीति व निवेश प्रोत्साहन, ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व की धरोहरों व पर्यटन स्थलों का संरक्षण व संवर्धन, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा के लिए क्या कार्रवाई हुई है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया विचार-विमर्श

# शासकीय कार्यालयों में पांच दिवसीय सप्ताह की व्यवस्था तभी, जब सुबह 10 बजे कार्य शुरू करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में 5 दिनी व्यवस्था तभी आगे संचालित होगा, जब यह सुनिश्चित कराएं कि सभी कर्मचारी सुबह 10 बजे अनिवार्य रूप से कार्यालय पहुंचें। इसके लिए कार्यालय अवधि भी बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को आगे संचालित करने के लिए कार्यालयीन समय बढ़ाना जरूरी है। यह व्यवस्था तभी कारगर साबित हो सकती है, जब सभी शासकीय सेवक इस नियम का पालन करें। यह भी सुनिश्चित करें कि प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से कार्य शुरू हो, इसके लिए बायोमीट्रिक सहित अन्य तकनीकी प्रणालियों का सहारा लिया जाए।

- बायोमीट्रिक सहित अन्य तकनीकी प्रणालियों का सहारा लेने के निर्देश

इससे अनुशासन के साथ कार्य निष्पादन में भी सुधार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों की मंत्रालय में आयोजित बैठक में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वर्ष 2026 के लिए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, निर्माण परियोजनाओं और अन्य कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में विचार-विमर्श के लिए यह बैठक आयोजित थी। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के साथ बैठक में समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव सहित पुलिस तथा भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### *106 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं पर केंद्रित संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से होगा शुरू*


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते सीएम।

### *गति देने के लिए मिशन मोड में काम करना होगाः डॉ. यादव*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के 2 वर्ष उपलब्धियों से परिपूर्ण रहे हैं। केंद्र सरकार ने भी प्रदेश की प्रगति और उन्नति को सराहा है। इसमें सभी विभागों के संबंध समन्वित प्रयासों का योगदान रहा। प्रदेश में विकास और उन्नति को अधिक गति देने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। प्रदेश में विकास गतिविधियों का तेजी से क्रियान्वयन हो और जनकल्याणकारी योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों को सुगमता से लाभ मिले यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए जवाबदेही तय करने की व्यवस्था को सशक्त करना होगा।*

### सभी विभाग प्रमुख, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के सतत संपर्क में रहें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र सरकार विकास और जनकल्याण गतिविधियों पर विशेष ध्यान दे रही है। सभी विभाग प्रमुख, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के सतत संपर्क में रहें। राज्य की प्रगति और योजनाओं तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से केंद्र शासन को समय रहते अवगत कराएं। इससे प्रदेश में विकास और जन-कल्याण गतिविधियों के बेहतर और त्वरित संचालन में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आगामी 5 वर्ष की कार्य योजना तैयार करने के साथ 3 वर्ष के बजट अनुमान की व्यवस्था भी की जा रही है। सड़क, अस्पताल, सिंचाई परियोजना, सार्वजनिक भवन निर्माण की समेकित योजनाएं बनाकर उनका दस्तावेजीकरण किया जाए।

### 12 जनवरी से 31 मार्च संकल्प से समाधान अभियान-1 शुरू, घर-घर जाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 जनवरी से 31 मार्च संकल्प से समाधान अभियान-एक शुरू किया जा रहा है। यह अभियान 106 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं पर केंद्रित होगा। शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों का अंतिम निराकरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से हो। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक घर-घर जाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। द्वितीय चरण 16 फरवरी से 16 मार्च तक होगा। इसमें क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा, इसमें ब्लॉक स्तर पर अनिराकृत शेष आवेदन, शिकायतों और नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। चतुर्थ चरण जिला स्तर पर 26 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा, जिसमें जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर समस्त अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायतों और नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लाल सलाम को अंतिम सलाम कहने के लिए मप्र पुलिस की सराहना की।

### हमारा लक्ष्य समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेशः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2025 औद्योगिक विकास की दृष्टि से सफल रहा है। वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। हमारा लक्ष्य समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश है। यह गतिविधि, किसी एक या 2 विभाग की न होकर 15 से अधिक बड़े विभागों का संयुक्त अभियान होगी। कृषि एवं किसान कल्याण के साथ ही उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन एवं डेयरी, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नवकरणीय ऊर्जा, मत्स्य पालन, ऊर्जा विभाग, राजस्व, वन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम, औद्योगिक नीति निवेश एवं प्रोत्साहन के साथ ही मंडी बोर्ड, दुग्ध संघ आदि को समन्वित रूप से गतिविधियां संचालित करना होंगी।

## मुख्यमंत्री निवास में हुआ युवा संवाद कार्यक्रम


संवाद कार्यक्रम में युवा के सवाल का जवाब देते सीएम डॉ. मोहन।

# सटीक भाषण को लेकर युवा ने प्रश्न पूछा, सीएम बोले कक्षा-कोर्स के अलावा बहुत कुछ सीखना-समझना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से युवाओं ने अनेक विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिस पर मुख्यमंत्री ने बड़ी सहजता के साथ उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। ग्वालियर के सोमेश ने यह जानना चाहा गया कि एक सटीक भाषण में कौन-कौन से अवयव होने चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में स्वाध्याय करते हुए ज्ञान अर्जन करेंगे तो भाषण की गुणवत्ता स्वतः बढ़ जाएगी। कक्षा में पढ़ाई तो आवश्यक है, लेकिन कक्षा और पाठ्यक्रम के अतिरिक्त भी बहुत कुछ सीखना-समझना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में युवाओं से संवाद कर रहे थे।

इस वर्ष नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के 47 युवा, विकसित भारत यंग लीडर संवाद कार्यक्रम और 29 युवाओं का दल राष्ट्रीय युवा उत्सव में सहभागिता करेगा। मुख्यमंत्री से संवाद के लिए ये युवा मुख्यमंत्री निवास पधारे थे। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वंदे-मातरम के सामूहिक गान के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। सुश्री साक्षी पटेरिया ने मुख्यमंत्री स्वागत किया। कार्यक्रम में सुश्री अंशिका मिश्रा ने गीता उपदेश के माध्यम से युवाओं को संदेश दिया। युवा संवाद कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग एवं खेल संचालक राकेश गुप्ता भी उपस्थित थे।

### *मुख्यमंत्री ने 29 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव एवं विकसित भारत यंग लीडर संवाद कार्यक्रम में शामिल होने वाले युवाओं से किया संवाद*

### *युवाओं ने अनेक विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे*

*अनूपपुर के प्रियांशु ने पूछा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने के लिए क्या प्रयास कर रही है, क्या इसमें स्टार्ट-अप की कोई संभावनाएं हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारे युवाओं का व्यवसाय के साथ खेती और खासतौर से प्राकृतिक खेती की ओर जुड़ाव भी रूझान दिख रहा हैं, यह प्रशंसनीय है। राज्य में सभी प्रकार के मोटे अनाज (श्रीअन्न) की अच्छी उत्पादकता है। प्राकृतिक खेती के लिए देशी खाद भी जरूरी है। इसके लिए गोपालन और दूध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य में देशी गोपालन को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। ब्राजील जैसा छोटा देश गोपालन के माध्यम से आगे बढ़ने का बड़ा उदाहरण है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने उपकार फिल्म का उल्लेख करते हुए जय जवान-जय किसान के माध्यम से किसानों की महत्ता के बारे में भी युवाओं से चर्चा की।*

# अब 'नीव' पोर्टल पर मिलेगा हर यूनिवर्सिटी का डाटा

### *मुख्यमंत्री ने किया लॉन्च, 20 करोड़ का बजट*

### *सीएम बोले, शिक्षा के क्षेत्र में एक स्वर्णिम अध्याय*

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंचकूला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को ज्ञानसेतु एमओयू एक्सचेंज कार्यक्रम में भाग लिया। एमओयू साइन होने के बाद उन्होंने नीव पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन हरियाणा के शिक्षा क्षेत्र के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में तेजी से बदलाव हुआ है, जिसकी चर्चा हर तरफ हो रही है। सीएम ने कहा कि प्रदेश के सभी वीसी अपनी यूनिवर्सिटी का डाटा नीव पोर्टल पर अपलोड करेंगे। यूनिवर्सिटी में रिसर्च के लिए भी बजट में 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। रिसर्च करने वाले छात्रों के लिए किसी भी प्रकार की कोई कमी प्रदेश में नहीं है।



### 6 हजार गांवों में अब 24 घंटे बिजली

सीएम ने कहा कि प्रदेश की हर पार्टी 24 घंटे बिजली की बात करती थी। आम आदमी भी मांग करता था कि बिजली पूरी मिलनी चाहिए। हमने हर गांव जगमग गांव का विचार किया। आज हरियाणा में 6000 गांवों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसे-ऐसे परिवार थे कि जिनके घर में गैस का कनेक्शन नहीं था।

## पत्नी, मां, बहन और बच्चों ने मिलकर की युवक की हत्या

**कांकेर।** शराब की लत ने एक परिवार को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया, जहां पति की रोज-रोज की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी, माँ, बहन और बच्चों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। यह हृदयविदारक घटना कांकेर जिले के नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मर्रामपानी में हुई, जहाँ भगवान सिंह नामक व्यक्ति शराब के नशे में धुत होकर घर आता था और अपने परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता था। भगवान सिंह का यह व्यवहार उसके परिवार के लिए रोज़ का दर्द बन गया था। मंगलवार को भी वह नशे में धुत होकर घर आया और पत्नी व बच्चों से मारपीट करने लगा। जब परिवार ने इसका विरोध किया, तो भगवान सिंह ने आक्रोश में आकर टंगिया से जान से मारने की धमकी दी। उसने कहा कि अगर मारना है तो आज ही मार डालो, नहीं तो मैं टंगिया से सबको खत्म कर दूंगा। इस धमकी ने वर्षों से डर और यातना सह रहे परिवार को झकझोर कर रख दिया।

## बढ़ाई गई न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था, भारी पुलिस बल तैनात

परिसर में अफरा तफरी का माहौल

# अज्ञात मेल से मिली राजनांदगांव कोर्ट में बम लगाए जाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला न्यायालय परिसर में बम रखे होने की धमकी भरा एक मेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया और एहतियातन न्यायालय परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया।

वकीलों और आम नागरिकों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई। इस धमकी भरे मेल के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। धमकी की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। न्यायालय परिसर को खाली कराने के साथ ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। बम निरोधक दस्ते (बम स्क्वॉड) और अन्य सुरक्षा टीमों को मौके पर बुलाया गया, जो सघन तलाशी अभियान चलाती रही। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी स्थिति पर बारीकी से नजर रखी। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर दिए गए। कोर्ट परिसर खाली कराकर की जांच फिलहाल, बम निरोधक दस्ते और पुलिस द्वारा पूरे न्यायालय परिसर की जांच की गई। यह धमकी एक अज्ञात मेल के माध्यम से जिला न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भेजी गई थी।



## पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम गेरवानी के पास की घटना

ट्राले को ओवरटेक करते समय हुई दर्दनाक वारदात

# ट्राले की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में गुरुवार की दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम गेरवानी के पास हुई, जहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ जब बाइक सवार युवक एक तेज रफ्तार ट्रेलर को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक दोनों युवक बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले थे और रायगढ़ क्षेत्र के किसी प्लांट में काम करते थे। वे दोपहर के समय रायगढ़ से घरघोड़ा की ओर जा रहे थे।



## 5 हजार करोड़ की लागत से 625 किमी लंबाई में विकसित होंगे मार्ग, मध्यप्रदेश और दिल्ली-एनसीआर होंगे नजदीक

## मप्र को निरंतर मिल रही सड़क एवं राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात

# टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर से जुड़ेंगे मध्यप्रदेश के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत में मप्र सबसे अधिक टाइगर वाला राज्य है। मप्र में सर्वाधिक टाइगर रिजर्व भी हैं। प्रदेश में सभी प्रकार के वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में वन्यजीव पर्यटन स्थलों को एक कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है।

इसे टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर नाम दिया गया है। राज्य सरकार वन्यजीवों और पर्यटन को प्रोत्साहन दे रही है। मप्र की भौगोलिक स्थिति के कारण टाइगर कॉरिडोर एक प्रकार से पड़ोसी राज्यों के लिए भी बड़ी सौगात होगी। व्यावसायिक एवं अन्य सभी जरूरी गतिविधियों के लिए यह मार्ग सुगमता पूर्वक उपलब्ध रहेगा। प्रदेश में प्रमुख टाइगर रिजर्व को आपस में जोड़ने वाली सड़कों का उन्नयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि टाइगर रिजर्व पेंच से कान्हा, कान्हा से बांधवगढ़ और बांधवगढ़ से पन्ना को परस्पर जोड़ने वाली सड़कों की लम्बाई 625 किमी होगी। मार्गों के उन्नयन और विकास पर 5 हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश को कई सौगातें मिल रही हैं। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बसाहट के बाद यह क्षेत्र वन्यप्राणी प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मप्र सहित पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तरप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के पर्यटक भी भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे मप्र को निरंतर महत्वपूर्ण सौगातें मिल रही हैं।

**दिसंबर-2027 तक पूर्ण होंगी अनेक सड़क परियोजनाएं**

### दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर और पोर्ट्स के लिए मप्र की पहुंच आसान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के माध्यम से मप्र को राजमार्गों की सौगात मिली है। मप्र में ग्वालियर, भिंड, श्योपुर सहित चंबल पूरे बेल्ट को अटल प्रगति पथ का लाभ मिलेगा। यह चंबल क्षेत्र को उत्तरप्रदेश और दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने के लिए अत्यंत कारगर सिद्ध होगा। अटल प्रगति पथ के निर्माण से क्षेत्र में सभी प्रकार के उद्योगों और पर्यटन की गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल प्रगति पथ की लागत लगभग 12 हजार करोड़ रुपए है। इसके प्रारंभ होने से मप्र से दिल्ली-एनसीआर की दूरी घटकर लगभग 3 से 4 घंटे रह जाएगी। साथ ही इससे दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर और पोर्ट्स के लिए मप्र की पहुंच आसान होगी, जिससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी।


फाइल फोटो।

### *भोपाल-जबलपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के रूप में बड़ी सौगात*

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को भोपाल-जबलपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के रूप में बड़ी सौगात मिली है, जिसकी लागत 9716 करोड़ है। इसके अलावा भोपाल-इंदौर-प्रयागराज, जबलपुर-नागपुर और इंदौर-धुले-पुणे परियोजनाएं विकसित भारत @2047 के लक्ष्य हासिल करने में सहायक सिद्ध होंगी। हाल ही में केंद्रीय मंत्री गडकरी से भविष्य में चारों दिशाओं में कई प्रकार के मार्गों को सुदृढ़ करते हुए निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ है। परियोजनाओं के लिए समयबद्ध रोडमैप तय किया गया है। सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए सड़क परियोजनाओं को दिसंबर 2027 तक पूर्ण करने के लिए समय-सीमा भी निश्चित की गई। खंडवा बायपास, जबलपुर रिंग रोड, इंदौर-हरदा, रीवा बायपास के संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि सभी परियोजनाएं समय पर पूर्ण की जाएं। परियोजनाओं में गति और गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से निरंतर समीक्षा बैठक भी की जाएगी।

## चिंतन

# दबाव की रणनीति पर उतरे खिसियाए ट्रंप

वर्तमान समय में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं, भारत सरकार उसका बहुत ही सूझबूझ और संयमित तरीके से जवाब दे रही है। चाहे वह टैरिफ की बात हो, रूस से तेल खरीदने का मामला हो या पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रंप द्वारा किए गए दावे का। लगता है इससे ट्रंप खिसिया गए हैं और बेतुकी बयानबाजी पर उतर आए हैं। ऐसी भाषा एक राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर अशोभनीय है। दो राष्ट्राध्यक्षों या राजनयिकों के बीच वार्ता बेहद गुप्त होती है। इसे कभी भी, किसी भी रूप से उछाला नहीं जा सकता। दो देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच मुलाकात बेहद शालीनता और कूटनीति को दर्शाती है, लेकिन हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत को लेकर की जा रही बयानबाजी किसी भी नजरिये से ठीक नहीं है। ऐसी भाषा न तो राजनयिक रूप से ठीक है और न ही एक राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर। इसे अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार भी नहीं माना जा सकता। एक शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर ऐसी भाषा न तो देश के हित में होती है और न ही लोगों के हित में सही कही जा सकती है। बता दें कि ट्रंप ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे मुलाक़ात के लिए पूछा था कि सर, प्लीज़ क्या मैं आपसे मिल सकता हूं। मैंने हां कहा, क्योंकि मेरे उनके साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। ट्रंप के इस बयान पर चर्चा हो रही है कि क्या भारत के प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से इस भाषा में बात की होगी? हालांकि भारत ने इस पर भी बेहद संयम बरता। इससे खिसियाए ट्रंप दबाव की रणनीति पर उतर आए हैं। हालांकि जर्मनी के एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चार बार फोन पर बात करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत की तरफ से ट्रंप की फोन कॉल का कोई उत्तर नहीं दिया गया। यह रिपोर्ट उस समय आई थी, जब ट्रंप ने भारत से होने वाले आयात पर 50 फीसदी का भारी टैरिफ लगाया था। दरअसल, पहले ही भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोप चुके ट्रंप ने अब 500 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इससे भारत, चीन और ब्राजील पर दबाव बढ़ेगा। ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी अच्छे आदमी हैं, लेकिन रूसी तेल खरीदने से वे नाराज हैं। हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि मोदी जानते हैं कि मुझे खुश रखना जरूरी है। हम भारत पर टैरिफ बहुत जल्दी बढ़ा सकते हैं। ट्रंप ने ऐसे एक बिल को समर्थन दिया है। यह बिल जल्दी ही कांग्रेस में वोटिंग के लिए आ सकता है। अगर यह बिल कानून बन गया तो भारत के अमेरिका निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा। इससे भारतीय सामान अमेरिका में बहुत महंगा हो जाएगा। इससे दोनों देशों के मध्य व्यापार को नुकसान होने का अंदेशा है। गौरतलब है कि भारत ने रूसी तेल आयात कम किया है। आंकड़े बताते हैं कि बीते दिसंबर माह में आयात काफी गिर गया, लेकिन पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। ट्रंप की भाषा अक्सर कूटनीतिक और अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार के खिलाफ रहती है, क्योंकि वह अपने बयानों में आक्रामक, अनौपचारिक और व्यक्तिगत होते हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय संबंधों और प्रोटोकॉल का उल्लंघन होता है, लेकिन भारत सरकार ऐसे में बहुत ही सोच-समझकर निर्णय ले रही है। ऐसे में ट्रंप को भी समझना चाहिए कि वह अपनी अनर्गल बयानबाजी पर रोक लगाएं, क्योंकि ऐसी बयानबाजी राष्ट्र और लोगों के हित में नहीं होती है।

# अरावली पर अब पूर्ण विराम लगना चाहिए



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

बीते साल 20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा उत्तर भारत का 'फेफड़ा' कहे जाने वाले अरावली पर्वतमाला के बारे में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अरावली पर्वतमाला के 100 मीटर से ऊंचे पहाड़ियों को ही इसका हिस्सा मानने संबंधी सिफारिश पर मुहर लगाने के बाद भारी खलबली मच गई। अरावली की नई परिभाषा को लेकर राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में व्यापक प्रतिक्रिया देखी गई। चूंकि उपरोक्त राज्यों के पर्यावरण से लेकर पारिस्थितिकीय तंत्र सीधे तौर पर लगभग 67 करोड़ वर्ष पुरानी 690 किलोमीटर तक फैले अरावली से जुड़ी हुई है लिहाजा पर्यावरण और सामाजिक कार्यकर्ता, आम लोग से लेकर राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर आंदोलन छेड़ दिया। इस जन आक्रोश का असर सरकार से लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी दिखाई दिया। एक ओर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाले तीन जजों की पीठ ने 20 नवंबर के अपने ही फैसले पर रोक लगाते हुए कहा कि इस मुद्दे पर और जांच की जरूरत है। सुप्रीम अदालत ने अरावली की पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर बनी सभी समितियों की सिफारिशों के आंकलन के लिए एक नई उच्च स्तरीय समिति गठित करने की मंशा व्यक्त करते हुए कहा आगामी 21 जनवरी को इस मामले की अगले सुनवाई की तिथि नियत की है। दूसरी ओर केंद्र सरकार ने भी उत्तर भारतीय राज्यों में अरावली के नई परिभाषा के खिलाफ आंदोलन की धार के मद्देनजर फौरी तौर पर इस पर्वतीय क्षेत्र में किसी भी नई माइनिंग लीज देने पर पूरी तरह से रोक लगा दिया था।

बहरहाल सुप्रीम कोर्ट द्वारा भले ही अरावली पर अपने ही फैसले पर 'अल्प विराम' लगा दिया गया हो लेकिन अरावली पर्वतमाला के विनाश से होने वाले पर्यावरणीय खतरे के मद्देनजर इस मामले पर अब 'पूर्ण विराम' लगना जरूरी है। विचारणीय है कि इस पर्वत श्रृंखला के नये परिभाषा के बाद अरावली इलाके के 100 मीटर से कम पहाड़ियों में खनन और निर्माण का दरवाजा खुल जाएगा जो पर्यावरण और परिस्थितिकीय तंत्र के लिए खतरा साबित होगा। पर्यावरणविदों के मुताबिक छोटी-छोटी झाड़ियों से ढंकी पहाड़ियां भी रेगिस्तान बनने से रोकने, भूजल रिचार्ज और स्थानीय लोगों को रोजगार देने में सहायक है। गौरतलब है कि अरावली पर्वतमाला सिर्फ वन्य प्राणियों के लिए ही नहीं बल्कि इंसानी सभ्यता के लिए भी बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि दिल्ली-एनसीआर सहित हरियाणा और पंजाब का अनेक इलाका जहां सर्दियों में वायु प्रदूषण के चलते धुंध के चादर में लिपटी होती है वहीं गर्मियों में धूलभरी आंधी से घिरी होती है। दिल्ली सहित अन्य इलाकों में खराब हवा और जीरो विजिबिलिटी के चलते जहां जनस्वास्थ्य पर भारी खतरा रहता है वहीं सड़क, रेल और हवाई यातायात भी बुरी तरह से प्रभावित होता है। गौरतलब है कि अरावली दिल्ली-एनसीआर की हवा को जहां साफ रखती है वहीं राजस्थान के रेगिस्तान से आने वाली धूल को भी रोकने में सहायक है। यह पर्वतमाला राजस्थान और हरियाणा में मरूस्थलीकरण को रोकने में सहायक है तो दूसरी ओर चंबल, साबरमती और लूनी जैसी नदियों का जलस्त्रोत है और भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक है। अरावली के इन्हीं खूबियों के चलते इसे उत्तर भारत का 'ग्रीन वॉल' भी कहा जाता है। बहरहाल उत्तर भारत का सांस लेने वाला यह फेफड़ा विकास की नई परिभाषा लिखने वाले नीति नियंताओं, खनन माफियाओं और रियल एस्टेट कारोबारियों के निशाने पर 1980 से ही है लेकिन जन प्रतिरोध के चलते उनके मंसूबे पूरे नहीं हो रहे हैं। अलबत्ता विनाश के बलबूते विकास का सपना देखने वालों के जिद्द के ज़द में सिर्फ अरावली ही नहीं बल्कि देश के और भी पहाड़ हैं। बीते एक दशक के दौरान कश्मीर से कन्याकुमारी तक के पहाड़ी इलाकों में बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की वजह से हजारों लोगों की मौतें हुई है तथा सैकड़ों हताहत हुए हैं वहीं अरबों रुपए का नुकसान भी हुआ है।



विचारणीय यह भी है कि पहाड़ों पर हो रहे अत्याचार के लिए केवल सरकार और मशीनरी ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि आम जनता भी समान रूप से जवाबदेह है जो मानव सभ्यता का कचरा पहाड़ों और नदियों पर डाल रहे हैं। पर्वतीय इलाकों में पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के वाहनों के धुएं और हार्न उस इलाके में वायु और ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं फलस्वरूप पर्यावरण और ईकोसिस्टम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यहां आने वाले लोगों द्वारा हर महीने हजारों टन प्लास्टिक कचरा जिसमें प्लास्टिक बोतल, पॉलिथीन बैग, शीतल पेय के केन, स्ट्रा, चिप्स एवं अन्य खाद्य पदार्थों के पैकेट और अन्य डिस्पोजेबल सामान पहाड़ों, जंगलों या नदियों में फेंक दिए जाते हैं। एक एनजीओ 'हीलिंग हिमालय' के प्रदीप सांगवान बताते हैं कि हिमालयन क्षेत्र के पर्यटन स्थलों से वे रोज 1.5 टन गैर बायोडिग्रेडेबल कचरा इकट्ठा करते हैं। ये प्लास्टिक कचरे हिमालय के तापक्रम को बढ़ाते हैं जिससे ग्लेशियर पिघलता है फलस्वरूप झील बनते हैं जो जलतांडव लाते हैं। लिहाजा हम कह सकते हैं कि पहाड़ों पर हो रहे आपदा कुदरती नहीं बल्कि इंसानी आपदा है और इसकी कीमत आने वाली पीढ़ी को भी चुकाना होगा।

बीते दौर में सरकार और श्रद्धालुओं के बीच पहाड़ों के आस्था पर आघात को लेकर टकराव की स्थिति भी बनी है। साल 2019 में छत्तीसगढ़ के बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला पर्वतमाला के नंदराज पहाड़ को खनन लीज पर देने के खिलाफ यहां के जनजातीय समुदाय में तीव्र आक्रोश फैल गया और हजारों आदिवासियों ने इस पहाड़ को बचाने के लिए लंबा आंदोलन किया था। दरअसल आदिवासियों का मानना है कि इस पहाड़ पर उनके देवी-देवताओं का वास है और वे इसे किसी भी कीमत पर उजड़ने नहीं देंगे। इसी तरह साल 2023 में केंद्र सरकार द्वारा झारखंड के पारसनाथ स्थित जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर पर्यटन और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने संबंधी फैसले के विरोध में जैन समाज सड़कों पर उतर गया फलस्वरूप सरकार को यह फैसला वापस लेना पड़ा।

गौरतलब है कि भारत के अर्थव्यवस्था में पर्यटन उद्योग का महत्वपूर्ण स्थान है। पहाड़ हमेशा से पर्यटकों को बुलाते रहे हैं लेकिन अब इसकी दुश्वारियां सामने है फलस्वरूप पहाड़ों का सब्र टूटने लगा है। उत्तराखंड राज्य के अस्तित्व में आने के बाद वहां की सरकारों ने बिजली उत्पादन और पर्यटन उद्योग को अपने पहली प्राथमिकता में रखा जिसके चलते इस राज्य में पनबिजली परियोजनाओं और होटल-रिसॉर्ट निर्माण की बाढ़ आ गई है। केंद्र सरकार ने चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए 'ऑल वेदर रोड' का निर्माण भी शुरू कर दिया। इन योजनाओं के लिए केंद्र और सरकार सहित निर्माण कार्य में लगे एजेंसियों ने न तो पर्यावरण कानूनों की परवाह की और न ही पहाड़ों की सेहत और प्रकृति को विमर्श में लाया। आलम यह है कि पनबिजली घरों के लिए नदियों के अविरल प्रवाह को रोककर बांध और बैराज बनाए जा रहे हैं वहीं पहाड़ों को खोदकर टनल बनाए जा रहे हैं। पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के आवागमन और आवास की सुविधा के लिए पहाड़ों और पेड़ों को काटकर सड़कें, पुल, होटल, रिसॉर्ट और कृत्रिम पर्यटन केंद्र बनाए जा रहे हैं जिससे पहाड़ों का परिस्थिकीय तंत्र भी बिगड़ रहा है। जलविद्युत संयंत्रों और सड़क निर्माण के दौरान पहाड़ों को खोखला कर कई किलोमीटर लंबाई वाले सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। इन परियोजनाओं और निर्माण के लिए दैत्याकार क्रेन और भारी निर्माण उपकरण पहाड़ों को खोद रहे हैं, चट्टानी सीने को बारुद के विस्फोटों से तोड़ा जा रहा है। नदियों में बेतहाशा रेत खनन हो रहा है, नदियों के मुहाने पर क्रशर प्लांट लगा दिया गया है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। पेड़ों के कटने, विस्फोट और ड्रिल मशीनों के कंपन से पहाड़ों की मिट्टी और चट्टान कमजोर होकर धसकने लगे हैं जिसके चलते इन क्षेत्रों में आपदाएं लगातार बढ़ रही है। बहरहाल भारत में पहाड़ विकास, पर्यावरण संरक्षण, आस्था और कानून के चौराहे पर खड़े हैं। सरकार और पर्यावरणविदों के पहाड़ों पर अपने-अपने दावे और वादे हैं। बिलाशक पर्यावरण और इकोसिस्टम के लिए पहाड़ जरूरी है लेकिन आर्थिक विकास और रोजगार के लिए भी पहाड़ जरूरी है। इन परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि पहाड़ों के सहेज कर ही विकास का खाका खींचा जाए ताकि पहाड़ों के अस्तित्व पर कोई संकट न आए। आखिरकार क्या हम ऐसे भारत की कल्पना कर सकते हैं जहां जंगल न हो, पहाड़ न हो और नदियों का अविरल प्रवाह न हो ? बेशक इसके बिना इंसानी सभ्यता का अस्तित्व भी खतरे में है लिहाजा विकास के लिए प्रकृति को विमर्श में लाना ही होगा।

## मुद्दा

बाल मुकुन्द ओझा



# कुत्तों का मूड नहीं, इंसानों की जान मायने रखती है

देश की सर्वोच्च अदालत आजकल डॉगलवर और डॉगहेटर की सुनवाई में व्यस्त है। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उससे होने वाले हादसों पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि यह मसला केवल कुत्तों के काटने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं से भी जुड़ा है। दोनों पक्ष अपनी-अपनी दलीलें पेश कर रहे हैं। अदालत में कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में दिलचस्प और अनूठी बहस सुनने को मिल रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के खतरे पर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि यह नहीं पढ़ा जा सकता कि कोई कुत्ता कब काटने के मूड में है और कब नहीं। बहस के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि कुत्ते सड़कों पर नहीं होते हैं तो सुप्रीम कोर्ट ने नाराज होते हुए कहा कि लगता है आपकी जानकारी पुरानी है। अदालत ने माना कि किसी भी व्यक्ति के लिए यह समझना संभव नहीं है कि कोई कुत्ता कब शांत रहेगा और कब अचानक आक्रामक हो सकता है। कुत्तों पर गुरुवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी रही।

गौरतलब है 7 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सरकारी दफ्तर और खेल परिसरों जैसे संवेदनशील स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में पिछले वर्ष कुत्तों के काटने के 37 लाख केस दर्ज हुए। इनमें 74 मौतें रेबीज से हुई। इस तरह दस हज़ार से अधिक लोग प्रतिदिन कुत्तों से काटने के शिकार हुए। हालांकि कोर्ट के फैसलों का जानवर प्रेमी लोगों ने विरोध किया है। देखा गया है कि देशभर के छोटे नगरों से लेकर बड़े मैट्रो शहरों में आवारा पशुओं के कातिलाना कहर की खबरें अक्सर मीडिया में सुर्खियां बनती रहती हैं, फिर भी उन पर लगाम नहीं कसी जा रही। सही तो यह है कि आवारा पशुओं का यह मुद्दा हमें देखने में छोटा लगता है, लेकिन है बड़ा गंभीर। आवारा कुत्ते भी लोगों की नाक में कम दम नहीं करते। बच्चे तो उन के डर से घर से बाहर तक नहीं निकल पाते। अब तो शहरों में गाय, भैंस या सांड ही क्यों, बंदरों का खौफ भी देखा जा रहा है। अस्पतालों में कुत्तों के अलावा बंदरों के काटने के बहुत से मामले सामने आने लगे हैं। आवारा पशुओं की समस्या पूरे देश में विकराल रूप ले रही है। आए दिन आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी की चपेट में आकर निर्दोष लोग अपने हाथ-पैर तुड़वाने को मजबूर हैं तो वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। शहरी इलाकों में कुत्तों के साथ गायों के झुंड विचरण करते मिल ही जाएंगे। इस कारण न केवल लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है, बल्कि सड़कों पर गंदगी फैलती है। इन पशुओं से एक्सीडेंट की भी समस्या बढ़ रही है। गायों तथा सांडों के बड़े झुंड, बाजारों, गलियों, मुख्य सड़कों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सरेआम टहलते हुए राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। आवारा पशुओं की भरमार एवं उनके आतंक के कारण रहवासियों को तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन बाजार क्षेत्र में दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। बाजार क्षेत्र सहित संकरी गलियों में कुत्तों, सांडों व आवारा पशुओं का निरंकुश होकर घूमना लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इनके आपस में झगड़ने के कारण कई बुजुर्ग-महिलाएं एवं बच्चे भी इनकी चपेट में आने के कारण चोटिल हो जाते हैं। अक्सर खाद्य व सब्जी आदि की दुकानों पर भी यह मुंह मारते रहते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में समुचित सफाई नहीं होने और जगह-जगह कचरे के ढेर लग रहने से वहां आवारा मवेशियों का जमघट लगा रहता है। भयावह स्थिति तब बन जाती है, जब ये आवारा मवेशी मार्गों के किनारे लगे कचरे के ढेरों पर आपस में झगड़ते हैं।

कई बार तो बाजार क्षेत्र में भी इनके आपस में झगड़ने से यातायात बाधित होता है। दिन हो या रात, आवारा पशु सड़क पर झुंड बनाकर बैठ जाते हैं, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार तो स्थिति ऐसी बन जाती है कि लोगों को वाहन रोककर इन्हें हटाना पड़ता है, तब आगे का रास्ता खुलता है। आवारा पशुओं ने लोगों को परेशान कर दिया है। शहरी क्षेत्रों के मुख्य बाजार और कॉलोनियां के मार्गों पर जाकर अठखेलियां करने लगते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं जिसके चलते प्रतिदिन कोई ना कोई दुर्घटना घटती रहती है। स्थिति रात के समय और भी घातक हो जाती है। इन आवारा पशुओं में से कुछ का रंग काला होने की वजह से किसी भी वाहन चालक के लिए दूर से इन्हें देख पाना बहुत मुश्किल होता है। कई वाहन चालक इनका शिकार बनकर मौत के मुंह में समा चुके हैं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## उद्यमो भैरवः



संकलित
दर्शन

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है? तब बताते हैं, 'उद्यमो भैरवः'।


## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा कैसे हो?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वो हिंदुओं पर नहीं, बल्कि मानवता पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए वैसे तो सारी दुनिया को आगे आना चाहिए, लेकिन सवाल तो यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जो घिनौना काम हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार क्यों सख्त कदम नहीं उठा रही है? भारत सरकार को चाहिए कि वो वहां से हिंदुओं को सुरक्षित निकालने के उचित इंतजाम करे और सीएए अर्थात नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन्हें भारत में शरणार्थी बनाएं। दूसरी चीज, इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखे और संयुक्त राष्ट्र संघ को वहां एक टीम गठित करने की मांग भारत सरकार को करनी चाहिए, लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नियम नहीं है क्या?

– संजय पटेल, रायगढ़

## ट्रेंड

### एआई पर चर्चा



भारतीय स्टार्टअप जगत के युवाओं के साथ एआई पर चर्चा हुई। यह एक यादगार और ज्ञानवर्धक बातचीत थी, जिसमें उन्होंने भारत द्वारा एआई की दुनिया को बदलने के प्रयासों के बारे में अपने दृष्टिकोण और कार्यों को साझा किया।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अमर्यादित टिप्पणी



नेता प्रतिपक्ष सुश्री आतिशी द्वारा सदन में गुरु तेग बहादुर पर की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी से मैं आहत हूं और इसकी कड़ी निंदा करती हूं। इस मर्यादाहीन टिप्पणी से सिख समाज के साथ-साथ देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं।

रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अपराधियों को संरक्षण



मेरठ में माँ की हत्या और बेटी को उठाकर ले जाने का बेहद गंभीर मामला सामने आया है। भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण देते-देते आज जिस स्तर पर पहुँच गयी है, वहाँ से वापस नहीं लौट सकती क्योंकि अपराधी उनके राज़ खोल देंगे।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### युद्ध नशे के विरुद्ध



आज पंजाब में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' सिर्फ़ नारा नहीं, ज़मीनी हकीकत है। पहले दूसरी पार्टियों के नेताओं के रिश्तेदार नशा बेचते थे, कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करता था। आज आम आदमी पार्टी की सरकार ने बड़े-बड़े नशा तस्करों को भी जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# सोमालिया को जारी सहायता निलंबित

अमेरिका ने सोमालिया की संघीय सरकार को दी जाने वाली सभी प्रकार की सहायता निलंबित कर दी है। विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि सोमाली अधिकारियों ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के एक अमेरिकी वित्तपोषित गोदाम को ध्वस्त कर दिया और गरीब नागरिकों के लिए निर्धारित 76 मीट्रिक टन खाद्य सहायता जब्त कर ली। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ट्रंप प्रशासन जीवनरक्षक सहायता की बर्बादी, चोरी और दुरुपयोग के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति अपनाता है। बयान में कहा गया, विदेश मंत्रालय ने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी मौजूदा अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। सहायता की बहाली इस बात पर निर्भर करेगी कि सोमाली संघीय सरकार अपने अस्वीकार्य कृत्यों की जिम्मेदारी लेती है और उपयुक्त सुधारात्मक कदम उठाती है। यह निलंबन ऐसे समय में किया गया है जब ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में सोमाली शरणार्थियों और प्रवासियों की आलोचना तेज कर दी है। इसमें मिनेसोटा में बाल देखभाल केंद्रों से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामलों को लेकर व्यापक रूप से प्रचारित करने के आरोप भी शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# 2026 में दक्षिणी आकाश में होंगी कई खगोलीय घटनाएं

वर्ष 2026 में दक्षिणी आकाश में खगोलीय घटनाओं की भरमार रहेगी–अनुकूल समय पर पूर्ण चंद्रग्रहण, ब्लू मून और सुपरमून, दो सबसे चमकीले ग्रहों का एक–दूसरे के बेहद करीब आना और दिन के समय चंद्रमा के पीछे बृहस्पति का ओझल होना खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र होंगे। इनमें से एक को छोड़कर बाकी सभी घटनाएं सामान्य आंखों से देखी जा सकेंगी, यहां तक कि प्रकाश प्रदूषण वाले शहरों में भी। इन खास घटनाओं के अलावा, हर साल की तरह उल्का वर्षा और रात को तारामंडलों की परेड भी देखने को मिलेगी। हालांकि इन्हें ग्रामीण और अंधेरी जगहों से देखना बेहतर होता है, लेकिन इनमें से कई शहरों से भी दिखाई देंगी। वर्ष की कुछ प्रमुख खगोलीय घटनाओं का विवरण इस प्रकार है। मार्च, मई और दिसंबर में चंद्रमा की हलचल मंगलवार, तीन मार्च की शाम को चंद्रग्रहण होगा। इस दौरान पूर्णिमा का चंद्रमा पृथ्वी की छाया में प्रवेश करेगा और लाल या तांबे जैसे रंग का दिखाई दे सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य के प्रकाश को परावर्तित कर चंद्रमा तक पहुंचाता है और यह प्रकाश लाल रंग का होता है–जो दुनिया भर के सूर्योदय और सूर्यास्त की आभा जैसा होता है।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# बंगाल की सीएम ममता सबूतों को मिटाने व चुराने का प्रयास कर रहीः भाजपा

## ममता बनर्जी ने अपनी मंशा को अंजाम देने के लिए बंगाल पुलिस का इस्तेमाल कियाः पात्रा

आई-पीएसी के परिसरों पर ईडी की छापेमारी की बीच ममता के दखल पर भाजपा हुई गर्म

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार के मामले में ईडी की रेड के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा रेड में व्यवधान उत्पन्न करने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने के प्रयास पर जोरदार हमला बोला। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ संबित पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी ने बंगाल को ऐसा बना दिया है, जैसे बंगाल भारत के कानून से बाहर का कोई अलग क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बंगाल की जनता लोकतांत्रिक तरीकों से ममता बनर्जी के अराजक शासन का जवाब देगी और उनके खिलाफ मजबूती से खड़ी होगी।

पात्रा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिस प्रकार से सरकारी कामकाज में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दखल दिया है, मीडिया के माध्यम से देश के हर घर ने वह दृश्य देखे हैं। भारतवर्ष में शायद पहली बार ऐसा हो रहा होगा कि भ्रष्टाचार के मामले में जब ईडी रेड करने गई हो तब उस बीच स्वयं मुख्यमंत्री घुस कर सबूतों को मिटाने और चुराने का प्रयास कर रही हों। हिंदुस्तान के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ, जो आज बंगाल में हुआ। उन्होंने कहा कि 2020 में सीबीआई का एक मामला था जो राज्य में लीज होल्ड जमीन से निकाले जाने वाले कोयले की अवैध तस्करी से संबंधित था, जिसमें बड़े पैमाने पर घोटाला और हवाला लेनदेन शामिल था। यह बहुत बड़ा कोयला घोटाला था, जिसमें हवाला का पैसा भी संलिप्त था। उस समय एक एफआईआर हुई और समय के साथ उसपर कार्रवाई भी चल रही थी। उसी मामले में वर्ष 2020 में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर आज प्रवर्तन निदेशालय ने देश के 10 स्थानों पर छापेमारी की, जिनमें 6 स्थान बंगाल में और 4 स्थान दिल्ली में थे। इस कार्रवाई के तहत मुख्य रूप से कोल स्कैम में शामिल अनूप माझी के परिसरों और कार्यालयों पर छापे मारे गए, जहां से यह भी सामने आया कि एक हवाला रैकेट सक्रिय था और इस मामले में पीएमएलए अधिनियम के तहत भी मामला बनता है।

पात्रा ने कहा कि हवाला के माध्यम से धन को आगे भेजा जाता था और इसी क्रम में एक कंपनी, जिसका नाम आई-पीएसी है, उसके परिसरों पर भी बंगाल में छापा पड़ा। जब आई-पीएसी के कार्यालय में छापेमारी चल रही थी, तब कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों से छापेमारी की प्रामाणिकता को लेकर सत्यापन किया, जिस पर ईडी अधिकारियों ने अपने पहचान पत्र और छापेमारी से संबंधित सभी वैध दस्तावेज दिखाए, जिसके बाद छापेमारी शांतिपूर्वक चल रही थी। इसी दौरान अचानक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बंगाल पुलिस के साथ आई-पीएसी के कार्यालय पहुंचीं और स्वयं अंदर जाकर, जहां छापेमारी चल रही थी, वहां से कागजात जैसे भौतिक दस्तावेज और पेन ड्राइव, लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सहित अन्य कई प्रकार के साक्ष्य अपने साथ ले गईं। शायद ऐसा दृश्य हिन्दी फिल्म में भी किसी ने नहीं देखा होगा कि सीबीआई या ईडी की रेड चल रही हो और उस बीच स्वयं एक मुख्यमंत्री आकर साक्ष्य लेकर चली जाएं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि प्रतीक जैन नामक व्यक्ति, जो आई-पीएसी का पूरा संचालन करता है और आई-पीएसी के पीछे की पूरी रणनीति से जुड़ा हुआ है, उसके घर पर और आई-पीएसी के परिसरों में भी छापेमारी हुई। इन दोनों ही स्थानों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वयं पहुंचकर व्यवधान उत्पन्न किया और इलेक्ट्रॉनिक तथा भौतिक साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की और उन्हें चुराकर अपने साथ ले जाती हैं। पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी ने अपनी मंशा को अंजाम देने के लिए बंगाल पुलिस का इस्तेमाल किया, यह पूरा घटनाक्रम इस बात का स्पष्ट संकेत देता है कि ममता बनर्जी के पास छिपाने के लिए बहुत कुछ है और ऐसे कई राज हैं, जिनका खुलासा वह नहीं होने देना चाहतीं। वर्ष 2025 में ममता बनर्जी सरकार के ही एक मंत्री और सत्तारूढ़ दल के विधायक मदन मित्रा ने सार्वजनिक रूप से आई-पीएसी से जुड़े लोगों को भ्रष्ट बताया था और कहा था कि यही लोग उन्हें बर्बाद कर देंगे।

संबित पात्रा ने कहा कि क्या ममता बनर्जी ने बंगाल को ऐसा बना दिया है कि वह भारत के कानून से बाहर कोई अलग क्षेत्र है? जहां ममता बनर्जी कहती हैं कि घुसपैठियों के खिलाफ कोई कानून लागू नहीं होगा, जहां वह कहती हैं कि एसआईआर लागू नहीं होना चाहिए, जहां वह यह घोषणा करती हैं कि बीएसएफ को सीमा सुरक्षा के लिए जमीन नहीं दी जाएगी, और ईडी के छापे नहीं पड़ने चाहिए, लेकिन जब ईडी की छापेमारी होती है तो स्वयं ममता बनर्जी अधिकारियों को धमकाने के लिए वहां पहुंच जाती हैं। क्या ममता बनर्जी बंगाल को भारत से काटने की कोशिश कर रही हैं?

---

## खबर संक्षेप

### किसान की नकदी और सामान ले उड़े शातिर

**दिल्ली।** यहां से पांवटा साहिब जा रही एचआरटीसी बस में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अज्ञात शातिर ने एक किसान यात्री को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर लाखों रुपए पर हाथ साफ कर दिया। जिला सिरमौर के गांव दुगाना निवासी ट्रांसपोर्टर एवं किसान बलबीर पुंडीर को बस में नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। नकदी उड़ा दी।



### ट्रक ने ई-रिक्शा को कुचला, 2 की मौत

**बरेली।** यहां गुरुवार सुबह कोहरे के कारण रिठौरा में राजश्री पेट्रोल पंप के नजदीक भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर ट्रक ने ई-रिक्शा को रौंद दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। दो घायल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।



### नाबालिग से गैंगरेप यूट्यूबर गिरफ्तार

**कानपुर।** यहां के सचेंडी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के अगवा और गैंगरेप मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी (यूट्यूबर पत्रकार) को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा आरोपी दरोगा अभी भी फरार है, उसकी तलाश में पुलिस की चार टीमें लगी हुईं हैं।

---

### पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक क्षणों को उद्धृत किया

# सिद्धांत पर अडिग रहने वालों की याद में हो रहा स्वाभिमान पर्व, उनकी चेतना नहीं डिगी

## तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी और आडवाणी और गणमान्यों को किया याद



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री ने उन पलों की साझा कीं तस्वीरें**

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक क्षणों को याद किया। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर 2001 को सोमनाथ में आयोजित कार्यक्रम में मैंने भाग लिया था, जब 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के उद्घाटन के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया गया था। वह ऐतिहासिक समारोह तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में संपन्न हुआ था। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण में सरदार पटेल, केएम मुंशी सहित कई महान विभूतियों का योगदान अत्यंत उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और गृह मंत्री आडवाणी और गणमान्य लोग शामिल हुए थे। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि जय सोमनाथ! सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आज से शुरू हो रहा है। जनवरी 1026 में सोमनाथ पर पहला हमला हुआ था, लेकिन हमले और उसके बाद हुए आक्रमण भी करोड़ों लोगों की आस्था और उस सभ्यतागत चेतना को नहीं तोड़ सके, जिसने सोमनाथ को बार-बार खड़ा किया।

**पुनर्निर्माण में योगदान देने वालों को किया याद**

**सरदार पटेल, मुंशी सहित महान विभूतियों को सराहा**

### भक्तों से तस्वीरें साझा करने की अपील की



सोमनाथ की पूजा करते प्रधानमंत्री मोदी — फाइल फोटो

मोदी ने कहा कि वर्ष 2026 में 1951 के भव्य समारोह के 75 वर्ष पूर्ण होने का स्मरण भी किया जा रहा है। उन्होंने 'जय सोमनाथ' के उद्घोष के साथ बताया कि आज से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सोमनाथ की अपनी पिछली यात्राओं की तस्वीरें साझा करते हुए लोगों से आग्रह किया कि यदि वे भी सोमनाथ गए हैं, तो अपनी तस्वीरें 'सोमनाथ सावाभिमान पर्व' के साथ साझा करें।

### 1,000 वर्षों के सफर पर हो रहा आयोजन

सोमनाथ मंदिर को पहले से कहीं ज्यादा भव्य स्वरूप प्रदान किया। विध्वंस से पुनरोत्थान तक 1,000 वर्षों के इसी सफर पर 8 से 11 जनवरी तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 11 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल होंगे। वर्ष 2026 इस वजह से भी बेहद खास है कि क्योंकि यह मंदिर के आधुनिक पुनरुद्धार की 75वीं वर्षगांठ है। 1951 में इसकी आधुनिक प्राण प्रतिष्ठा सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों का नतीजा थी।

### मुख्यमंत्री रहते मोदी की देखरेख में हुआ था आयोजन

यह पूरा कार्यक्रम उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की देखरेख में आयोजित किया गया था। मोदी आर्काइव के अनुसार यह आयोजन 31 अक्टूबर 2001 को हुआ था, जिसे सोमनाथ मंदिर में एक ऐतिहासिक सभा के रूप में याद किया जाता है।

### स्वर्ण जयंती समारोह का किया था समापन

इस दिन सोमनाथ मंदिर में ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष तक चले स्वर्ण जयंती समारोह का समापन हुआ था। यह तारीख सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के साथ भी जुड़ी थी, जिन्होंने वर्ष 1951 में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की पहली परिकल्पना की थी।

### सोमनाथ को बताया- देश की आत्मा का प्रतीक

पीएम ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर भारत की आत्मा को दर्शाता है। उन वीरों को भी नमन किया, जिन्होंने पहले ज्योतिर्लिंग की रक्षा के लिए विदेशी आक्रमणकारियों से मुकाबला करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

**अटूट विरासत और लचीलेपन का उत्सव**

यह पर्व हमले के 1000 वर्ष पूरे होने की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। यह सोमनाथ की अटूट विरासत और लचीलेपन का उत्सव है।

**लोगों से जश्न में शामिल होने का किया आग्रह**

पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर की अपनी पिछली यात्राओं की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं और नागरिकों से इस पर्व से जुड़ी यादें साझा कर जश्न में शामिल होने का आग्रह किया।

---

### श्रीमाता वैष्णो बोर्ड की यूनिवर्सिटी में पाई गई अनियमितताओं के चलते

## मेडिकल कॉलेज की अनुमति रद्द करना न्याय की जीत : मनकोटिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली/कटरा

श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति के कोर ग्रुप की आज एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें पिछले 45 दिनों से चल रहे घटनाक्रम तथा नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा लिए गए हालिया निर्णय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत समिति के संयोजक कर्नल सुखवीर सिंह मनकोटिया के नेतृत्व में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें संघर्ष समिति ने आंदोलन की सफलता और आगामी रणनीति पर अपना पक्ष रखा।

मीडिया को संबोधित करते हुए मनकोटिया ने कहा कि 45 दिनों तक चले इस जनआंदोलन को आम जनता तक पहुँचाने और उसे तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने में मीडिया ने सेतु की भूमिका निभाई।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए। उन्होंने कहा कि श्राइन बोर्ड की यूनिवर्सिटी में पाई गई अनियमितताओं के चलते मेडिकल कॉलेज की अनुमति रद्द करना न्याय की जीत है।कर्नल मनकोटिया ने कहा कि केंद्र में एक संवेदनशील सरकार है, जो करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और जनभावनाओं का सम्मान करना जानती है। उन्होंने देशभर के सनातनियों और उन सभी वर्गों का आभार जताया, जिन्होंने इस आंदोलन को बिना शर्त समर्थन दिया।संघर्ष समिति ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से अपील की कि वे श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को स्पष्ट निर्देश जारी करें, जिससे भविष्य में संस्थान के भीतर सनातन धर्म की परंपराओं और संस्कृति का पूर्ण सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। समिति ने श्राइन बोर्ड के बायलॉज में आवश्यक संशोधन की मांग करते हुए कहा कि इससे बोर्ड में हिंदुओं की सहभागिता सुनिश्चित होगी तथा संस्थान के भीतर योग, वेद और संस्कृत से जुड़े शोध कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। कर्नल मनकोटिया ने स्पष्ट किया कि समिति का उद्देश्य केवल विरोध नहीं, बल्कि धर्म और मर्यादा की रक्षा करना है, और इसके लिए प्रशासन को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

इस अवसर पर परशोत्तम दधीचि ने कहा कि समिति ने पूरे संघर्ष के दौरान अनुशासन और मर्यादा बनाए रखी। उन्होंने कहा कि यदि आंदोलन के दौरान किसी भी प्रकार की तीखी बयानबाजी हुई हो, तो उसे जनआक्रोश के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने विवाद के समाधान में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की सकारात्मक भूमिका और व्यक्तिगत योगदान की सराहना की।

संघर्ष समिति ने इस आंदोलन को हिंदू एकता का प्रतीक बताते हुए विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों के सहयोग पर गर्व व्यक्त किया और सभी का आभार जताया। समिति के सदस्यों और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ एक भव्य विजय यात्रा निकाली। यह यात्रा परेड ग्राउंड से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई ऐतिहासिक श्री रघुनाथ मंदिर पहुँची। मंदिर परिसर में सभी ने भगवान का आशीर्वाद लिया और आंदोलन की सफलता के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान पूरा वातावरण 'जय माता दी' और 'जय श्री राम' के जयघोष से गूंज उठा।

---



## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों से की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एवं बहुपक्षीय विकास साझेदार संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन, वर्ल्ड फूड प्रोग्राम, इंटरनेशनल फंड फॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट, वर्ल्ड बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक, डॉयचे गेसेलशाफ्ट फ्यूर इंटरनेशनेले जुसामेनआर्बाइट तथा जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी शामिल हैं।

बैठक का उद्देश्य सहयोग को और सुदृढ़ करना, दीर्घकालिक विकास प्राथमिकताओं का समन्वय करना तथा किसानों के कल्याण और आजीविका में सुधार के लिए दीर्घकालिक नीतियों के निर्माण सहित सतत विकास पहलों को समर्थन देना रहा। प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए चौहान ने कहा कि भारत की कृषि यात्रा उल्लेखनीय रही है, जिसमें देश ने खाद्य-घाटा वाले राष्ट्र से प्रमुख कृषि उत्पादों के बड़े निर्यातक के रूप में परिवर्तन किया है। उन्होंने इस परिवर्तन में अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भूमिका को भी रेखांकित किया।

उन्होंने बताया कि भारत ने सफलतापूर्वक खाद्य सुरक्षा हासिल कर ली है और अब पोषण सुरक्षा को आगे बढ़ाने के साथ सतत आजीविका के अवसर सृजित करने पर दृढ़ता से कार्य कर रहा है। चौहान ने यह भी कहा कि भारत अन्य देशों के साथ अपने अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने की बेहतर स्थिति में है, साथ ही वैश्विक नवाचारों और अन्य देशों में अपनाए गए सफल मॉडलों से सीख लेकर कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में पारस्परिक विकास और सहयोग को बढ़ावा दे सकता है। इन संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला, जिनमें समावेशी कृषि, छोटे किसानों के लिए बेहतर बाजार पहुंच, तथा युवाओं, महिलाओं और किसान संगठनों पर विशेष ध्यान शामिल है। उन्होंने प्रौद्योगिकी एवं नवाचार, वित्त, निजी क्षेत्र की भागीदारी और निवेश के महत्व को भी रेखांकित किया। इसके साथअनुसंधान एवं विकास, डिजिटल कृषि, कटाई-उपरांत अवसंरचना विकास, फसलों को बढ़ावा देने, संसाधनों के सतत प्रबंधन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

---

### पवन खेड़ा ने किया भाजपा पर कटाक्ष... 'हर घर जल' या 'हर घर मल'

## इंदौर में दूषित पानी से मासूमों की मौत के लिए भाजपा सरकार की लापरवाही जिम्मेदार, स्वतंत्र जांच की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार के निकम्मेपन और लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इससे 'स्वच्छ भारत' अभियान व 'हर घर जल' योजना की पोल खुल गई है। पार्टी ने इस लापरवाही की स्वतंत्र जांच की मांग की है।
कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के मीडिया व पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने की वजह से अब तक 18 लोगों की जान चली गई है और करीब 100 लोग अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने वीडियो साक्ष्य दिखाते हुए कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार वाला जो शहर 'स्वच्छ भारत अभियान' में आठ बार प्रथम स्थान पर रहा, वहां पाइपलाइनों में मल (सीवेज) का पानी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 'स्वच्छ भारत' अभियान और 'हर घर जल' योजना की पोल खुल चुकी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 'हर घर जल' योजना अब हर घर मल योजना में तब्दील हो गई है। उन्होंने कहा कि इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों की जिम्मेदारी सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है।

खेड़ा ने सरकार से कई गंभीर सवाल सवाल पूछे, जो किसी बड़े घोटाले की ओर इशारा करते हैं। खेड़ा ने दस्तावेज पेश करते हुए बताया कि इंदौर में पुरानी पाइपलाइन बदलने के ठेके को 22 जुलाई 2022 को ही स्वीकृति मिल चुकी थी, तो काम क्यों नहीं शुरू हुआ? क्या सरकार किसी बड़े कमीशन का इंतजार कर रही थी? इन 18 मौतों की जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने बताया कि एशियन डेवलपमेंट बैंक से 2003 में 200 मिलियन डॉलर का ऋण भोपाल, इंदौर और ग्वालियर जैसे शहरों की जलापूर्ति सुधार परियोजना के लिए मिला था। उन्होंने मांग की कि इस राशि के उपयोग का तत्काल ऑडिट होना चाहिए।

खेड़ा ने यह भी सवाल किया कि इंदौर में जो दूषित पानी से मौतें हुई, उन मामलों में वाटर सैंपल और प्रभावित नागरिकों के स्टूल सैंपल की जांच हुई या नहीं? क्या प्रभावित लोगों के सैंपल्स में हैजा का बैक्टीरिया मिला है? अगर हैजा की पुष्टि हुई तो सरकार ने इसे इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम के अंतर्गत नोटिफाई किया या नहीं? क्या राज्य सरकार ने हैजा के मामलों और मौतों की जानकारी केंद्र सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी है?

खेड़ा ने मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के व्यवहार और सीएम. मोहन यादव की संवेदनहीनता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब पत्रकार सवाल पूछते हैं, तो विजयवर्गीय गाली-गलौज पर उतर आते हैं, जबकि मुख्यमंत्री उत्सवों में व्यस्त रहते हैं, उनके बीच की अंतर्कलह का खामियाजा छह महीने के मासूम बच्चों तक को अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है। खेड़ा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में टाइफाइड फैलने, दिल्ली में पानी की खराब गुणवत्ता और देशभर में मिलावट के अन्य मामलों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबिलिटी की रिपोर्ट के अनुसार भारत का लगभग 70 प्रतिशत पानी दूषित हो चुका है, लेकिन भाजपा सरकार देश की जनता को फिजूल की बातों में उलझाए रहती है।पूरे देश में हवा, पानी और दवाइयों तक में जहर घुल चुका है। उन्होंने मांग की कि इंदौर में हुई लापरवाही की तुरंत प्रधानमंत्री कार्यालय से जांच हो और आदेश दिया जाए। साथ ही एशियन डेवलपमेंट बैंक और सुप्रीम कोर्ट स्तर की एक स्वतंत्र जांच हो, ताकि भाजपा सरकार को जवाबदेह ठहराया जा सके।

---

### पायलट परियोजनाओं के लिए 7 प्रमुख पर्यटन स्थलों की पहचान की

## प्रशिक्षित 'पर्यटन मित्र' 'पर्यटन दीदी' और स्वदेश दर्शन के तहत करोड़ों की परियोजनाएं.... कुछ यूं कुलांचे भरेगा देसी पर्यटन, इनमें मध्यप्रदेश का ओरछा भी शामिल किया गया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पर्यटन मंत्रालय ने 'पर्यटन मित्र' और 'पर्यटन दीदी' पहल के तहत पायलट परियोजनाओं के लिए 7 प्रमुख पर्यटन स्थलों की पहचान की है। इनमें मध्य प्रदेश का ओरछा, आंध्र प्रदेश का गांडीकोटा, बिहार का बोधगया, मिजोरम की राजधानी आइजोल, राजस्थान का जोधपुर, जम्मू-कश्मीर का श्रीनगर और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का श्री विजयपुरम शामिल हैं। इन स्थलों पर स्थानीय युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें पर्यटन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। पर्यटकों के लिए ये गाइड का काम करेंगे।

विश्व पर्यटन दिवस 2024 के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय ने इस पहल का विस्तार करते हुए देश के 50 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी कार्यक्रम लागू किया। अब तक इस योजना के अंतर्गत लगभग 4,382 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।

पर्यटन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अपनी क्षमता निर्माण सेवा प्रदाता योजना के तहत अल्पकालिक आतिथ्य और पर्यटन कौशल विकास कार्यक्रम भी मंत्रालय संचालित कर रहा है। इनमें हुनर से रोजगार तक, स्किल टेस्टिंग सर्टिफिकेट जैसे कार्यक्रम शामिल हैं, जिनका उद्देश्य पर्यटन से जुड़े सेवा प्रदाताओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देना है। इसके अलावा मंत्रालय इन्क्रेडिबल इंडिया टूरिस्ट फैसिलिटेटर और इन्क्रेडिबल इंडिया टूरिस्ट गाइड प्रमाणन कार्यक्रम भी चला रहा है। इन कार्यक्रमों का लक्ष्य देशभर में, विशेषकर दूरदराज और पर्यटन संभावनाओं वाले क्षेत्रों में, प्रशिक्षित और पेशेवर टूरिस्ट गाइड एवं फैसिलिटेटर्स की मजबूत श्रृंखला तैयार करना है। ये पाठ्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से वर्षभर उपलब्ध रहते हैं, जबकि परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित की जाती हैं।

पर्यटन विकास को नई दिशा देने के लिए मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना को नया रूप देते हुए स्वदेश दर्शन 2.0 के रूप में लागू किया है। इस योजना का उद्देश्य देश में सतत और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों का विकास करना है। आंकड़ों के हवाले से उक्त अधिकारी ने बताया, इसके तहत अब तक 2,208.27 करोड़ रुपये की लागत से 53 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है।

पर्यटन मंत्रालय ने चैलेंज बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट पहल के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेजेज को एक थीम के रूप में शामिल किया है। इस श्रेणी के तहत पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए पांच गांवों की पहचान की गई है। इनमें अरुणाचल प्रदेश का किबिथो, हिमाचल प्रदेश का रकछाम-छितकुल, सिक्किम का ग्राथांग और उत्तराखंड के जादुंग एवं माणा गांव शामिल हैं। इन परियोजनाओं के लिए कुल 24.90 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।अंतरिम बजट 2024-25 में केंद्र सरकार ने राज्यों को प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के समग्र विकास, ब्रांडिंग और वैश्विक स्तर पर प्रचार के लिए प्रोत्साहित करने की घोषणा की है। इसके तहत गुणवत्ता और सेवाओं के आधार पर रेटिंग फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा तथा राज्यों को 50 वर्षों के लिए दीर्घकालिक, ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराए जाएंगे।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, अब तक की प्रगति के तहत पर्यटन मंत्रालय ने विशेष सहायता-पूंजी निवेश योजना के लिए परिचालन दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसके अंतर्गत देश के 23 राज्यों में 40 परियोजनाओं को 3,295.76 करोड़ रुपये की राशि के साथ मंजूरी दी गई है। इन पहलों से न केवल पर्यटन अवसंरचना मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय रोजगार, सांस्कृतिक संरक्षण और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी।

# एशेज सीरीज में हेड ने ठोके सर्वाधिक 629 रन, मिचेल ने चटकाए 31 विकेट

एजेंसी ▶▶| सिडनी

इंग्लैंड क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज 2025-26 के आखिरी टेस्ट मैच में 5 विकेट से हार मिली। कंगारू टीम को 161 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उन्होंने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने पूरी सीरीज में अपना दबदबा कायम रखा। इस बीच सीरीज में सर्वाधिक रन, सर्वाधिक विकेट और अन्य रिकॉर्ड पर एक नजर डालते हैं।

### इन बल्लेबाजों ने बनाए सर्वाधिक रन

ऑस्ट्रेलिया टीम के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 5 टेस्ट की 10 पारियों में 62.90 की औसत के साथ 629 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 शतक निकला। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 170 रन रहा। हेड के अलावा और कोई भी बल्लेबाज 500 रन भी नहीं बना पाया। जो रूट दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने 5 टेस्ट की 10 पारियों में 44.44 की औसत से 400 रन बनाए। उनके बल्ले से 2 शतक निकला और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 160 रन रहा।

### मिचेल-कॉर्स ने चटकाए सबसे ज्यादा विकेट

मिचेल स्टार्क ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। उन्होंने 5 मैच की 10 पारियों में 19.93 की शानदार औसत के साथ 31 विकेट अपने नाम किए। स्टार्क ने 2 बार 5 विकेट हॉल लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 7/58 का रहा। दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के ब्रायडन कार्स रहे। उन्होंने 5 टेस्ट की 9 पारियों में 30.31 की औसत से 22 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/34 का रहा।




### जोश, स्टोक्स और आर्चर ने लिए 5 विकेट हॉल

एशेज सीरीज 2025-26 में स्टार्क के अलावा 4 गेंदबाजों ने 5 विकेट हॉल अपने नाम किए। इंग्लैंड के जोश टंग, बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने ये कारनामा किया। वहीं, कंगारू टीम के लिए माइकल नेसर ने 5 विकेट हॉल लिए। टंग ने 3 टेस्ट की 6 पारियों में 18 विकेट चटकाए। नेसर और स्टोक्स के नाम सीरीज में 15-15 विकेट आए। वहीं, आर्चर सिर्फ 3 टेस्ट खेल पाए और इसकी 6 पारियों में 9 विकेट लेने में सफल रहे।

### रूट, हेड, केरी, स्मिथ व बेथल ने भी जड़े शतक

सीरीज में रूट और हेड के अलावा सिर्फ 3 बल्लेबाजों ने शतक लगाए। एलेक्स केरी ने 5 टेस्ट की 8 पारियों में 1 शतक के साथ 46.14 की औसत से 323 रन बनाए। स्टीव स्मिथ के बल्ले से 4 टेस्ट की 8 पारियों में 1 शतक और 1 अर्धशतक के साथ 286 रन निकले। जैकब बेथल सिर्फ 2 टेस्ट खेले और इसकी 4 पारियों में 1 शतक की मदद से 51.25 की औसत से 205 रन बनाने में सफल रहे।

### सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद ऐसी है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया। यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में ऑस्ट्रेलिया की कुल 7वीं जीत साबित हुई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में अपनी टॉप पोजिशन को और मजबूत किया। भारतीय टीम 9 टेस्ट में 4 जीत 4 हार और 1 ड्रॉ के साथ छठे स्थान (48.15) पर है।

**शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया, दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड** : टॉप पर स्थित ऑस्ट्रेलिया की टीम ने डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में अब तक कुल 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 7 मुकाबलों में उसने जीत (हार-1) दर्ज की। दूसरे स्थान पर फिलहाल न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम है। कीवी टीम ने अब तक 3 मैच खेले हैं, 2 में उसे जीत और 1 में हार मिली है।

#### भारत सहित अन्य टीमों की स्थिति

दक्षिण अफ्रीका ने 4 में से अपने 3 टेस्ट जीतकर तीसरे स्थान पर, श्रीलंका एक टेस्ट जीतकर चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान 1 जीत और 1 हार के साथ 5वें स्थान पर बनी हुई है। भारतीय टीम 9 टेस्ट में 4 जीत 4 हार और 1 ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है।

#### इंग्लैंड ने इस चक्र में अपनी छठी हार झेली

इंग्लैंड ने डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में अपनी छठी हार झेली। इंग्लिश टीम ने 10 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से उन्हें 3 में जीत मिली है और 1 टेस्ट उन्होंने ड्रॉ कराया है। फिलहाल इंग्लिश टीम 7वें स्थान पर मौजूद है। इंग्लैंड के नीचे बांग्लादेश 8वें और वेस्टइंडीज अंतिम 9वें स्थान पर हैं।

## खबर संक्षेप



### एसए20 शानदार मंच पर आईपीएल से तुलना नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी डुमिनी ने एसए20 लीग को दक्षिण अफ्रीका और दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए शानदार मंच करार दिया लेकिन साथ ही कहा कि इसकी तुलना इंडियन प्रीमियर लीग से नहीं की जा सकती। डुमिनी ने कहा कि एसए20 लीग की शुरुआत से स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को दुनिया भर के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने के अधिक अवसर मिल रहे हैं जिससे देश के क्रिकेट को फायदा हो रहा है। डुमिनी ने एसए20 द्वारा आयोजित ऑनलाइन मीडिया बातचीत के दौरान कहा, ''मुझे नहीं लगता कि इसे आप आईपीएल के बराबर रख सकते हैं।

### राठौर बने श्रीलंका क्रिकेट टीम के नए बल्लेबाजी कोच

**कोलंबो।** पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को श्रीलंका क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। यह निर्णय टी-20 विश्व कप 2026 से पहले लिया गया है। राठौर ने राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में भारत के बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्य किया था और वह 2024 में भारत की टी-20 विश्व कप जीत का हिस्सा भी रहे थे। श्रीलंका अब उनके अनुभव का लाभ उठाएगी। वह राजस्थान रॉयल्स से भी जुड़े हुए हैं। साल 2026 का विश्व कप भारत और श्रीलंका में होना है। विक्रम 15 जनवरी तक श्रीलंका की टीम से जुड़ने की उम्मीद है, क्योंकि टीम टी-20 विश्व कप की तैयारी में है।



### हरियाणा ने महिला वर्ग और दिल्ली ने पुरुष वर्ग में सेपकटकरा स्वर्ण जीता

**दीव।** हरियाणा की महिलाओं और दिल्ली के पुरुषों ने बिहार की उम्मीद तोड़ते हुए 'खेलो इंडिया बीच गेम्स' (केआईबीजी) सेपकटकरा स्पर्धा के खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीते। हरियाणा ने महिला सेपकटकरा फाइनल में बिहार को एक घंटे 15 मिनट में 2-1 से हराया। वहीं पुरुष वर्ग में दिल्ली ने बिहार को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। गत चैम्पियन ओडिशा ने 'बीच सॉकर' में हिमाचल प्रदेश को 7-0 से हराकर महिला फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात ने अरुणाचल प्रदेश को 6-3 से मात दी।

### टी-20 विश्व कप से पहले तिलक की हुई सर्जरी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद फरवरी में टी-20 विश्व कप भी खेला जाएगा। इस प्रमुख टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों में जुटी भारतीय टीम के लिए चिंताजनक खबर है। दरअसल, भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा की 'टेस्टिकुलर टॉर्शन' की सर्जरी हुई है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 जनवरी से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं। विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में हैदराबाद के आखिरी लीग स्टेज मैच से एक दिन पहले, 7 जनवरी को तिलक के पेट में दर्द हुआ।

ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ़ द मैच और मिशेल स्टार्क बने प्लेयर ऑफ़ द सीरीज

# ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया, 4-1 से जीती एशेज सीरीज

एजेंसी ▶▶| सिडनी

एशेज सीरीज 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने 5वें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया। सिडनी टेस्ट में जीत के लिए मिले 160 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मार्नस लाबुशेन के 37 रनों की बदौलत हासिल किया। इसके साथ ही कंगारू टीम ने इस प्रतिष्ठित सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ़ द मैच और 31 विकेट हासिल कर मिशेल स्टार्क बने प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़।

### ऑस्ट्रेलिया की रही मजबूत शुरुआत

इंग्लैंड ने पहली पारी में जो रूट के शतक (160) की मदद से सभी विकेट खोकर 384 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (138) के शतकों की बदौलत 567 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की। पहली पारी के आधार पर पिछड़ने वाली इंग्लिश टीम ने दूसरी पारी में जैकब बेथेल (154) के शतक की मदद से 342 रन बनाए। आखिर में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

### रूट ने शतकों में रिकी पोंटिंग की बराबरी की

रूट ने 160 और 6 रन के स्कोर किए। रूट ने शतकों के मामले में रिकी पोंटिंग की बराबरी की। बता दें कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पोंटिंग ने 168 टेस्ट में 41 शतकों की मदद से 13,378 रन बनाए थे। रूट अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरे सर्वाधिक शतक (41) वाले बल्लेबाज बने। टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ भारत के सचिन तेंदुलकर (51) और दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस (45) ने लगाए हुए हैं।



### इस सूची में शुमार हुए रूट

रूट 21वीं सदी में एक एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए कम से कम 2 शतक लगाने वाले चौथे इंग्लिश बल्लेबाज बने। बता दें कि पूर्व इंग्लिश कप्तान माइकल वॉन ने 2002-03 में 3 शतक लगाए थे। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज एलिस्टर कुक ने 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 शतक अपने नाम किए थे। जोनाथन ट्रॉट ने 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया में खेली गई एशेज सीरीज में 2 शतक जड़े थे।

### ट्रेविस हेड ने लगाया बड़ा शतक

हेड ने पहली पारी में 163 रन बनाए। यह उनके टेस्ट करियर का कुल 12वां और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5वां टेस्ट शतक साबित हुआ। वह दूसरी पारी में 29 रन बनाकर आउट हुए। हेड ने एशेज सीरीज 2025-26 में 5 मैचों की 10 पारियों में 62.90 की औसत से 629 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 3 शतक भी लगाए है। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 500 रन भी नहीं बना सका।

### हेड 600 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे प्लेयर

क्रिकइंफो के अनुसार, हेड 21वीं सदी की शुरुआत से एशेज सीरीज में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले स्टीव स्मिथ, एलिस्टर कुक और माइकल वॉन ऐसा कर चुके थे। स्मिथ ने 2 बार 2019 में 774 रन और 2017-18 में 687 रन बनाए थे। कुक ने 2010-11 में 766 रन अपने नाम किए थे। वॉन ने 2002-03 में 633 रन बनाए थे।

### स्मिथ ने शतक में तोड़ा द्रविड़ का रिकॉर्ड

स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 37वां शतक लगाया। स्मिथ ने टेस्ट शतकों के मामले में भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा। बता दें कि द्रविड़ ने 36 शतकों की मदद से 13,288 रन बनाए थे। स्मिथ अब टेस्ट क्रिकेट में छठे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। बता दें कि सर्वाधिक शतक तेंदुलकर (51) ने लगाए थे। उनके बाद कैलिस (45), पोंटिंग (41), रूट (41) और कुमार संगाकारा (38) हैं।यह एशेज सीरीज के इतिहास में स्मिथ का कुल 13वां शतक रहा। उन्होंने इस प्रतिष्ठित सीरीज में शतकों के मामले में जैक हॉब्स (12 शतक) को पीछे छोड़ा। अब एशेज में स्मिथ से ज्यादा शतक सिर्फ डॉन ब्रैडमैन (19) ने लगाए हुए हैं। इस शतकीय पारी के दौरान स्मिथ एशेज में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने हैं।

बैडमिंटन

# सिंधू जीत के साथ मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां अपने से अधिक रैंकिंग वाली जापान की खिलाड़ी तोमोका मियाजाकी को हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने आठवीं वरीयता प्राप्त मियाजाकी को 33 मिनट में 21-8, 21-13 से हराया। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना चीन की गाओ फांग जी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी अकाने यामागुची के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### ऐसा रहा सिंधू का मियाजाकी से रोमांचक मुकाबला

तीस वर्षीय सिंधू ने वापसी करने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और मियाजाकी के खिलाफ अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इससे जापानी किशोरी के खिलाफ उनका करियर का रिकॉर्ड 2-1 हो गया है। सिंधू ने पहले गेम में 5-1 की बढ़त हासिल की और फिर लगातार 13 अंक जीतकर 18-4 की शानदार बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी काफी हद तक एकतरफा रहा, हालांकि 19 वर्षीय मियाज़ाकी 8-9 से पिछड़ने के बाद कुछ समय के लिए मुकाबले में बनी रहीं। लेकिन सिंधू ने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया और 17-11 से छह अंक की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगा।

कोच पर केस दर्ज, जांच तक सस्पेंड रहेंगे

# नाबालिग शूटर को करियर बर्बाद करने की धमकी देकर किया था दुष्कर्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक नाबालिग महिला निशानेबाज ने राष्ट्रीय निशानेबाजी कोच अंकुश भारद्वाज पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर फरीदाबाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उसके खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है। इस बीच नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने आरोपी कोच को जांच होने तक सस्पेंड कर दिया है। भारद्वाज एसोसिएशन द्वारा नियुक्त 13 नेशनल पिस्टल कोच में से एक है। आरोप के मुताबिक कोच ने 'परफॉर्मेंस इवैल्युएशन' के नाम पर पीड़ित को फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित एक होटल के कमरे में बुलाया और वहां उससे रेप किया। उसने पीड़ित को धमकी दी कि अगर वह इसके बारे में किसो को भी जानकारी देगी तो उसका करियर बर्बाद कर देगा और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाएंगा।



### यह है मामला

एफआईआर के मुताबिक घटना 16 दिसंबर को हुई। उस वक्त दिल्ली के डॉक्टर करनी सिंह शूटिंग रेंज में एक राष्ट्रीय स्तर की निशानेबाजी प्रतियोगिता चल रही थी। एफआईआर के मुताबिक, कोच ने शुरुआत में पीड़ित से होटल की लॉबी में मिलने को कहा था लेकिन बाद में उसने परफॉर्मेंस इवैल्युएशन के नाम पर निशानेबाज पर होटल के कमरे में चलने का दबाव डाला।

### पॉक्सो के तहत केस दर्ज

बाद में पीड़ित ने जब अपने परिवार को इस बारे में जानकारी दी तब उन्होंने मंगलवार को फरीदाबाद के एनआईटी महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई। अंकुश भारद्वाज के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट की धारा 6 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 351 (1) के तहत केस दर्ज किया गया है। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। उसने संबंधित होटल से घटना वाले दिन के सभी सीसीटीवी फुटेज मांगा है। अभी कोच की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## पूनम ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गत चैंपियन साक्षी को हराकर उलटफेर किया

**ग्रेटर नोएडा।** युवा विश्व चैंपियनशिप की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता पूनम पूनिया ने बृहस्पतिवार को यहां 54 किग्रा वर्ग में गत चैंपियन साक्षी चौधरी को शिकस्त दी जिससे राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पहला बड़ा उलटफेर हुआ। रेलवे की 23 वर्षीय मुक्केबाज और अंडर-22 एशियाई चैंपियन पूनम ने आक्रमकता दिखाते हुए साक्षी पर 4-1 के विभाजित फैसले में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा) और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने आराम से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। निकहत ने मणिपुर की लांचेनबी चानू को सर्वसम्मत फैसले में हराया जबकि लवलीना ने आंध्र प्रदेश की मौनिका कल्याणम बॉन्थू पर आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज की।

# बीसीबी ने फिर की आईसीसी को विश्व कप के मैचों का स्थान बदलने की मांग

### खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को आईसीसी को दूसरा पत्र लिखकर टी-20 विश्व कप के लिये भारत आने को लेकर सुरक्षा चिंतायें जताई और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग दोहराई। विश्व कप सात फरवरी से शुरू हो रहा है और बांग्लादेश को कोलकाता में तीन तथा मुंबई में एक मैच खेलना है। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देश पर आईपीएल से बाहर रखने के फैसले के बाद बांग्लादेश ने विश्व कप खेलने भारत आने से इनकार कर दिया। क्रिकेट बोर्ड के एक करीबी सूत्र ने पीटीआई को बताया ,'' खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरूल से मशविरे के बाद बीसीबी ने आईसीसी को फिर पत्र लिखा है। आईसीसी जानना चाहती थी कि सुरक्षा को लेकर उसकी क्या चिंतायें हैं और बीसीबी ने इससे अवगत कराया है।'' उन्होंने पत्र के ब्यौरे के बारे में नहीं बताया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अभी तक इस पर चुप्पी साध रखी है और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से पूछा है कि सुरक्षा को लेकर उसकी क्या आशंकायें हैं। समझा जाता है कि बीसीबी खुद इस मसले पर बंटा हुआ है। बोर्ड का एक गुट नजरूल के कट्टर रवैये का पक्षधर है तो दूसरा गुट आईसीसी और बीसीसीआई से बातचीत का विकल्प खुला रखना चाहता है।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ से नवाजे गए मिचेल, शेफाली, ग्रीव्स और डफी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दिसंबर 2025 के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को नामांकित किया। उन्होंने एशेज सीरीज 2025-26 में अपनी गेंदबाजी से अंतर पैदा किया।

आईसीसी ने स्टार्क के अलावा वेस्टइंडीज के जस्टिन ग्रीव्स और न्यूजीलैंड के जैकब डफी को भी नामित किया। महिलाओं में भारत की शेफाली वर्मा, दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ट और सुने लुस को नामांकित हुई हैं।




### स्टार्क ने एशेज सीरीज में लिए 31 विकेट

स्टार्क ने दिसंबर 2025 में एशेज सीरीज के दौरान गेंदबाजी में 16 विकेट लिए थे और बल्लेबाजी में 139 रन बनाए थे। एशेज 2025-26 में स्टार्क ने 10 पारियों में 19.93 की औसत के साथ 31 विकेट लिए थे। इस बीच उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 58 रन पर 7 विकेट लेना रहा। कोई भी दूसरा गेंदबाज 25 विकेट के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया है।

### दिसंबर में शेफाली ने किया था कमाल

दिसंबर 2025 में शेफाली ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में कमाल किया था। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने 5 पारियों में 80 की औसत से 241 रन बनाए थे। वोल्वार्ट ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में लगातार 2 शतक (124 और 100*) रन बनाए थे। वह सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थी। उनकी साथी खिलाड़ी लुस ने आयरलैंड के विरुद्ध सीरीज में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया था।

### ग्रीव्स का ऐसा रहा प्रदर्शन

ग्रीव्स ने न्यूजीलैंड में खेली गई टेस्ट सीरीज में 6 पारियों में 56.60 की औसत के साथ 283 रन बनाए थे। वह अपनी टीम की ओर से उस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट में नाबाद दोहरा शतक 202* लगाया था और मैच को ड्रॉ कराया था।

चीन में होने वाली स्पर्धा के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित

# एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे तूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता गोला फेंक (शॉट-पुट) खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर छह से आठ फरवरी तक चीन के तियानजिन में होने वाली 12वीं एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 18 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए तीन फरवरी को रवाना होगी। तूर के अलावा युवा गोला फेंक खिलाड़ी समरदीप सिंह गिल भी शामिल हैं।





### लंबी कूद और फर्राटा धावकों से लबरेज है टीम

लंबी कूद के खिलाड़ी शाहनवाज खान और त्रिकूद में अनुभवी खिलाड़ी प्रवीण चित्रवेल भी नए सत्र की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन) और मणिकांत होब्लिधर (60 मीटर) इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पुरुष टीम के अन्य प्रमुख खिलाड़ी हैं। देश की शीर्ष महिला फर्राटा धाविका नित्या गंधे और अभिनया राजाराजन 60 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि मौमिता मंडल महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ और लंबी कूद में भाग लेंगी।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

**पुरुष** : मणिकांत होबलीधर (60 मीटर), तेजस शिरसे (60 मीटर बाधा दौड़), जे आदर्श राम (ऊंची कूद), सीवी अनुराग और शाहनवाज खान (लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल (त्रिकूद), समरदीप सिंह गिल, तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन)।

**महिला** : नित्या गंधे, अभिनया राजराजन (60 मीटर), मौमिता मंडल और प्रज्ञान प्रशांति साहू (60 मीटर बाधा दौड़), पूजा (ऊंची कूद), एंसी सोजन और मौमिता मंडल (लंबी कूद), योगिता (शॉट पुट) और केए अनामिका (पेंटाथलॉन)।




जयशंकर ने कहा कि भारत का यूरोप के साथ रिश्ता सिर्फ ब्रसेल्स तक सीमित नहीं है बल्कि यूरोपीय संघ के अलग अलग देशों के साथ भी लगातार आगे बढ़ रहा है। ऐसे में छोटे समूहों में बातचीत करना भी जरूरी हो जाता है और यही इस बैठक का मकसद है

## वीमर प्रारूप बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# भारत का यूरोप के साथ जुड़ाव लगातार बढ़ रहा, वीमर देश इसमें अहम साझेदार


एजेंसी ▶▶ पेरिस

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पेरिस में भारत वीमर प्रारूप की पहली बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत के साथ पोलैंड, फ्रांस और जर्मनी के विदेश मंत्री भी शामिल हुए। पोलैंड की ओर से डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की, फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरोट और जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल मौजूद थे। डॉ. जयशंकर ने कहा कि यह पहली बार है जब भारत इस प्रारूप में शामिल हुआ है।

इस बैठक में तीन अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें पहला भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते। दूसरा इंडो पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति और तीसरा यूक्रेन से जुड़ा संघर्ष का मुद्दा।

**बैठक के मुद्दे**

- भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते
- इंडो पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति
- यूक्रेन से जुड़ा संघर्ष का मुद्दा


पेरिस में वीमर प्रारूप की पहली बैठक में चर्चा करते विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### आमंत्रण के लिए फ्रांस का आभार जताया

बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह नया प्रारूप भारत और यूरोप के बीच जुड़ाव को और मजबूत करेगा। उन्होंने बैठक के निमंत्रण के लिए फ्रांस के विदेश मंत्री बैरोट का आभार जताया। बता दें, वीमर प्लस समूह की स्थापना वीमर त्रिकोण (फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड) के विस्तार के रूप में की गई थी, जिसमें यूनाइटेड किंगडम, इटली, स्पेन और यूरोपीय आयोग को प्रतिभागियों के रूप में शामिल किया गया था, जिसमें विदेश मंत्री प्राथमिक प्रतिनिधियों के रूप में कार्य करते हैं।

### दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही

*जयशंकर ने कहा कि जैसे-जैसे सहयोग बढ़ता है, वैसे-वैसे छोटे समूहों में संवाद भी जरूरी हो जाता है ताकि व्यापक की दिशा को मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। पिछले कुछ वर्षों में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यह साफ दिखाई दिया है। यूरोप भी कई रणनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके अलावा, कुछ वैश्विक घटनाएं ऐसी हैं जो पूरी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नए सिरे से परिभाषित कर सकती हैं।*

### फ्रांस पुराना रणनीतिक साझेदार

*जयशंकर ने कहा कि फ्रांस यूरोप में भारत का सबसे पुराना रणनीतिक साझेदार है और दोनों देशों के संबंध बेहद खास हैं। द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही राष्ट्रपति मैक्रों का भारत में स्वागत किया जाएगा।*

### सहयोग के कई नए अवसर

*विदेश मंत्री ने कहा कि भले ही हम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में हों, लेकिन इसी वजह से विचारों का नियमित आदान-प्रदान और साझा आकलन बेहद जरूरी हो जाता है। भारत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संबंधों में यूरोपीय संघ और यूरोप के देशों के साथ संबंधों में सबसे अधिक विकास की संभावना है। इस क्षेत्र में अभी भी बहुत क्षमता मौजूद है और सहयोग के कई नए अवसर हैं। वीमर प्रारूप में शामिल तीनों यूरोपीय देश भारत के लिए महत्वपूर्ण भागीदार हैं। आपसी चर्चा भारत-यूरोप संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाने में मददगार साबित होगी।*

### दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही

*जयशंकर ने कहा कि बहुध्रुवीय दुनिया में अस्थिरता और अनिश्चितता गहरे सहयोग की जरूरत बढ़ाती है, और यही विचार इस बैठक की आधारशिला रहा है उन्होंने कहा कि दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। जो घटनाएं दुनिया को अस्थिर और अनिश्चित बनाती हैं, वही समान सोच वाले देशों के बीच गहरे सहयोग की जरूरत को भी मजबूत करती हैं। यही सोच इस बैठक की आधारशिला रही है।*

## अमेरिका ने भारत को दिया जोर का झटका...

**मामले पर बोला भारत, वर्तमान में आईएसए के हैं कुल 125 सदस्य, जो अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित हैं**

# अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस समेत 66 वैश्विक संगठनों ने कहा 'बॉय-बॉय'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ को 50 से 500 फीसदी तक करने के साथ ही अमेरिका से भारत के लिए एक और परेशानी बढ़ाने वाली जानकारी सामने आई है। जिसमें ये पता चला है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-फ्रांस की अगुवाई वाले अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस (आईएसए) सहित दुनिया के कुल 66 वैश्विक संगठनों से अमेरिका की भागीदारी को खत्म कर दिया है। बीते बुधवार को इस संबंध में उन्होंने एक आदेश (ज्ञापन) देने वाली घोषणा पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें यह कहा गया है कि आईएसए को मिलाकर यह तमाम अंतरराष्ट्रीय संगठन अमेरिका विरोधी होने के साथ ही बेकार और फिजूलखर्ची वाले हैं।

इसी के चलते अमेरिका को इनसे बाहर निकल जाना चाहिए। 66 संगठनों में 35 गैर-संयुक्त राष्ट्रीय निकाय और 31 संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से जुड़े हुए संगठन मुख्य रूप से शामिल हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि ये संगठन कट्टरपंथी जलवायु नीतियों, वैश्विक प्रशासन और उन वैचारिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देते हैं। अमेरिका की संप्रभुता और



आर्थिक ताकत के साथ टकराव में हैं। यह कदम उन वैश्विक संगठनों, समझौतों और संधियों की समीक्षा के बाद उठाया गया है। जिनमें या तो अमेरिका सदस्य के रूप में शामिल है या फिर उसकी भागीदारी एक पक्षकार के रूप में थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारत की तरफ से सूत्रों के हवाले से प्रतिक्रिया दी गई है। इन सबके बीच यूएन के प्रवक्ता ने कहा है कि उन्होंने अमेरिका से तरफ से लिए गए निर्णय और संबंधित सूची को देखा है। लेकिन वो अपनी प्रतिक्रिया अमेरिकी समय के मुताबिक गुरुवार (भारत का शुक्रवार) को देंगे।

### सदस्य देशों संग जारी आईएसए का कार्य

भारत में सूत्रों ने कहा कि सरकार ने मीडिया में मामले से जुड़ी खबरों पर ध्यान दिया है। जिनमें ये बताया गया है कि अमेरिका ने आईएसए सहित 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अपनी भागीदारी खत्म कर ली है। अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस में वर्तमान में सदस्यों और हस्ताक्षरकर्ता देशों की कुल संख्या 125 है और यह संगठन सदस्य देशों को सहयोग प्रदान करने के समान चुनौतियों के अपने लक्ष्यों पर संयुक्त रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है। जिसमें तमाम सदस्यों की आवश्यकताओं के मद्देनजर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना शामिल है। क्योंकि इसी से वैश्विक ऊर्जा पहुंच को प्राप्त किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि ये संगठन लगातार अपने सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा। खासतौर पर बहुत ही कम विकसित देशों और छोटे द्वीपीय विकासशील देशों के साथ आईएसए का कार्य जारी रहेगा। जिसमें सौर ऊर्जा के विकास और तैनाती, वित्त की व्यवस्था, क्षमता विकास और जोखिमों के विचारों को कम करना सबसे अहम है।

### रुकेगा करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग

अमेरिका का ये भी कहना है कि उसके इस कदम से देश के करदाताओं के पैसे के गलत इस्तेमाल पर भी रोक लगेगी। क्योंकि ये संगठन अमेरिका के हितों के खिलाफ अधिकतर वैश्विक एजेंडे को ही आगे बढ़ाते हुए नजर आते हैं। पिछले साल जनवरी में दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप लगातार यूएन से जुड़े संगठनों सहित अन्य में अमेरिका की भागीदारी को लगातार कम करते जा रहे हैं। इसके अलावा पूर्व में उन्होंने डब्ल्यूएचओ, पेरिस जलवायु समझौते से भी अमेरिका को बाहर निकालने की घोषणा भी की है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने ये साफ किया है कि इस बात को और अधिक समय तक स्वीकार नहीं किया जा सकता है कि इन संगठनों को देश की आम जनता की खून-पसीने की कमाई भेजी जाए और इसकी जगह पर ये कुछ खास नहीं कर रहे हैं। बड़ी तादाद में बिलियन के रूप में अमेरिकी डॉलर विदेशी हितों के लिए जा रहा है। जो किसी भी लिहाज से उचित नहीं है।

## तेल ले जा रहे रूस के जहाज मैरिनेरा को अमेरिका ने जब्त किया

# क्रू पर आपराधिक केस की दी चेतावनी रूस ने कहा- 'मानवीय' व्यवहार करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने रूस के जब्त जहाज मैरिनेरा पर सवार क्रू के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का दावा किया है। वहीं रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि वो अमेरिकी कर्मियों के जहाज पर सवार होने की खबरों पर करीब से नजर रखे हुए हैं।

मंत्रालय ने कहा, रूस ने अमेरिका से मांग की है कि वह टैंकर पर सवार रूसी नागरिकों के साथ मानवीय व्यवहार करे और उनके अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित करे और उन्हें जल्द से जल्द वापस घर भेजे। अमेरिका ने प्रतिबंधित वेनेजुएला-ईरान तेल ढोने वाले



मैरिनेरा टैंकर के क्रू पर आदेश उल्लंघन के आरोप में आपराधिक कार्रवाई और विस्तृत जांच की घोषणा की।

बता दें, अमेरिका ने बुधवार को वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले दो टैंकरों को पकड़ लिया। इसमें से एक रूस का जहाज मैरिनेरा है, जबकि दूसरे का नाम सोफिया है। सोफिया पर पनामा देश का झंडा है, लेकिन यह किस देश का है इसकी जानकारी नहीं है। ये दोनों जहाज कुछ घंटे के अंतराल पर पकड़े गए। अमेरिका ने रूसी झंडे वाला तेल टैंकर मैरिनेरा को उत्तरी अटलांटिक में जब्त किया, जबकि दूसरा जहाज कैरिबियन सी में पकड़ा गया।

### रूसी वरिष्ठ सांसद ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की दी धमकी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी नेता एलेक्सी जुरावलेव ने रूस के ध्वज वाले टैंकर के जब्त होने के बाद अमेरिका को सख्त चेतावनी दी और अमेरिकी जहाजों पर हमले और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की बात कही।

**भारत और लिकटेंस्टीन के बीच अहम बैठक**

# व्यापार, इनोवेशन, प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि उन्होंने लिकटेंस्टीन की डिप्टी पीएम और विदेश मामलों की मंत्री सबाइन मोनाउनी से दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से बातचीत की है। पीयूष गोयल ने 'एक्स' पर बताया कि बातचीत के दौरान व्यापार विस्तार, इनोवेशन और स्वच्छ प्रौद्योगिकी से जुड़े अवसरों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत-ईएफटीए टीईपीए के संचालन के बाद पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर भी विचार किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह एक अनोखी साझेदारी है, जिसमें भारत प्रतिभा, विशाल क्षमता और मजबूत मांग प्रदान करता है, जबकि लिकटेंस्टीन उच्च मूल्य वाले विनिर्माण और



विशिष्ट इंजीनियरिंग में योगदान देता है। इससे व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी प्रवाह को गति मिलने की व्यापक संभावनाएं हैं। भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) 1 अक्टूबर से आधिकारिक रूप से लागू होने जा रहा है। इस समझौते में स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन शामिल हैं। समझौते के तहत ईएफटीए देशों ने 15 वर्षों की अवधि में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे देश में लगभग 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

## एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए बोले वायुसेनाप्रमुख एपी सिंह

# एनसीसी के मूल्यों के साथ सदैव राष्ट्र सेवा में जुटे रहें युवा कैडेट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने गुरुवार को राजधानी के दिल्ली कैंट में लगाए गए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के मासिक गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने देश के अलग-अलग भागों से आए कोर के युवा कैडेटों को एनसीसी के मूल्यों के साथ हमेशा राष्ट्र की सेवा के अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और विभिन्न सरकारी पहलों को बढ़ावा देने में कोर के कैडेटों की सक्रिय भागीदारी की भी सराहना की। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि एयरचीफ मार्शल सिंह ने कैडेटों से राष्ट्रवाद को बनाए रखने और जीवन में कभी हार न मानने वाले दृष्टिकोण, रवैये के साथ निरंतर सुधार के लिए प्रयासरत रहने पर जोर दिया।



### देश का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन

उन्होंने कैडेटों के माध्यम से देश के युवाओं के प्रति अपना विश्वास जताते हुए राष्ट्र निर्माण, अनुशासन, देशभक्ति और मूल्यों से प्रेरित नागरिकों को तैयार करने में एनसीसी की भूमिका की सराहना की है। अपने संबोधन में वायुसेनाप्रमुख ने देशभर में कोर की मजबूत उपस्थिति के तथ्य पर भी प्रकाश डाला और कहा कि इसके जरिए यह 20 लाख से अधिक कैडेटों और 40 फीसदी छात्राओं वाला देश का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है। शिविर पहुंचने पर एयरचीफ मार्शल सिंह ने तीनों सशस्त्र सेनाओं के संयुक्त कैडेटों द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ आनर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने राजस्थान के पिलानी स्थित बिड़ला बालिका विद्यापीठ की छात्राओं के बैंड प्रदर्शन का जायजा लिया। विभिन्न सामाजिक जागरूकता विषयों पर एनसीसी के सभी 17 निदेशालयों के कैडेटों द्वारा तैयार किए गए फ्लैग एरिया और एनसीसी हॉल ऑफ फेम का भी उन्होंने दौरा किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109